{ विश्वास वही रफ्तार नई }

बालाघाट
सोमवार 12 जनवरी 2026
माघ कृष्ण 09 विक्रम सम्वत 2082
वर्ष 16, अंक 111
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00

पद्मेश मीडिया समूह का प्रकाशन

# बालाघाट एक्सप्रेस

हिन्दी दैनिक



आज राष्ट्रीय युवा दिवस है
12 जनवरी,स्वामी विवेकानंद का जन्मदिन.

/padmeshmedia /padmeshmedia epaper.balaghatexpress.in E-mail: balaghatexpress@gmail.com

## हाई अलर्ट पर तेहरान : ट्रंप की धमकी पर ईरान की दो टूक...

# हमला किया तो तीखा जवाब देंगे

## 217 की मौत के बाद अमेरिका हमले को तैयार

तेहरान, एजेंसी।

ईरान में बीते दो हफ्तों से सरकार विरोधी प्रदर्शन जारी हैं। इस बीच अमेरिकी अधिकारियों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को ईरान पर संभावित सैन्य हमलों के विकल्पों की ब्रीफिंग दी है। अगर ईरान सरकार प्रदर्शनकारियों पर कार्रवाई करती है तो ट्रम्प सैन्य कदम उठाने पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रपति ने अभी अंतिम फैसला नहीं लिया है। ट्रम्प ने शनिवार को सोशल मीडिया पर लिखा कि ईरान आजादी की ओर देख रहा है, जो पहले कभी नहीं हुआ। अमेरिका मदद के लिए तैयार है। दूसरी तरफ दावा किया जा रहा है कि राजधानी के सिर्फ छह अस्पतालों में कम से कम 217 प्रदर्शनकारियों की मौत दर्ज की गई है, जिनमें ज्यादातर की मौत गोली लगने से हुई हैं। अब तक 2600 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

ईरान की संसद के अध्यक्ष ने रविवार को चेतावनी दी कि अगर अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की धमकी पर इस्लामिक गणराज्य पर हमला करता है, तो अमेरिकी सेना और इस्राइल पर वैध निशाना होंगे। मोहम्मद बगेर कालिबाफ की टिप्पणियों से संकेत मिलता है कि उन्होंने ईरान पर हमले के बाद संभावित निशानों की सूची में इस्राइल को भी शामिल किया है। कट्टरपंथी नेता कालिबाफ ने यह धमकी तब दी जब ईरानी संसद में सांसद अमेरिका मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए मंच पर चढ़ गए। गौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के लिए अपनी योजना के बारे में एक बड़ा संकेत दिया है। अमेरिकी सेना ने रविवार को उन्हें ईरान पर हमले के संभावित विकल्पों के बारे में जानकारी दी। ईरान पर अमेरिकी हमले की आशंका लेकर इजराइल हाई अलर्ट पर है। इजराइली सूत्रों के हवाले से बताया है कि, हालात को देखते हुए इजराइली सुरक्षा एजेंसियां सतर्कता बढ़ाए हुए हैं। इजराइल और ईरान जून में 12 दिन की जंग लड़ चुके हैं, जिसमें अमेरिका ने इजराइल के साथ मिलकर हवाई हमले किए थे। शनिवार को इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के बीच फोन पर बातचीत हुई। रिपोर्ट के मुताबिक इस बातचीत में ईरान में अमेरिकी दखल की संभावना पर चर्चा हुई। अमेरिकी अधिकारी ने कॉल की पुष्टि की, लेकिन बातचीत के मुद्दों का खुलासा नहीं किया।




### क्राउन प्रिंस पहलवी ने सड़कों पर उतरने की अपील

ईरान के निर्वासित क्राउन प्रिंस रजा पहलवी ने देशभर में जारी प्रदर्शनों के बीच वीडियो संदेश जारी कर लोगों से सड़कों पर डटे रहने की अपील की है। उन्होंने लोगों से कहा कि वे दोस्तों और परिवार के साथ समूह में मुख्य सड़कों पर निकलें, भीड़ से अलग न हों और ऐसी गलियों में न जाएं, जहां जान को खतरा हो सकता है। उन्होंने दावा किया कि लगातार तीसरी रात हुए प्रदर्शनों से सुप्रीम लीडर खामेनेई का दमनकारी तंत्र कमजोर पड़ा है। पहलवी ने कहा कि उन्हें रिपोर्ट मिली हैं कि इस्लामी गणराज्य को प्रदर्शनकारियों से निपटने के लिए पर्याप्त सुरक्षा बल नहीं मिल पा रहे हैं। उनके मुताबिक, कई सुरक्षा कर्मियों ने अपने कार्यस्थल छोड़ दिए हैं और जनता के खिलाफ कार्रवाई के आदेश मानने से इनकार किया है। पहलवी ने अपने संदेश में कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने प्रदर्शनकारियों की मदद के लिए तैयार रहने की घोषणा की है।

### देश लौटने की तैयारी कर रहे रजा पहलवी

रजा पहलवी ने शनिवार को बताया था कि वह देश लौटकर चल रहे प्रदर्शनों में शामिल होंगे। 65 साल के रजा पहलवी करीब 50 साल से अमेरिका में निर्वासन में रह रहे हैं। शनिवार सुबह उन्होंने कहा कि वह अपने देश लौटने की तैयारी कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर किए गए एक पोस्ट में रजा पहलवी ने लिखा- मैं भी अपने देश लौटने की तैयारी कर रहा हूं ताकि हमारी राष्ट्रीय क्रांति की जीत के समय में आप सबके साथ, ईरान की महान जनता के बीच खड़ा रह सकूं। मुझे पूरा भरोसा है कि वह दिन अब बहुत करीब है।

### ईरान की अमेरिका और इजराइल को धमकी

ईरान ने अमेरिका की संभावित सैन्य कार्रवाई पर तीखी चेतावनी जारी की है। ईरानी संसद के स्पीकर मोहम्मद बगेर कलीबाफ ने कहा है कि अगर प्रदर्शनकारियों को लेकर अमेरिका ने ईरान पर हमला किया, तो अमेरिकी सेना और इजराइल दोनों ईरान के निशाने पर होंगे। यह पहला मौका है जब ईरानी नेतृत्व की ओर से संभावित जवाबी कार्रवाई में इजराइल को भी सीधे तौर पर निशाना बनाए जाने की बात कही गई है।

### प्रदर्शनकारियों को फांसी की धमकी

ईरान में बीते दो हफ्ते से सरकार विरोधी प्रदर्शन जारी हैं। इस बीच सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई ने प्रदर्शनकारियों के खिलाफ सख्त रुख अपना लिया है। ईरान के अटॉर्नी जनरल मोहम्मद मोवाहेदी आजाद ने चेतावनी दी है कि प्रदर्शन में शामिल लोगों को 'खुदा का दुश्मन' माना जाएगा, जिसके तहत मौत की सजा दी जा सकती है। ब्रिटेन की राजधानी लंदन में भी ईरानी दूतावास के बाहर प्रदर्शन हुए। इस दौरान एक प्रदर्शनकारी ने ईरानी दूतावास का इस्लामी गणराज्य का झंडा हटाकर 1979 की इस्लामी क्रांति से पहले इस्तेमाल होने वाला झंडा फहरा दिया। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में प्रदर्शनकारी ने शेर और सूरज के निशान वाला तिरंगा झंडा लगाया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, यह झंडा कई मिनट तक दूतावास पर लगा रहा, जिसके बाद उसे हटा दिया गया। यह झंडा ईरान में शाह के शासनकाल के दौरान इस्तेमाल किया जाता था। प्रदर्शन के दौरान 'डेमोक्रेसी फॉर ईरान' और 'फ्री ईरान' जैसे नारे लगे। लंदन पुलिस ने कहा कि झंडा हटाने की घटना के बाद सुरक्षा बढ़ा दी गई है, ताकि किसी भी तरह की अव्यवस्था रोकी जा सके और ईरानी दूतावास की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। पुलिस ने बताया कि मामले में 3 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि एक अन्य संदिग्ध की तलाश जारी है।

### खामेनेई ने ट्रम्प से कहा, पहले अपने देश को संभालें

ईरान में चल रहे सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बीच सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर तीखा हमला बोला है। ट्रंप द्वारा ईरानी प्रदर्शनकारियों के समर्थन के बाद खामेनेई ने साफ शब्दों में कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति को ईरान के आंतरिक मामलों में दखल देने के बजाय अपने देश की समस्याओं पर ध्यान देना चाहिए। खामेनेई ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर लिखा कि अमेरिकी राष्ट्रपति खुले तौर पर दंगाइयों का पक्ष ले रहे हैं और वे लोग अपनी उम्मीदें ट्रंप से लगाए बैठे हैं। उन्होंने कहा, 'अगर अमेरिकी राष्ट्रपति इतने सक्षम हैं, तो पहले अपने देश को संभालें। वहां खुद हालात खराब हैं।' यह बयान ऐसे समय आया है जब ट्रंप ने अपने प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा था कि अमेरिका ईरान के प्रदर्शनकारियों की मदद के लिए तैयार है और ईरान 'आज़ादी की ओर देख रहा है।'



ईरान में विरोध प्रदर्शन अब दूसरे हफ्ते में प्रवेश कर चुके हैं और इन्हें हाल के वर्षों में खामेनेई की सत्ता के लिए सबसे बड़ी चुनौती माना जा रहा है। इससे पहले भी खामेनेई अमेरिका पर आरोप लगा चुके हैं कि वह इन बड़े पैमाने पर हो रहे प्रदर्शनों के पीछे है। एक सार्वजनिक कार्यक्रम में खामेनेई ने कहा कि कुछ प्रदर्शनकारी केवल अमेरिकी राष्ट्रपति को खुश करने के लिए सरकारी संपत्तियों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। उन्होंने कहा, 'कुछ लोग देश को नुकसान पहुंचाने का काम कर रहे हैं ताकि अमेरिका के राष्ट्रपति को संतुष्ट किया जा सके।' इस बीच ट्रंप लगातार ईरानी प्रशासन को चेतावनी देते रहे हैं कि अगर प्रदर्शनकारियों पर बल प्रयोग हुआ तो इसके गंभीर नतीजे होंगे। उन्होंने सैन्य कार्रवाई की धमकी भी दी है, जिससे तेहरान और वॉशिंगटन के बीच तनाव और गहरा गया है।

## खास खबर

### ज्ञानवापी मस्जिद में वज़ूखाने की एएसआई सर्वे की मांग पर होगी सुनवाई

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट में वाराणसी के ज्ञानवापी मस्जिद में वज़ूखाने की एएसआई सर्वे की मांग में दायर अर्जी पर सुनवाई टल गई है। अब इस केस में 12 जनवरी को सुनवाई होगी। सोमवार को वैज्ञानिक सर्वे कराने की मांग को लेकर दाखिल राखी सिंह की पुनरीक्षण याचिका पर सुनवाई होनी थी। यह आदेश न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने सुप्रीम कोर्ट के स्थगनादेश के कारण सुनवाई टालते हुए दिया। राखी सिंह के अधिवक्ता सौरभ तिवारी ने कोर्ट को बताया कि 12 दिसंबर 2024 का स्थगन आदेश अब भी प्रभावी है। इस स्थगन आदेश में किसी भी न्यायालय को किसी भी तरह के अंतरिम या अंतिम सर्वे का निर्देश देने पर रोक लगाई गई है। आदेश को दी गई थी चुनौती = अंजुमन इंतजामिया मसाजिद की ओर से बताया गया कि ज्ञानवापी प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होनी है।

### इंस्टाग्राम के 1.75 करोड़ यूजर्स का डेटा लीक

नई दिल्ली। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम के 1.75 करोड़ से ज्यादा यूजर्स का पर्सनल डेटा लीक हो गया है। ये जानकारी साइबर क्रिमिनल्स के हाथ लग गई है। एंटीवायरस सॉफ्टवेयर फर्म मालवेयरबाइट्स की रिपोर्ट के मुताबिक लीक डेटा में यूजरनेम, घर का पता, फोन नंबर, ईमेल एड्रेस जैसी चीजें शामिल हैं। कंपनी ने कहा कि ये डेटा डार्क वेब पर बिक रहा है और इससे फिशिंग या अकाउंट हैकिंग जैसे खतरे बढ़ सकते हैं। मालवेयरबाइट्स ने अपने कस्टमर्स को ईमेल में बताया कि ये लीक उनकी रूटीन डार्क वेब स्कैन में पकड़ा गया। ये 2024 में इंस्टाग्राम के एप्लीकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस, जो ऐप्स को एक-दूसरे से कनेक्ट करता है से जुड़ा है। कंपनी ने कहा कि इस डेटा से साइबर क्रिमिनल्स यूजर्स को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

### गांव में हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग

जयपुर। जयपुर में एक हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग करवानी पड़ी। हेलिकॉप्टर जयपुर से भोपाल (मध्य प्रदेश) जा रहा था। प्राइवेट कंपनी के हेलिकॉप्टर में सवार पायलट और को-पायलट पूरी तरह सुरक्षित हैं और किसी प्रकार की क्षति नहीं हुई। घटना रविवार सुबह करीब 11 बजे की जयपुर ग्रामीण के रायसर के पास स्थित वामनवाटी गांव की है। एवन हेलिकॉप्टर कंपनी के डायरेक्टर सोहन सिंह नाथावत ने बताया- हेलिकॉप्टर देहरादून (उत्तराखंड) से शनिवार शाम 4:30 बजे जयपुर पहुंचा था। इसके बाद हेलिकॉप्टर में फ्यूल रिफ्यूलिंग की प्रक्रिया पूरी की गई।

## सोमनाथ स्वाभिमान पर्व

### हजार साल पहले भी अडिग था भारत, हजार साल बाद भी अजेय रहेगा

गिर सोमनाथ, एजेंसी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अरब सागर के तट पर विराजमान भगवान सोमनाथ के मंदिर पर विधर्मी आक्रांताओं के हमले के एक हजार वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' में शामिल होकर अजेय भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों का जयघोष किया। उन्होंने शौर्य सभा में बुलंद स्वर में कहा कि पिछले एक हजार वर्ष हमें आगामी दशकों तक भारत के भविष्य निर्माण की सीख देते हैं। सोमनाथ मंदिर केवल एक धार्मिक केंद्र नहीं है, बल्कि यह भारत की अडिग आस्था, स्वाभिमान और सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक भी है। सोमनाथ का इतिहास को भुलाने के प्रयास किया गया। इसका इतिहास विनाश और पराजय का नहीं, बल्कि विजय और पुनर्निर्माण का इतिहास है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि



सोमनाथ मंदिर पर हुए हमले से यह सीख मिलती है कि तलवार की नोक पर कभी किसी का दिल नहीं जीता जा सकता। जो सभ्यताएं दूसरों को मिलाकर आगे बढ़ना चाहती हैं, वे स्वयं समय में खो जाती हैं। मोदी ने कहा कि सृजन का मार्ग लंबा होता है, लेकिन वही स्थायी और चिरंजीव होता है।

सोमनाथ स्वाभिमान पर्व विध्वंस के स्मरण के लिए नहीं, बल्कि हजारों वर्षों की अडिग यात्रा एवं पुनर्निर्माण की यात्रा का उत्सव है। जिस प्रकार सोमनाथ पर लगातार आक्रमण हुए, उसी प्रकार, विदेशी आक्रांताओं द्वारा भारत को खत्म करने की लगातार कोशिशें होती रहीं। लेकिन, न तो सोमनाथ नष्ट हुआ, और न ही भारत। क्योंकि, भारत की आत्मा और उसकी आस्था के केंद्र अविनाशी हैं।

सोमनाथ स्वाभिमान पर्व समारोह में अपने दौरे के दूसरे दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भगवान सोमनाथ के समक्ष विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना की। इससे पूर्व, वे मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, उप मुख्यमंत्री हर्ष संघवी और मंत्री जीतू वाघाणी के साथ शौर्य यात्रा में शामिल हुए। 108 घोड़ों और केसरी साफाधारी घुड़सवारों की कूच के साथ निकली शौर्य यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री सहित महानुभावों ने पूरे मार्ग पर भक्तों का अभिवादन स्वीकार किया। देश की अस्मिता के प्रतीक सोमनाथ मंदिर की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीर हमीरजी और भग्न मंदिर का पुनर्निर्माण कराने वाले सरदार पटेल को पटांगण में स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।

### सोनिया गांधी अस्पताल से डिस्चार्ज

नई दिल्ली, एजेंसी।

कांग्रेस संसदीय दल की चेयरपर्सन सोनिया गांधी को अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। उन्हें 5 जनवरी 2026 को सीने में इन्फेक्शन की वजह से ब्रोंकियल अस्थमा बढ़ने के कारण सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सर गंगा राम अस्पताल के चेयरमैन डॉ. अजय स्वरूप ने बताया कि उन्होंने (सोनिया) इलाज पर अच्छी प्रतिक्रिया दी और



वे ठीक हो गई हैं। उन्हें शाम 5 बजे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई और घर पर आगे का इलाज जारी रखने की सलाह दी गई है। सोनिया गांधी को 5 जनवरी की रात करीब 10 बजे गंगा राम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्हें सांस लेने में थोड़ी दिक्कत हो रही थी। डॉक्टरों ने अपनी जांच में पाया कि उनका ब्रोंकियल अस्थमा हल्का बढ़ गया था। ठंड के मौसम और प्रदूषण की वजह से अस्थमा बढ़ा है। ऐहतियात के तौर पर उन्हें निगरानी के लिए अस्पताल में रखा गया। अस्पताल के चेयरमैन डॉक्टर अजय स्वरूप ने बताया कि उन्हें एंटीबायोटिक्स और कई सहायक दवाएं दी जा रही हैं।

### सिंहस्थ 2028 के लिए एमपी सरकार ने केंद्र से मांगे 20 हजार करोड़ रुपये

भोपाल, एजेंसी।

वर्ष 2028 में उज्जैन में आयोजित होने वाले सिंहस्थ महापर्व की तैयारियों के लिए मध्य प्रदेश सरकार ने केंद्र सरकार से 20 हजार करोड़ रुपये के विशेष वित्तीय पैकेज की मांग की है। यह मांग शनिवार को नई दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में आयोजित सभी राज्यों के वित्त मंत्रियों की प्री-बजट बैठक में रखी गई। मध्य प्रदेश की ओर से वित्त विभाग का प्रभार संभाल रहे उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने राज्य का पक्ष प्रस्तुत किया। उपमुख्यमंत्री देवड़ा ने कहा कि सिंहस्थ पर्व के दौरान देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु उज्जैन पहुंचते हैं और शिप्रा नदी में स्नान कर भगवान महाकाल के दर्शन करते हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार द्वारा उज्जैन एवं आसपास के क्षेत्रों में सड़कों, घाटों, पुल-पुलियों, यात्रियों के ठहरने की व्यवस्था, अस्पतालों तथा अन्य मूलभूत अधोसंरचना सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। वर्तमान में 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक के अधोसंरचना संबंधी कार्य स्वीकृत किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा बनाई गई नीतियों और कार्यक्रमों में मध्य प्रदेश पूरी क्षमता से योगदान देगा। बैठक में देवड़ा ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट के संदर्भ में प्रदेश की आर्थिक स्थिति, सकल घरेलू उत्पाद और वस्तु एवं सेवाकर से जुड़े तथ्यों से केंद्रीय वित्त मंत्री को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि राज्य के सकल घरेलू उत्पाद की औसत वार्षिक वृद्धि दर 10 प्रतिशत से अधिक बनी हुई है और पूंजीगत व्यय के लिए बजट में अधिक राशि की आवश्यकता है।

## कुछ ना कहना




### सरकार के आदेश के बाद एक्स ने 600 अकाउंट और 3500 पोस्ट किए डिलीट

#### प्लेटफॉर्म ने दिया आश्वासन अश्लील सामग्री पोस्ट करने की नहीं देगा इजाजत

नई दिल्ली, एजेंसी।

केंद्र सरकार के आदेश के बाद सोशल मीडिया एक्स ने कई यूजर्स पर एक्शन लिया है। एक्स ने 600 अकाउंट को डिलीट कर दिया है। साथ ही एक्स ने अपने प्लेटफॉर्म से 3500 से ज्यादा पोस्ट भी हटाए हैं। केंद्र सरकार ने एक्स पर मौजूद अश्लील सामग्री पर आपत्ति जताई थी, जिसके बाद एक्स ने यह कदम उठाया। एक्स ने सरकार को आश्वासन दिया कि वह इस प्लेटफॉर्म पर अश्लील सामग्री पोस्ट करने की इजाजत नहीं देगा और नियमों का पालन करेगा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक केंद्रीय सूचना प्रोद्योगिकी मंत्रालय ने एक्स के खिलाफ चेतावनी जारी की थी, जिसके एक हफ्ते बाद की ये कार्रवाई सामने आई है। केंद्रीय मंत्रालय ने ग्रोक पर एआई के दुरुपयोग और महिलाओं को अशोभनीय रूप से बदनाम करने के लिए अपमानजनक या अश्लील तरीके से उनकी तस्वीरें या वीडियो बनाने और साझा का आरोप लगाया है। मंत्रालय ने एक्स को चेतावनी दी थी कि 72 घंटे में पालन न करने पर कंपनी को कानूनी समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। बता दें एलन मस्क के प्लेटफॉर्म एक्स के एआई चैटबाट ग्रोक की ओर से महिलाओं और बच्चों की अश्लील तस्वीरें बनाने का आरोप है। इसे लेकर दुनिया भर की सरकारों ने चिंता जताई और ग्रोक की आलोचना की। इस सूची में भारत के अलावा फ्रांस, ब्राजील, मलेशिया और यूरोपियन यूनियन का नाम शामिल है।

### ईडी ने हाईकोर्ट में किया खुलासा : कोयला तस्करी की आय का गोवा चुनाव में हुआ इस्तेमाल

कोलकाता, एजेंसी।

पश्चिम बंगाल के कथित कोयला तस्करी मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कोलकाता उच्च न्यायालय में एक अत्यंत सनसनीखेज याचिका दायर की है। जांच एजेंसी का दावा है कि कोयला तस्करी के जरिए अर्जित अपराध की आय का एक बड़ा हिस्सा, जो लगभग 20 करोड़ रुपये बताया जा रहा है, हवाला के एक बेहद जटिल और गुप्त नेटवर्क के माध्यम से कोलकाता से गोवा भेजा गया था।

ईडी के अनुसार, इस विशाल धनराशि का उपयोग 2021-22 के गोवा विधानसभा चुनावों के दौरान राजनीतिक अभियानों और इवेंट मैनेजमेंट के कार्यों के लिए किया गया। यह पैसा कथित तौर पर एक प्रमुख राजनीतिक कंसल्टेंसी फर्म, इंडियन पॉलिटिकल एक्शन कमिटी के गोवा स्थित कार्यालय तक पहुंचा था। हालांकि, यह स्पष्ट किया गया है कि ये आरोप फिलहाल जांच के दायरे में हैं और अदालत में इनका कानूनी परीक्षण होना अभी बाकी है।

जांच एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक, इस अवैध धनराशि को पकड़ से बचाने के लिए छह अलग-अलग स्तरों पर हस्तांतरित किया गया ताकि कोई सीधा निशान न मिल सके। ईडी की गणना के अनुसार, पूरे कोयला तस्करी सिंडिकेट ने करीब 2,742 करोड़ रुपये की अवैध कमाई की है। इसी राशि में से 20 करोड़ रुपये के संदिग्ध लेन-देन का संबंध गोवा विधानसभा चुनाव के दौरान हुए खर्चों से जोड़ा जा रहा है। जांचकर्ताओं ने इस मनी ट्रेल की गहराई से पड़ताल की है, जिसकी कड़ी नई दिल्ली स्थित एक नॉन-बैंकिंग फाइनेंशियल सर्विसेज (एनबीएफसी) कंपनी के पूर्व निदेशक तक जा पहुंची है। आरोप है कि इसी पूर्व निदेशक ने 'मुन्ना' नामक एक बिचौलिए, से संपर्क किया, जिसने आगे हवाला नेटवर्क के अन्य सदस्यों को इस काम में जोड़ा। इस नेटवर्क के माध्यम से पैसा कोलकाता की एक हवाला फर्म के मैनेजर तक पहुंचा, जिसने जांच के दौरान यह स्वीकार किया है कि उसने गोवा में नकद डिलीवरी की व्यवस्था की थी। यह नकदी एक इवेंट मैनेजमेंट कंपनी के कर्मचारी को सौंपी गई थी, जो गोवा चुनावों के दौरान कंसल्टेंसी फर्म के लिए काम कर रहे थे। ईडी ने अदालत को जानकारी दी कि उस समय फर्म के सह-संस्थापक और निदेशक प्रतीक जैन गोवा में ऑपरेशंस की कमान संभाल रहे थे। इसी कड़ी को जोड़ते हुए 8 जनवरी को नई दिल्ली और कोलकाता में 10 अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी की गई, जिसमें प्रतीक जैन का आवास भी शामिल था।

# अंबेडकर चौक पर लगे नए सिग्नलों का हुआ ट्रायल, शुरूआत की प्रतीक्षा

## शहर की यातायात व्यवस्था सुधारने की कवायद, काली पुतली चौक के पुराने सिग्नल बने शोपीस

सिटी रिपोर्टर।
पद्मेश न्यूज। बालाघाट।

**नगर पालिका द्वारा शहर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से अंबेडकर चौक पर कालीपुतली और हनुमान चौक की तर्ज पर आधुनिक ट्रैफिक सिग्नल स्थापित कर दिए गए हैं। इन सिग्नलों का ट्रायल भी लिया जा चुका है, जिन्हें शीघ्र ही नियमित रूप से शुरू किए जाने की बात नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा कही जा रही है। इसी क्रम में नगर पालिका ने यह भी जानकारी दी है कि कालीपुतली चौक पर पूर्व में लगाए गए ट्रैफिक सिग्नलों को हटाकर उनके स्थान पर नए सिग्नल लगाए जाएंगे। कालीपुतली चौक में लगाए गए सिग्नल महज ही कुछ महीनों के भीतर बंद हो गए थे और उसके बाद से आज तक वे वर्षों से वहां सिर्फ शोपीस बनकर लगे हुए हैं, जिससे यातायात व्यवस्था को कोई वास्तविक लाभ नहीं मिल पा रहा था। नगर पालिका का कहना है कि नए सिगनलों के संचालन से प्रमुख चौराहों पर यातायात नियंत्रण बेहतर होगा और आम नागरिकों को जाम की समस्या से राहत मिलेगी। लेकिन अब यह भी देखना होगा कि आखिर यह लगाए गए नए सिग्नल कब तक प्रभावशाली रहते हैं नही टो पुराने सिगनलों की तरह यह भी शोपीस बन जाते हैं।**



शहर में लगातार बिगड़ती यातायात व्यवस्था को पटरी पर लाने के उद्देश्य से पुलिस विभाग और नगर पालिका ने मिलकर प्रमुख चौक-चौराहों पर ट्रैफिक सिग्नल लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसी क्रम में नगर पालिका द्वारा लाखों रुपये की लागत से शहर के अंबेडकर चौक पर नए यातायात सिग्नल स्थापित कर दिए गए हैं। 11 जनवरी को दोपहर 12 बजे से 1 बजे के बीच इन सिग्नलों की विधिवत टेस्टिंग की गई। जैसे ही सिग्नल चालू हुए, चौक के चारों ओर से आने वाले वाहन चालकों ने संकेतों का पालन करना शुरू कर दिया। वाहन चालक सिग्नल के अनुसार रुकते और आगे बढ़ते नजर आए, जिससे कुछ समय के लिए चौक पर यातायात व्यवस्था व्यवस्थित दिखाई दी। हालांकि नगर पालिका के कर्मचारियों ने इसे केवल ट्रायल बताते हुए फिलहाल सामान्य आवागमन जारी रखने की अपील की। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष भारती ठाकुर भी मौके पर पहुंचीं और सिग्नल ट्रायल का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि सिग्नलों के सफल परीक्षण के बाद जल्द ही इन्हें नियमित रूप से शुरू किया जाएगा, ताकि यातायात को नियंत्रित किया जा सके। कुछ वर्ष पूर्व भी नगर पालिका द्वारा काली पुतली चौक और हनुमान चौक पर लाखों रुपये खर्च कर ट्रैफिक सिग्नल लगाए गए थे, लेकिन वे केवल कुछ दिनों तक ही संचालित हो सके। इसके बाद सिग्नल पूरी तरह बंद हो गए और आज तक उनका उपयोग नहीं हो पाया। इतना ही नहीं, इन सिग्नलों को पुलिस विभाग को हैंडओवर भी नहीं किया गया, जिसके चलते वे वर्षों से शोपीस बनकर खड़े हैं। अब नगर पालिका का कहना है कि पुराने सिग्नलों की मरम्मत में अत्यधिक खर्च आ रहा है, इसलिए उन्हें हटाकर नए सिग्नल लगाए जाएंगे। इसी रणनीति के तहत काली पुतली चौक से पुराने सिग्नलों को हटाने की प्रक्रिया शीघ्र शुरू किए जाने की तैयारी है। अब यह बड़ा सवाल बना हुआ है कि अंबेडकर चौक पर लगाए गए नए सिग्नलों का नियमित संचालन कौन करेगा और क्या इन्हें पुलिस विभाग को सौंपा जाएगा या नहीं। नागरिकों में यह भी चर्चा है कि कहीं ये नए सिग्नल भी पूर्व की तरह कुछ समय बाद निष्क्रिय होकर शोपीस न बन जाएं। फिलहाल अवंती बाई चौक से लेकर अंबेडकर चौक सहित अन्य प्रमुख चौराहों पर नए सिग्नल लगाने को लेकर कोई स्पष्ट और सार्वजनिक रणनीति सामने नहीं आई है। लेकिन काली पुतली चौक के सिग्नलों को हटाकर नए सिग्नल लगाने की योजना नगर पालिका द्वारा लगभग तय मानी जा रही है। अब देखना यह होगा कि नगर पालिका और पुलिस विभाग के बीच बेहतर समन्वय से शहर की यातायात व्यवस्था वास्तव में सुधर पाती है या नहीं।

### सिग्नलों को एक सप्ताह के भीतर हैंडओवर कर दिया जाएगा - भारती

नगर पालिका अध्यक्ष भारती ठाकुर ने अनौपचारिक चर्चा के दौरान शहर में लगाए गए नए ट्रैफिक सिग्नलों को लेकर बताया कि अंबेडकर चौक पर स्थापित किए गए नए ट्रैफिक सिग्नलों को लगभग एक सप्ताह के भीतर यातायात पुलिस विभाग को हैंडओवर कर दिया जाएगा, ताकि उनका नियमित संचालन और निगरानी सुचारु रूप से की जा सके। सिग्नलों का ट्रायल लिया जा रहा है और तकनीकी रूप से इन्हें शुरू करने की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने यह भी बताया कि कालीपुतली चौक पर लंबे समय से बंद पड़े ट्रैफिक सिग्नलों को हटाने की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी। लगाए गए सिग्नल के स्थान पर नए और आधुनिक ट्रैफिक सिग्नल लगाए जाएंगे, जिससे इस व्यस्त चौराहे पर यातायात नियंत्रण प्रभावी रूप से किया जा सके। नगर पालिका अध्यक्ष भारती ठाकुर ने कहा कि नगर पालिका का प्रयास है कि शहर की यातायात व्यवस्था सुव्यवस्थित और सुरक्षित बने। उन्होंने स्पष्ट किया कि शहरवासियों को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए सभी आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि नए सिग्नलों के संचालन से जाम की समस्या कम होगी और दुर्घटनाओं पर भी नियंत्रण लगाया जा सकेगा।

# देर रात तक जारी रहता है रोमांच का सिलसिला

## जैन प्रीमियर लीग सीजन-3 में रोजाना चार मुकाबलों का आयोजन

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** जैन प्रीमियर लीग (जेपीएल) सीजन-3 की शुरुआत 9 जनवरी से स्थानीय उत्कृष्ट विद्यालय के खेल मैदान में हो चुकी है। टूर्नामेंट के आगाज के साथ ही क्रिकेट प्रेमियों के लिए लगातार रोमांचक मुकाबलों का सिलसिला शुरू हो गया है। 10 जनवरी से प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से लेकर देर रात तक चार-चार मुकाबले खेले जा रहे हैं। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रतिदिन होने वाले मुकाबलों में देर रात तक मैच कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए सभी टीमें और खिलाड़ी पूरे जोश के साथ मैदान में उतर रहे हैं। मैदान पर केवल क्रिकेट मुकाबले ही नहीं, बल्कि



अन्य सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियों का भी आयोजन किया जा रहा है। समाज के लोगों के साथ-साथ शहर के अन्य वर्गों के नागरिक भी बड़ी संख्या में आयोजन स्थल पर पहुंचकर देर रात तक क्रिकेट और कार्यक्रमों का भरपूर आनंद ले रहे हैं। इसी क्रम में 10 जनवरी को भी दोपहर 3 बजे से चार मुकाबले खेले गए, जिनका रोमांच देर रात तक दर्शकों को बांधे रखे रहा। मुकाबलों के दौरान खिलाड़ियों के बेहतरीन प्रदर्शन ने मैचों को दिलचस्प बना दिया। जैन प्रीमियर लीग सीजनङ्क3 के अंतर्गत 10 जनवरी को स्थानीय उत्कृष्ट विद्यालय के खेल मैदान में चार रोमांचक मुकाबले खेले गए। दोपहर 3 बजे से शुरू हुए ये मैच देर रात तक चले, जिनमें खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। पहला मुकाबला वारासिवनी सुराना वॉरियर्स और शीतल लक्ज़रिया के बीच खेला गया। इस मुकाबले में शीतल लक्ज़रिया की टीम ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए जीत अपने नाम की। इसके बाद दूसरा मुकाबला केसर एग्रो और जैन राइडर्स के बीच हुआ, जिसमें जैन राइडर्स ने सधी हुई रणनीति और दमदार प्रदर्शन के साथ विजय हासिल की। तीसरे मुकाबले में कलर्स एमपी-50 का सामना सिंघई शाइनिंग स्टार्स से हुआ। इस मैच में सिंघई शाइनिंग स्टार्स ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। रात्रि का चौथा मैच बिग बुल इलेवन और राइजिंग अशोका इलेवन के बीच खेला गया, जिसमें राइजिंग अशोका इलेवन ने मुकाबला अपने पक्ष में कर लिया। 11 जनवरी को भी चार मुकाबले देर रात तक चलते रहे जिसमे समाचार लिखे जाने तक इन मुकाबलों के परिणाम नही आया था। खेले गए मैच इस प्रकार रहे से थे पहला मैच अर्पण सुपर किंग्स बनाम कलर्स एमपी-50, वारासिवनी सुराना वॉरियर्स बनाम पद्मेश पैंथर्स, अरिहंत लायंस बनाम बिग बुल इलेवन, केसर एग्रो जायंट्स बनाम डी.आर. राइडर्स के बीच हुये ।

### आज होंगे ये मुकाबले

12 जनवरी को भी क्रिकेट प्रेमियों को एक से बढ़कर एक रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे। निर्धारित मैच इस प्रकार से खेले जायेंगें, जिसमे जैन राइडर्स बनाम राइजिंग अशोका, अरिहंत लायंस बनाम केसर एग्रो जायंट्स,अर्पण सुपर किंग्स बनाम वारासिवनी सुराना वॉरियर्स, शीतल लक्ज़रिया बनाम सिंघई शाइनिंग स्टार्स, कलर्स एमपी-50 बनाम पद्मेश पैंथर्स रहेंगें ,जैन प्रीमियर लीग सीजन-3 के मुकाबले लगातार रोमांचक मोड़ ले रहे हैं। खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन के चलते दर्शकों में उत्सुकता बनी हुई है और आगामी मैचों को लेकर क्रिकेट

# आदिवासी अधिकारी कर्मचारी संगठन (अकास) का वार्षिक मिलन समारोह संपन्न

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** रविवार को नगर के वारासिवनी रोड स्थित रानी दुर्गावती भवन में आदिवासी अधिकारी कर्मचारी संगठन (अकास) का मिलन समारोह का आयोजन किया गया। रविवार दोपहर आयोजित इस मिलन समारोह के दौरान जहां एक ओर बच्चों व बड़ों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं संपन्न कराई गई, तो वही मंची कार्यक्रमों के तहत समाज की एकता अखंडता आपसी




भाईचारे का पैगाम भी दिया गया।वही कार्यक्रम के दौरान सामाजिक विषयों पर परिचर्चा का भी आयोजन कर विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम की शुरुवात महापुरुषों के छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर की गई।जिसके उपरांत अतिथियों के मंच आगमन पर स्वागत गीत प्रस्तुत किए गए। इसके उपरांत बच्चों व बड़ों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें कुर्सी दौड़, जलेबी दौड़, गीत संगीत, नृत्य, अभिनय मंचन आदि प्रतियोगिताएं संपन्न कराई गई। तो वही प्रतियोगिता के बाद सामाजिक विषयो पर परिचर्चा आयोजित की गई। जिसमें उपस्थित पदाधिकारियो ने समाज संगठन को मजबूत बनाने, शिक्षा के स्तर को और अधिक ऊंचा करने, सबको मिलजुल कर साथ रहने, संगठन के विस्तार, समाज की कुरीतियों को नष्ट करने और सभी को मिलजुल कर साथ रहकर,एक दूसरे का सहयोग कर समाज संगठन को ऊंचा उठाने की बात कही।आयोजित कार्यक्रम के दौरान अपर कलेक्टर जीएस धुर्वे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे, जबकि जनजातीय सहायक आयुक्त श्रीमती शकुंतला डामोर विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुईं।वही रेशम सिंह धुर्वे, विभागीय उच्च अधिकारी वन विभाग, और डॉ घनश्याम परतें भी उपस्थित थे। समारोह में आदिवासी कर्मचारियों और अधिकारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने विचार साझा किए।कार्यक्रम की अध्यक्षता अकास संगठन के जिला अध्यक्ष डॉ शैलेन्द्र भलावे ने की, जबकि उपाध्यक्ष विष्णु मर्सकोले,महिला उपाध्यक्ष सरिता मरावी, महासचिव रमा टेकाम,चंद्र किशोर कोकड़ी, अनिल टेकाम, और अशोक कोहराम, विनय धुर्वे, कोषाध्यक्ष सम्पत सिंह उइके, सचिव केसी नाननवरे, गणेश मरावी, सहित अन्य पदाधिकारी सदस्य व सामाजिक बंधु प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# लोधी समाज ने एकता और संस्कारों का दिया संदेश, युवक-युवती परिचय सम्मेलन का भव्य आयोजन

## रानी अवंती बाई मंगल भवन में जुटा समाज, मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल रहे मुख्य अतिथि

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** सामाजिक वैवाहिक संबंधों की संभावनाओं को अतिथियों ने समाज की संगठित शक्ति, आपसी समरसता को मजबूत करने, पारिवारिक समन्वय बढ़ाने और समाज के युवक-युवतियों को सशक्त भविष्य की दिशा देने के उद्देश्य से लोधी समाज द्वारा युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं सामाजिक मिलन समारोह का भव्य आयोजन रविवार 11 जनवरी 2026 को किया गया। यह कार्यक्रम अमर शहीद वीरांगना रानी अवंती बाई मंगल भवन, गायखुरी बालाघाट में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें जिले भर से समाजजन बड़ी संख्या में शामिल हुए।



### मंच पर आकर विवाह योग्य युवक युवतियों ने दिया परिचय

कार्यक्रम का शुभारंभ अमर शहीद वीरांगना रानी अवंती बाई के छायाचित्र पर माल्यार्पण के साथ किया गया। इसके पश्चात सरस्वती वंदना और वीरगाथा गीतों की प्रस्तुति के माध्यम से वीरांगना के अदम्य साहस, त्याग और बलिदान को नमन किया गया। प्रारंभ से ही कार्यक्रम में सामाजिक गौरव और प्रेरणा का भाव दिखाई दिया।अतिथियों के स्वागत एवं अभिनंदन के उपरांत युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया, जो पूरे आयोजन का केंद्र बिंदु रहा।इस मंच के माध्यम से समाज के योग्य, शिक्षित और संस्कारित युवक-युवतियों को अपनी जानकारी प्रस्तुत करने का अवसर मिला, जिससे सामाजिक समन्वय के साथ-साथ सकारात्मक दिशा देने का प्रयास किया गया।

### विभिन्न क्षेत्र प्रतिभा रखने वालों को किया गया सम्मानित

समारोह के दौरान पुरस्कार वितरण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया,जिसमें शिक्षा, खेल, समाजसेवा, प्रशासन सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले प्रतिभाशाली युवक-युवतियों और समाज के सक्रिय कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। इस सम्मान से समाज के युवाओं में उत्साह और प्रेरणा का संचार हुआ।

### वक्ताओं ने किया समाज संगठन को मजबूत बनाने का आव्हान

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम विभाग मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता बालाघाट विधायक अनुभा मुंजारे ने की। अपने संबोधन में सहयोग और युवाओं को संस्कारों के साथ आगे बढ़ने की आवश्यकता पर बल दिया।प्रमुख अतिथियों में लांजी विधायक राजकुमार कर्राहे, एस.के. गिरीया (प्रदेश अध्यक्ष), आलोक (चीफ इंजीनियर, एमपीईबी), उदय सिंह नगपुरे (पूर्व अध्यक्ष, जिला सहकारी बैंक बालाघाट) सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक व्यक्तित्व उपस्थित रहे। समाज के वरिष्ठजनों और विशिष्ट अतिथियों की सहभागिता ने आयोजन की गरिमा को और बढ़ाया।

इस भव्य आयोजन की समस्त व्यवस्थाएं संगठन अध्यक्ष राजेश नगपुरे के नेतृत्व में संपन्न हुईं। उपाध्यक्ष लोधी राजेश खजरे, श्रीराम बोहने, संदीप पिछोड़े, महासचिव लीलाधर सुलाखे, सचिव दुर्गा सौलखे, कोषाध्यक्ष सी.डी. नगपुरे, सहसचिव अजय बसने, मीडिया प्रभारी हरीश लिल्हारे, शौकत बिसाने, देवेंद्र रनगिरे सहित अन्य पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भूमिका निभाते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया।

कार्यालय ग्राम पंचायत खैरगाँव
जनपद पंचायत बालाघाट जिला बालाघाट(म. प्र.)
क्रमांक/क्यू दिनाक - 10/01/2026
निविदा
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत खैरगॉव मे वित्तीय वर्ष 2026 -27 मे सांसद /विधायक निधि ,गौण खनिज, मनरेगा, 5वॉ वित्त आयोग ,15वॉ वित्त आयोग ,14वॉ वित्त आयोग , सर्व शिक्षा,स्वच्छ भारत मिशन,पर फारमेंस ग्रांट,करारोपण,जनपद स्तर/जिला स्तर व अन्य मदो से विभिन्न वित्तीय कार्य किया जाना है। जिसके लिए सामग्री लोहा, सीमेंट, ईट, 20mm 40mm गिट्टी, गिट्टा, मुरुम, मिट्टी, परिवहन, रेत, PVC पाइप, सीमेंट पाइप, सेंटिग, पालीथीन, तार, कील, बोल्डर, मिक्सर मशीन, वायबरेटर, रोलर,नल सामग्री ,सीट,टाइल्स आदि हेतु दिनाक 10/01/2026 से 15 /01 /2026 तक बंद लिफाफे मे निविदा आमंत्रित है। इच्छुक ठेकेदार कार्यालयीन समय मे आकर कार्यालय मे निविदा जमा कर सकते है। निविदा के संबंध मे विस्तृत जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय के सूचना पटल पर देखी जा सकती है,निविदा के संबंध मे अंतिम निर्णय ग्राम पंचायत का होगा।
सरपंच श्री प्रहलाद वासनिक
उपसरपंच श्री जय किशन हरदे
सचिव श्री राजेन्द्र उके
सहायक सचिव श्री दुर्गेश बाहेश्वर
एवं समस्त पंचगण खैरगांव

# कटंगी चेकपोस्ट पर दो ट्रकों से 66 हजार किलो से अधिक धान जब्त, जांच जारी

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** खरीफ उपार्जन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत पंजीकृत किसानों से धान उपार्जन की अंतिम तिथि 20 जनवरी 2026 निर्धारित की गई है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए कटंगी थाना क्षेत्र अंतर्गत वन विभाग के नहलेसर्रा कटंगी चेकपोस्ट/बैरियर पर अन्य राज्यों एवं जिलों से आने वाले धान से लदे वाहनों की सघन जांच की जा रही है। जांच के दौरान चेकपोस्ट पर दो ट्रक भारी मात्रा में धान परिवहन करते हुए पकड़े गए। पहला ट्रक क्रमांक BR01GH8142, जिसमें 30 हजार 575 किलोग्राम मोटा धान लोड पाया गया, जिसे चालक मुन्ना सिंह द्वारा परिवहन किया जा रहा था। वहीं दूसरा ट्रक क्रमांक MH40CT1703, जिसमें 35 हजार 435 किलोग्राम मोटा धान लोड पाया गया, जिसे चालक ईसाम मोहम्मद चला रहा था। दोनों ट्रक जिले की राइस मिलों की ओर जा रहे थे। दस्तावेजों की जांच में धान उपार्जन केंद्रों में अनाधिकृत रूप से विक्रय किए जाने की आशंका व्यक्त की गई। इस पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कटंगी के मौखिक निर्देशानुसार दोनों ट्रकों को धान सहित नहलेसर्रा वनोपज जांच चौकी पर खड़ा कराकर अभिरक्षा में लिया गया है। प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि कलेक्टर बालाघाट एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कटंगी के आगामी निर्देश प्राप्त होने के बाद ही धान से लदे इन ट्रकों को अभिरक्षा से मुक्त किए जाने की कार्यवाही की जाएगी।

# खेलो एमपी यूथ गेम का ट्रायल आज से 15 तक

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** खेलो एमपी यूथ गेम ब्लॉक युवा समन्वयक संतोष पारधी ने प्रेसविज्ञप्ति जारी कर बताया कि संचनालय खेल एवं कल्याण विभाग भोपाल, जिला प्रशासन, जिला खेल अधिकारी खेल एवं कल्याण विभाग बालाघाट राहुल बरेसा के मार्गदर्शन में सभी विकासखंड में खेलो एम पी ट्रायल का आयोजन किया गया है।जिसके तहत विकासखंड कटंगी में अनु विभागीय अधिकारी कटंगी ,विकासखंड शिक्षा अधिकारी और राजा भोज महाविद्यालय प्राचार्य के मार्गदर्शन से खेलो एमपी यूथ गेम का ट्रायल 12 से 15 जनवरी के बीच होगा।जो बोनकट्टा में प्रशिक्षक सोनू सावलकर वॉलीबॉल खेल, तिरोड़ी में फुटबॉल खेल प्रशिक्षक जितेंद्र अहिरवार के नेतृत्व में राजा भोज महाविद्यालय में आयोजित होगा।जिंसमे विभिन्न खेल का ट्रायल लिया जाएगा।इसमे ,कबड्डी, बैडमिंटन, शतरंज, दौड़ 100 मीटर 200 मीटर 400 मीटर 800 मी 1000 मीटर 1500 मी 3000 मी लॉन्ग जंप ,हाई जंप गोला फेक भला फेक, योगा, आदि का ट्रायल होंगा।उन्होंने विज्ञप्ति के माध्यम से उक्त खेल के सभी खिलाडियों से ट्रायल में भाग लेने संपर्क करने की अपील की है। पंजीयनकी प्रक्रिया ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करने तथा खेल विभाग द्वारा चयन फॉर्म और खेलो एमपी यूथ गेम के फॉर्म से होगी।बताया गया कि 2006 और 2007 के ही खिलाड़ी भाग ले सकेंगे विभिन्न खेलों में उम्र अलग-अलग निर्धारित की गई है।जिसका प्रमाण भी प्रतिभागी खिलाडियों से फार्म के साथ जमा करने को कहा गया है।

प्लाट बेचना है
सरेखा बायपास हेल्थ केयर क्लिनिक के पास 2622 वर्गफुट 20 फिट चौड़ी डबल रोड गौमुखी प्लाट बेचना है
संपर्क-8319680132

बारबेड वायर (कांटेदार तार) एवं चेन लिंक जाली उचित दाम पर उपलब्ध
लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध
निर्माता
तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स
मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट
फोन:- 07632-243531
मो:- 8989976858, 9425139998

## न्यूज गैलरी

## डोंगरिया में स्कूल बंद रहने की शिकायत करने पर शिक्षक ने उपसरपंच से की मारपीट

### प्राथमिक शाला डोंगरिया का मामला, बिरसा पुलिस ने दर्ज किया अपराध

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** बिरसा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डोंगरिया की शासकीय प्राथमिक शाला में स्कूल बंद मिलने की शिकायत करना गांव के उपसरपंच को महंगा पड़ गया। आरोप है कि शिकायत से नाराज एक शिक्षक ने उपसरपंच के साथ न केवल मारपीट की, बल्कि दोबारा स्कूल प्रांगण में दिखाई देने पर जान से मारने की धमकी भी दी। मामले में बिरसा पुलिस ने आरोपी अनिल सोनेकर शिक्षक प्राथमिक शाला जगला थानां बिरसा के विरुद्ध मारपीट एवं धमकी देने का अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रमोद पटले ग्राम डोंगरिया निवासी है और वे इसी ग्राम के उपसरपंच हैं। जानकारी के मुताबिक 10 जनवरी को सुबह करीब 10:30 बजे उपसरपंच प्रमोद पटले घूमते हुए अपने गांव की शासकीय प्राथमिक शाला डोंगरिया पहुंचे थे। करीब 10:35 बजे स्कूल में ताला लगा मिला, जबकि बच्चे स्कूल परिसर में मौजूद थे। इस स्थिति को देखते हुए उपसरपंच ने पालक-शिक्षक संघ के अध्यक्ष धनीराम यादव, ग्रामवासी प्रकाश निर्मलकर सहित अन्य ग्रामीणों को फोन कर स्कूल बंद होने की जानकारी दी।इसके बाद पालक-शिक्षक संघ के अध्यक्ष धनीराम यादव, प्रकाश निर्मलकर, धनुष यादव व गिर्वेश पटले स्कूल प्रांगण पहुंचे। उपसरपंच प्रमोद पटले ने मामले की सूचना बीआरसी (ब्लॉक रिसोर्स कोऑर्डिनेटर) को भी दी। बीआरसी के निर्देश पर उन्होंने अपने मोबाइल से स्कूल और बच्चों का वीडियो बनाकर बीआरसी को भेजा।

करीब 10:42 बजे प्राथमिक शाला डोंगरिया की शिक्षिका पुष्पलता सोनेकर मौके पर पहुंचीं और बताया कि वह स्कूल की चाबी भूल गयी हु यह कहकर वह मिडिल स्कूल तरफ चली गई। जिसके बाद करीब 11 बजे शिक्षिका पुष्पलता सोनेकर के पति अनिल सोनेकर, जो शासकीय प्राथमिक शाला जगला में पदस्थ शिक्षक हैं, स्कूल परिसर पहुंचे। उन्होंने उपसरपंच प्रमोद पटले से उनका नाम पूछा और जैसे ही प्रमोद पटले ने अपना परिचय दिया, आरोपी शिक्षक अनिल सोनेकर ने उनके साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान शिक्षक अनिल सोनेकर ने उपसरपंच प्रमोद पटले को अश्लील गालियां देते हुये बोले की तुम्हे स्कूल परिसर में आने का कोई अधिकार नहीं है। साथ ही दोबारा स्कूल प्रांगण में दिखाई देने पर जान से मारने की धमकी दी गई। वहां उपस्थित लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। इसके बाद उपसरपंच प्रमोद पटले अपने साथियों के साथ बिरसा थाना पहुंचे और घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई।

बिरसा पुलिस ने फरियादी उपसरपंच प्रमोद पटले की शिकायत पर आरोपी शिक्षक अनिल सोनेकर के विरुद्ध मारपीट एवं जान से मारने की धमकी देने के आरोप में भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। पुलिस द्वारा मामले की विवेचना की जा रही है।

# बिलासपुर और बालाघाट के बीच खेला गया शुभारंभ मैच; बालाघाट 5-0 गोल से पराजित

### टूर्नामेंट का कैबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह ने किया शुभारंभ, 51वी ऑल इण्डिया स्वर्ण कप हॉकी टूर्नामेंट, आज विभिन्न टीमो के बीच खेले जाएंगे 4 मैच





सिटी रिपोर्टर।
पद्मेश न्यूज। बालाघाट।

**रविवार को नगर के शहीद चन्द्रशेखर आजाद एस्टोटर्फ मैदान में 51 वीं नारायणसिंह मेमोरियल ऑल इण्डिया स्वर्ण कप हॉकी टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया।नेहरू सपोर्टिंग क्लब और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस टूर्नामेंट का शुभारंभ कैबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल द्वारा हॉकी से गेंद ग्राउण्ड में मारकर किया गया।वही टूर्नामेंट का शुभारंभ मैच बालाघाट बनाम बिलासपुर के बीच खेला गया। इसमें बिलासपुर की टीम ने शुरूवात से ही आक्रामक खेल का प्रदर्शन कर बालाघाट को 5-0 गोल से एकतरफा हराकर यह मैच अपने नाम कर लिया। शुभारंभ कार्यक्रम में अध्यक्षता बालाघाट-सिवनी सांसद श्रीमती भारती पारधी, विशिष्ट अतिथि बालाघाट विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे, कटंगी विधायक गौरव पारधी, लांजी विधायक राजकुमार कर्राहे, नपाध्यक्ष श्रीमती भारती सुरजीतसिंह ठाकुर उपस्थित रहे। इस अवसर पर कलेक्टर मृणाल मीणा, पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा, नेहरू सपोर्टिंग क्लब अध्यक्ष किरण भाई त्रिवेदी, हॉकी म.प्र के उपाध्यक्ष विजय वर्मा, रमेश रंगलानी, अभय सेठिया, ऋषभदास वैद्य सहित अन्य पदाधिकारी भी शामिल रहे।**

### इंफाल सहित ये टीमें मैदान में दिखाएगी जलवा

ऑल इण्डिया हॉकी टूर्नामेंट में इस वर्ष देश के बेहतरीन टीमें शामिल हो रही है। इस वर्ष पहली बार इम्फाल की टीम प्रतियोगिता में सहभागिता कर रही है।इसके अलावा राऊरकेरा, जालंधर, इटावा, बेंगलुरू, कर्नाटक, उड़ीसा सहित अन्य राज्य की टीम शामिल होकर बेहतर खेल का प्रदर्शन करेंगे। टूर्नामेंट का समापन 17 जनवरी को फाईनल मैच के साथ भव्य रूप से किया जाएंगा।

### इन 4 टीमो के बीच, मुकाबला आज

टूर्नामेंट के दूसरे दिन 12 जनवरी सोमवार को 4 मैच खेले जाएंगे। इसमें पहला मैच सुबह 11 बजे से बिलासपुर रेल्वे बनाम आरेंज सिटी नागपुर,के मध्य खेला जाएगा, तो वही दूसरा मैच 12:30 बजे से एसईआर कलकत्ता बनाम बिलासपुर एकेडमी के मध्य होगा, वह दिन का तीसरा मैच 2 बजे से कैनरा बैंक बैगलुरू बनाम सिवनी के बीच तो वही 3:30 बजे से चौथ मैच सेफई इटावा बनाम राजनादगांव के बीच खेला जाएगा। इस अवसर पर आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने खेल प्रेमी दर्शकों से अधिकाधिक उपस्थिति की अपील की है।

### सरकार खेल गतिविधियों व खिलाड़ियों को कर रही प्रोत्साहित- पटेल

इस दौरान कैबिनेट मंत्री प्रहलादसिंह पटेल ने कहा कि जिले में काफी सालो से टर्फ मैदान की मांग थी जो बनकर पूर्ण हुआ। टर्फ में आज टूर्नामेंट हो रहे है ये जिले की जनता के लिये काफी गर्व की बात है। हॉकी भारत की पहचान है। सरकार खेल गतिविधियों को आगे बढ़ाने व खिलाडियों को प्रोत्साहित करने पूरा सहयोग कर रही है। समय समय पर विभिन्न खेलों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने आयोजन समिति को इतने लंबे वर्षो से इस टूर्नामेंट का सफल संचालन करने बधाई देते हुये सभी खिलाडियों के भी सफलता की कामना की है।

### सभी के सहयोग से हो रहा आयोजन- त्रिवेदी

इस अवसर पर नेहरू सपोर्टिंग क्लब के अध्यक्ष किरण भाई त्रिवेदी ने कहा कि खेल गतिविधियों को आगे बढ़ाने समय-समय पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इसमें प्रशासन के साथ साथ सभी का भरपूर सहयोग मिल रहा है।आगामी समय मे इसे और भी अधिक भव्य बनाने का प्रयास किया जाएगा।

### टर्फ मैदान बन जाने से अब बड़ी-बड़ी टीमें शामिल होगी- मीणा

इस दौरान कलेक्टर मृणाल मीणा ने कहा कि आज से स्वर्ण कप अखिल भारतीय हॉकी टूर्नामेंट का शुभारंभ बालाघाट व बिलासपुर की टीम के मध्य मैच से हुआ है। उन्होंने कहा कि टर्फ मैदान बन जाने से अब बड़ी-बड़ी टीमें शामिल होगी। टर्फ मैदान में दर्शकों व खिलाडियों के लिये और भी बेहतर सुविधा करने का प्रयास किया जाएगा।

# ओपन नेशनल कराते चैंपियनशिप का नगर में हुआ भव्य शुभारंभ

### दो दिवसीय प्रतियोगिता में सात राज्यों के 375 खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** गुरुकुल कराते अकादमी द्वारा यूनाइटेड शोतोकान कराते एसोसिएशन इंडिया (यूएसके इंडिया) के सहयोग से रविवार को नगर के एक लॉन में ओपन नेशनल कराते चैंपियनशिप 2026 का भव्य शुभारंभ किया गया।यह दो दिवसीय राष्टीय स्तर की प्रतियोगिता 12 जनवरी तक आयोजित की जाएगी, जिसका समापन समारोह 12 जनवरी को पुस्कार वितरण के साथ किया जाएगा।प्रतियोगिता के पहले दिन खिलाड़ियों में उत्साह और खेल भावना देखने को मिली। दर्शकों ने भी रोमांचक मुकाबलों का आनंद लिया। आयोजकों के अनुसार दूसरे दिन फाइनल मुकाबलों के साथ प्रतियोगिता का भव्य समापन किया जाएगा।बताया गया कि बालाघाट में आयोजित इस दो दिवसीय चैंपियनशिप से चयनित खिलाड़ी आगामी 7 एवं 8 फरवरी 2026 को हैदराबाद में आयोजित इंटरनेशनल कराते प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे।



### प्रतियोगिता का समापन समापन आज

इस प्रतिष्ठित आयोजन का नेतृत्व सेंसई आकाश झा, आयोजन सचिव एवं यूएसके मध्यप्रदेश प्रतिनिधि द्वारा किया जा रहा है। वहीं शिहान वरुण पांडेय, जनरल सेक्रेटरी यूएसके इंडिया ने प्रतियोगिता की विस्तृत जानकारी साझा की।सोमवार को प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बालाघाट-सिवनी सांसद भारती पारधी उपस्थित रहेंगी। विशेष अतिथियों में पिछड़ा वर्ग आयोग सदस्य मौसम बिसेन, विधायक गौरव पारधी, नगर पालिका अध्यक्ष भारती सुरजीत ठाकुर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजा लिल्हारे, नेहरू स्पोर्टिंग क्लब अध्यक्ष किरण भाई त्रिवेदी, नगर पालिका उपाध्यक्ष योगेश बिसेन, भाजयुमो पूर्व जिला अध्यक्ष गजेंद्र भारद्वाज एवं सामाजिक कार्यकर्ता हितेश अजीत सहित अनेक गणमान्य नागरिक शामिल होंगे।

### प्रतियोगिता में 7 राज्यो से आए खिलाड़ी हुए शामिल- आकाश झा

प्रदेश सचिव आकाश झा ने बताया कि इस राष्टीय प्रतियोगिता में देश के 7 राज्यों से आए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने भाग लिया है, जिनमें छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र एवं बिहार शामिल हैं। प्रतियोगिता में बालक-बालिकाओं सहित विभिन्न आयु एवं वजन वर्ग के खिलाड़ी अपनी कराते कला का प्रदर्शन कर रहे हैं।

### इंटरनेशनल प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का किया जाएगा चयन- पांडेय

यूएसके इंडिया के जनरल सेक्रेटरी शिहान वरुण पांडेय ने जानकारी देते हुए बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य नवीन, उभरते एवं आर्थिक रूप से कमजोर खिलाड़ियों को राष्ट्रीय मंच प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में लगभग 375 खिलाडियों ने हिस्सा लिया हैं।प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी आगामी 7 एवं 8 फरवरी 2026 को हैदराबाद में आयोजित इंटरनेशनल कराते प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# मरार माली महासभा का युवक-युवती परिचय सम्मेलन सम्पन्न

### 1 सैकड़ा से अधिक युवक-युवतियों ने दिया अपना परिचय

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** रविवार को नगर के माता सावित्री बाई फुले कन्या छात्रावास में मरारमाली महासभा का यूवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। महिला प्रकोष्ठ एवं स्व सहायता महिला समूह द्वारा दोपहर 12 बजे से आयोजित इस कार्यक्रम में एक सैकडा से अधिक यूवक-युवतियों ने अपना परिचय दिया।कार्यक्रम शुभारंभ के मौके पर महात्मा ज्योतिबा फुले एवं माता सावित्री फुले की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात सुमित्रा मानेश्वर द्वारा स्वागत गीत एवं सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। तत्पश्चात महिला प्रकोष्ठ की डाली कावरे द्वारा प्रस्तावना प्रस्तुत की गई।अतिथियों के उदबोधन पश्चात यूवक युवती परिचय सम्मेलन प्रारंभ हुआ। जिसमें समाज के विवाह योग्य युवक युवतियों ने बारी बारी से मंच पर आकर अपना परिचय दिया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में रामकिशोर कावरे, प्रदेशाध्यक्ष मरारमाली महासभा सहित जिला अध्यक्ष झामसिंह नागेश्वर, उपाध्यक्षद्धय डा.शिव प्रसाद कावरे, डा. धनीराम नागेश्वर, प्रदेश कोषाध्यक्ष सनतराम पांचे, यूवा प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष सुरेश पंचेश्वर, व्यवसायिक प्रकोष्ठ अध्यक्ष खुशाल पांचे, नगर अध्यक्ष तिलक कावरे, जिला महामंत्री श्याम मात्रे, यूवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष कमलेश, कर्मचारी प्रकोष्ठ बालचंद मानेश्वर, व्यवसाय प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष दीपक पंचेश्वर आदि उपस्थित रहे। वही यह संपूर्ण कार्यक्रम प्रदेश संयोजक श्रीमती पुष्पा नागेश्वर, महिला प्रकोष्ठ की प्रदेशाध्यक्ष डाली कावरे, जिलाध्यक्ष अनुराधा बाहे तथा विशेष अतिथि श्रीमती सरिता दांदरे अध्यक्ष नगरपालिका परिषद वारासिवनी की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।



### 18 को बरघाट में होंगा प्रदेश स्तरीय सम्मेलन

आयोजकों ने बताया कि इस दौरान सौ से अधिक युवक युवतियों ने अपना परिचय दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन ओमेश्वरी मात्रे एवं श्रीमती संजना मात्रे ने किया। जिन युवक युवतियों ने अपना परिचय दिया है उनके नामों तथा अन्य जानकारियों को सूचीबद्ध करके बुकलेट का रूप दिया जा रहा है और उक्त बुकलेट का विमोचन आगामी 18 जनवरी को बरघाट में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में किया जावेगा। बताया गया है कि प्रदेश स्तरीय सम्मेलन 18 फरवरी को बरघाट में आयोजित होगा। जिसमें युवक युवतियों की जानकारी वाली बुकलेट निःशुल्क बांटी जावेगी। कार्यक्रम में अतिथियों ने समाज के उत्थान के लिये अपने-अपने विचार रखे। उन्होने कहा कि सामाजिक एकता और सदभावना से ही समाज का संपूर्ण विकास हो सकता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में मरारमाली समाज के ब्लाक अध्यक्षो योगेन्द्र मात्रे कटंगी, कैलाश मात्रे लालबर्रा, मानिक पांचे लांजी, हिम्मतलाल गढवंशी किरनापुर, ढालसिंह चौधरी बिरसा सहित पवन बाहेश्वर एवं कपिल बाहेश्वर का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# खैरलांजी थाना क्षेत्र से दो बालिग युवतियां घर से लापता

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। जिले के खैरलांजी थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में रहने वाली दो बालिग लड़कियाँ अपने परिवारों को बताए बिना घर से लापता हो गई हैं। इनमें से एक निरंजना उर्फ भूरी (24 वर्ष), पुत्री पतिराम सहारे, ग्राम कटोरी और दूसरी ज्योति (18 वर्ष), पुत्री भुमेश्वर लिल्हारे, ग्राम डोंगरिया (झ) हैं। खैरलांजी पुलिस ने दोनों के संबंध में गुम इंसान का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, ज्योति लिल्हारे का परिवार खेती-किसानी करता है और घर में पांच बच्चे हैं। ज्योति सबसे छोटी बेटी हैं और कक्षा 11वीं तक पढ़ाई कर चुकी हैं।25 दिसंबर को सुबह 8 बजे ज्योति के माता-पिता और एक अन्य बेटी खेत पर गए थे, जबकि बड़ी बेटी मजदूरी पर गई थी। घर में ज्योति अकेली थी। शाम तक जब परिवार लौटा, तो ज्योति घर में नहीं थी। पड़ोसियों से पूछताछ करने पर पता चला कि वह 12:30 बजे बैग लेकर नवेगांव रोड की ओर जाते हुए देखी गई थी। उसका मोबाइल बंद बताया गया। परिवार ने रिश्तेदारों और गांव में भी खोज की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। 9 जनवरी को पिता ने खैरलांजी पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस ने गुम इंसान 2/20/26 दर्ज कर ज्योति की तलाश शुरू कर दी। वह कत्थई रंग का सलवार-सूट पहने और गोरे रंग की है, गोल चेहरे वाली है।इसी तरह, निरंजना उर्फ भूरी सहारे का परिवार मजदूरी करता है। घर में तीन बच्चे हैं और निरंजना सबसे छोटी बेटी हैं। उन्होंने कक्षा 2 तक पढ़ाई की है और घर में घरेलू कामकाज करती थी। 10 जनवरी को सुबह 8 बजे निरंजना का पिता बकरी चराने गए, माँ फुलचूर तेरहवी के कार्यक्रम में गई और भाई और भाभी किसी काम से बाहर थे। घर मे निरंजना अकेली थी।जब परिवार शाम 5 बजे लौटा तो निरंजना घर में नहीं थी। पड़ोसियों और रिश्तेदारों से पूछताछ के बाद भी उसका कोई पता नहीं चला। वह 4 फीट लंबी, गेहुआ रंग की और काले रंग का सलवार-सूट पहने थी। जिसके पिता ने 11 जनवरी को खैरलांजी पुलिस थाने में अपनी बेटी के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस ने गुम इंसान 3/2026 दर्ज कर निरंजना की खोज शुरू कर दी है।खैरलांजी पुलिस ने जिलेवासियों से अपील की है कि यदि किसी ने लड़कियों का कोई सुराग देखा हो तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।

## आमगांव में गद्दार कहने पर दोस्त ने की मारपीट, युवक घायल

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** नवेगांव ग्रामीण थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम आमगांव में गद्दार कहने एक युवक ने अपने दोस्त पिटाई कर दी मारपीट में घायल युवक आदित्य पिता बाबूलाल चौराहे 23 वर्ष ग्राम आमगांव निवासी को उपचार के लिए जिला अस्पताल बालाघाट में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक आदित्य चोरे खेती-मजदूरी का कार्य करता है घटना 10 जनवरी की बताई जा रही है। बताया गया कि 10 जनवरी को आदित्य चौरे अपने दोस्त रमाकांत के साथ मोटरसाइकिल से बिरयानी खाने गया था। बिरयानी खाने के बाद आदित्य ने रमाकांत को उसके घर छोड़ दिया और इसके बाद वह खेत की ओर चला गया। खेत से लौटते समय आमगांव की गोलाई के पास उसकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर गिर गई। घटना के बाद आदित्य ने अपने दोस्त रमाकांत को मौके पर बुलाया और उससे अनुरोध किया कि वह इस बात की जानकारी उसके घरवालों को न दे। आरोप है कि इसके बावजूद रमाकांत ने आदित्य के घर पर इस घटना की जानकारी दे दी, जिससे आदित्य चौरे नाराज हो गया और उसने रमाकांत को गद्दार कह दिया। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद बढ़ गया। बताया गया कि रमाकांत इस शब्द से आक्रोशित हो गया और उसने आदित्य चौरे के साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट कर दी, साथ ही नाखून से खरोंच भी मारी।घटना के दौरान ग्रामीणों ने बीच-बचाव किया। मारपीट में घायल आदित्य चौरे को 108 एंबुलेंस की सहायता से जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार जारी है।सूचना मिलने पर जिला अस्पताल पुलिस चौकी द्वारा घायल आदित्य चौरे का बयान दर्ज किया गया तथा अस्पताल तहरीर अग्रिम कार्रवाई के लिए संबंधित थाना नवेगांव ग्रामीण भेज दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# आस-पास की खबरें

## बस स्टैंड पहुंचकर पुराने साथियों से मिले पंचायत मंत्री प्रहलादसिंह पटेल

पद्मेश न्यूज। लालबर्रा। राजनीति की व्यस्तताओं के बीच मानवीय रिश्तों और पुरानी दोस्ती की एक आत्मीय झलक रविवार को नगर मुख्यालय के हृदय स्थल बस



स्टैंड पर देखने को मिली। जिले के विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने पहुंचे मध्य प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलादसिंह पटेल ने प्रोटोकॉल और सुरक्षा घेरे में रहने के बाद भी अपने पुराने साथियों के बीच पहुंचकर सभी को चौंका दिया। रविवार का दिन बस स्टैंड लालबर्रा के लिए उस समय खास हो गया जब पंचायत मंत्री श्री पटेल का काफिला वह रूक गया और उन्होंने अपने पुराने परिचितों और साथियों को देखते ही गाड़ी रूकवाई और उनसे मिलने पहुंच गये। इस दौरान पंचायत मंत्री श्री पटेल अग्रवाल मिष्ठान दुकान पहुंचकर दुकान संचालक सहित अपने पुराने परिचित एवं कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनसे सौजन्य भेंट कर उनकी हाल-चाल जाना। वहीं पंचायत मंत्री एवं लालबर्रा क्षेत्र के लोगों की यह मुलाकात केवल औपचारिकताओं तक सीमित नहीं रही। मंत्री श्री पटेल ने अपने साथियों के स्वास्थ्य के बारे में विस्तार से जानकारी ली और परिवार का हाल जाना। इसके साथ ही एक जिम्मेदार जनप्रतिनिधि के नाते उन्होंने क्षेत्र की जनसमस्याओं पर भी चर्चा की और स्थानीय मुद्दों एवं विकास कार्यों की स्थिति से उन्हें अवगत कराया। इस अवसर पर नगर के वरिष्ठजन एवं जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## लालबर्रा में आप का म.प्र. जोड़ो अभियान कार्यक्रम 15 को

**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** नगर मुख्यालय के बालाघाट रोड़ स्थित लॉन में आम आदमी पार्टी के द्वारा 15 जनवरी को दोपहर 1 बजे से म.प्र. जोड़ो अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। चर्चा में आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी रामचंद्र सिहोरे ने बताया कि दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री, म.प्र. प्रभारी जितेन्द्र सिंग तोमर जी के निर्देशानुसार घोषित समूचे म.प्र. में 54 मेंबर्स की अध्यक्षता में आम आदमी पार्टी का म.प्र. जोड़ो अभियान कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आगामी 15 जनवरी को बालाघाट रोड़ लालबर्रा स्थित लॉन में पूर्व प्रदेश सचिव इंद्र विक्रमसिंह के विशेष उपस्थिति में म.प्र. जोड़ो अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। श्री सिहोरे ने बताया कि इस कार्यक्रम में धान के 3100 रूपये प्रति क्विंटल में खरीदने के लिए किसानों को हक और अधिकारों का आंदोलन, सिंचाई हेतु 10 घंटे बिजली आपूर्ति, युवा बेरोजगारों, पंचायतों के अधिकार और स्थानीय समस्याओं पर सरकार का ध्यानाकर्षण करने एवं पार्टी के आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की जायेगी। इस अवसर पर पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील श्री सिहोरे ने की है।







भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा खमरिया से निलजी माइनर नहर का लाइनिंग कार्य

# निर्माण के एक साल के अंदर ही उखड़ने लगी सीमेंट की परत, खेतों में नही पहुंच रहा पानी

### क्षतिग्रस्त स्थान का मरम्मत, अधुरे कार्य को जल्द पूर्ण करने और निर्माण कार्य की जांच कर जिम्मेदारों पर कार्यवाही करने की उठी मांग

पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।

**नगर मुख्यालय से लगभग 8 किमी दूर ग्राम पंचायत निलजी के समीप से गुजरी सर्राटी जलाशय खमरिया-निलजी माइनर नहर का लाइनिंग कार्य सरकारी दावों और गुणवत्ता की पोल खोल रहा है। वहीं लाखों रूपयों की लागत से किया गया नहर का लाईनिंग कार्य निर्माण के एक साल के अंदर ही क्षतिग्रस्त होने लगा है। स्थिति यह है कि निर्माण कंपनी के द्वारा बिछाई गई सीमेंट की परते उखड़ने लगी है। साथ ही कुछ स्थानों पर नहर के बीच से आने-जाने के लिए पुल निर्माण के लिए जगह छोड़ा गया था उक्त स्थान पर अब तक पुल का निर्माण भी नही किया गया है। जिसके कारण आने-जाने वाले लोगों को खासा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही सीमेंट की परत उखड़ जाने से किसानों के खेतों तक पानी भी नहीं पहुंच पा रहा है जिससे वर्तमान में रबी सीजन में लगी गेंहू, अलसी सहित अन्य फसले प्रभावित हो रही है। इस तरह निर्माण के एक साल के अंदर ही लाखों रूपयों की लागत से सीमेन्टीकरण लाईनिंग कार्य खराब होने से शासन की राशि का दुरूपयोग और विभागीय अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे है। वहीं ठेकेदार की लापरवाही के कारण खमरिया-निलजी माइनर नहर भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है, जिससे किसानों में आक्रोश व्याप्त है। वहीं ग्रामीण एवं किसानों ने शासन-प्रशासन से सर्राटी जलाशय से निकली खमरिया-निलजी माइनर नहर के क्षतिग्रस्त नहर का मरम्मत एवं अधुरे कार्य को जल्द पूर्ण करवाकर निर्माण कार्य की जांच कर दोषियों पर कठोर कार्यवाही करने की मांग की है।**

#### गुणवत्ता को ताक पर रखकर हुआ निर्माण

सर्राटी जलाशय माइनर नहर से खमरिया होते हुए निलजी माइनर नहर निकाली है और इस नहर के माध्यम से दर्जनों ग्रामों के किसानों के खेतों तक पानी पहुंचता था। लेकिन नहर जीर्णशीर्ण हो जाने के कारण पानी नही पहुंचने पर किसानों की फसले प्रभावित हो जाती थी। इसलिए किसानों के द्वारा इस माइनर नहर का सीमेंटीकरण कार्य करवाने की मांग शासन-प्रशासन से की थी। जिसके बाद शासन से राशि स्वीकृत होने के बाद लाखों रूपयों की लागत से खमरिया से निलजी माइनर नहर का करीब एक वर्ष पूर्व सीमेंटीकरण कार्य किया गया है। लेकिन निर्माण के एक साल के अंदर है नहर के अंदर की सीमेन्ट की परत उखड़ने लगी है एवं जगह-जगह से दरारे आ चुकी है। जिसके कारण किसानों के खेतों तक पानी नही पहुंच पा रहा है। साथ ही कुछ स्थानों पर पुल निर्माण किया जाना था उसे भी निर्माण कंपनी के द्वारा अधुरा छोड़ दिया गया है। इस तरह से निर्माण कंपनी के द्वारा खमरिया से निलजी माइनर नहर का गुणवत्ताहीन कार्य करवाया गया है। जिससे ग्रामीणजन एवं किसानों में भारी आक्रोश व्याप्त है। वहीं क्षेत्रीय किसानों का आरोप है कि नहर के लाइनिंग कार्य में निर्माण एजेंसी और ठेकेदार द्वारा भारी लापरवाही बरती गई है। साथ ही घटिया सामग्री का उपयोग किये जाने के कारण नहर की दीवारें और सीमेंट की परते कुछ माह बाद ही दरकने लगी हैं, यानि की दरारे आने लगी है। ग्रामीणों ने बताया कि निर्माण कार्य अभी पूरी तरह समाप्त भी नहीं हुआ है और जगह-जगह से सीमेन्ट की परत उखड़कर बाहर आ गई है। इस तरह से भ्रष्टाचार का आलम यह है कि बिना किसी ठोस मजबूती के सिर्फ औपचारिकता पूरी करने के लिए सीमेंट का लेप लगाया गया है जो कुछ सालों में ही पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो जायेगी। जबकि किसानों को लाभ पहुंचाने की मंशा से लाखों रूपयों की लागत सीमेन्टीकरण नहर का निर्माण गुणवत्ताहीन किया गया है। जिसके कारण निर्माण के एक साल के अंदर ही नहर क्षतिग्रस्त होने लगी है इसलिए जिला प्रशासन से मांग है कि अधुरे कार्य एवं क्षतिग्रस्त नहर का मरम्मत कार्य करवाये एवं निर्माण की जांच कर ठेकेदार पर वैधानिक कार्यवाही की जाये।

#### अधुरा निर्माण हुआ है - कुंवरलाल

कुंवरलाल टेकाम ने बताया कि एक वर्ष पूर्व नहर का सीमेन्टीकरण लाइनिंग कार्य किया गया है परंतु गुणवत्तापूर्ण लाइनिंग कार्य नहीं होने के कारण नहर जगह जगत टूटने-फूटने लगी है। साथ ही जहां पुलिया का निर्माण होना था वहां पुलिया का भी निर्माण नहीं किया गया इस तरह से अधुरा निर्माण किया गया है, जिसके कारण आने-जाने में परेशानी हो रही है। साथ ही यह भी बताया कि जब से नहर का निर्माण हुआ है उसके बाद से पानी तक नही पहुंचा है खेतों तक क्योंकि सही तरीके से निर्माण नही किया गया है।



#### घटिया निर्माण किया गया है - फिरोज

निलजी सरपंच फिरोज खान ने बताया कि नहर के लाइनिंग कार्य के समय अधिकारियों के द्वारा निर्माण कार्य की सही तरीके से मॉनिटरिंग नहीं की गई थी। जिसके कारण ठेकेदार के द्वारा लापरवाही बरतते हुए निर्माण कार्य घटिया तरीके से करके चले गये है और निर्माण के कुछ महीनों बाद ही सीमेन्ट की परत उखड़ने लगी है एवं किसानों के खेतों तक पानी नही पहुंच पा रहा है। साथ ही निर्माण कार्य अधुरा छोड़ने के साथ ही किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाने के लिए पाइप व फाल का निर्माण भी नहीं किया गया है जिससे किसानों में आक्रोश व्याप्त है। श्री खान ने बताया कि वर्तमान में रबी की फसल लगी हुई है जिन्हें नहर के माध्यम से पानी नहीं मिल पा रहा है, किसानों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। इस तरह से निर्माण कार्य में ठेकेदार ने घटिया निर्माण किया गया है इसलिए जिला प्रशासन से मांग है कि निर्माण कार्य की जांच कर दोषियों पर कठोर कार्यवाही करें एवं क्षतिग्रस्त नहर का मरम्मत एवं अधुरे कार्य को जल्द पूरा करवाये।



## माइक्रो लिफ्ट एरिगेशन प्रोजेक्ट के 33 केव्ही लाईन विस्तार कार्य के लिए क्षेत्र में 8 घंटे बिजली रही गुल

### विद्युत से चलने वाले व्यापार हुए प्रभावित, लोगों को हुई परेशानी

**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** लालबर्रा क्षेत्र में माइक्रो लिप्ट एरिगेशन प्रोजेक्ट के लिए 33 केव्ही लाईन का विस्तार किया जा रहा है। जिसके लिए बघोली रोड़ स्थित 132 केव्ही पावर हाउस से निकलने वाले 33 केव्ही के समस्त फीडर की सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक बिजली ठप्प रही। यानि की माइक्रो लिफ्ट एरिगेशन प्रोजेक्ट के कार्य के चलते दिनभर बिजली गुल रहने से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इस तरह से रविवार को सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक करीब 8 घंटे बिजली गुल रहने से बिजली से संबंधित तमाम घरेलु और व्यावसायिक कार्य पुरी तरह से प्रभावित हुए। जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। विद्युत विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार बघोली रोड़ स्थित 132 केव्ही पावर हाउस से निकलने वाले 33 केव्ही लाईन का विस्तार कार्य किया जाना था। इस कार्य के लिए 11 जनवरी को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक शटडाउन घोषित किया गया था। हालांकि काम की अधिकता और तकनीकी कारणों के चलते बिजली शाम 6 बजे के बाद ही बहाल हो पाई है।



#### ये क्षेत्र और पावर हाउस रहे प्रभावित

विद्युत विभाग के द्वारा रविवार को लाइन विस्तार कार्य किया गया है। जिसके कारण मुख्य रूप से तीन बड़े पावर हाउस प्रभावित रहे। जिनमें 33 केव्ही लालबर्रा, 33 केव्ही लामता, 33 केव्ही नेवरगांव ला शामिल है। इसके अंतर्गत आने वाले 33/11 केव्ही उपकेंद्र लालबर्रा, खमरिया और नेवरगांव ला से जुड़े लगभग सभी गांवों की सप्लाई बंद रही। रविवार का दिन होने के कारण लोग घरों में थे, लेकिन बिजली न होने से पानी की मोटर, मोबाइल चार्जिंग और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का उपयोग नहीं कर पाये। वहीं विद्युत विभाग के कर्मचारी सुबह से ही लाइन विस्तार के कार्य में जुटे रहे। विभाग का लक्ष्य शाम 4 बजे तक काम पूरा करने का था, लेकिन कार्य में हुई देरी के कारण शाम 6 बजे सप्लाई शुरू हो पाई। इस तरह से करीब 8 घंटे इंतजार के बाद शाम 6 बजे बिजली आई जिसके बाद क्षेत्रीयजनों ने राहत की सांस ली। विभाग के अधिकारियों का कहना है कि यह विस्तार कार्य कृषि सिंचाई योजना (माइक्रो लिफ्ट एरिगेशन प्रोजेक्ट) को सुदृढ़ करने के लिए आवश्यक था, जिससे भविष्य में किसानों को बेहतर लाभ मिलेगा।

# कबड्डी, व्हॉलीवॉल, खो-खो और अन्य खेल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

### खेलो एमपी यूथ गेम्स के विकासखण्ड स्तरीय चयन ट्रायल शुरू

**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** म.प्र. शासन के खेल और युवा कल्याण विभाग के तत्वाधान में युवाओं में खेल प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से खेलो एमपी यूथ गेम्स का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला खेल अधिकारी राहुल बारेसा के मार्गदर्शन में नगर मुख्यालय स्थित सांदीपनी स्कूल खेल मैदान में 11 जनवरी को विकासखण्ड स्तरीय चयन ट्रायल प्रतियोगिता की प्रक्रिया शुरू की गई है और यह चयन ट्रायल 15 जनवरी तक जारी रहेगी। इस विकासखण्ड स्तरीय खेला एमपी यूथ गेम्स के तहत कबड्डी, व्हॉलीवाल, खो-खो, क्रिकेट, बेडमिंटन, योगासन सहित अन्य खेलों का आयोजन किया गया। वहीं क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतों, विद्यालयों, खेल क्लबों के बालक-बालिका एवं खिलाड़ियों ने बड़ी संख्या में भाग लिये और खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वही खेल मैदान में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए खिलाड़ियों में जबरदस्त उत्साह देखा गया। साथ ही खेलो एमपी यूथ गेम्स के तहत आयोजित चयन ट्रायल के लिए चार चरणों में खेल गतिविधियां संपन्न करवाई जायेगी। वहीं लालबर्रा में आयोजित इस चयन ट्रायल में कबड्डी, व्हालीवाल, खो-खो, क्रिकेट, बैडमिंटन, योगासन जैसे लोकप्रिय खेलों को शामिल किया गया है। साथ ही ट्रायल के माध्यम से सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों का चयन आगामी जिला और संभाग स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए किया जायेगा ताकि खिलाड़ी अपने खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सके। खेल विभाग के ब्लाक समन्वयक लवकुमार नगपुरे ने बताया कि खेलो एमपी यूथ गेम्स के तहत विकासखण्ड स्तरीय चयन ट्रायल खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसमें बालक-बालिका दोनों वर्गों के लिए कबड्डी, शतरंज, क्रिकेट, व्हॉलीवॉल, खो-खो, योगासन जैसी विविध स्पर्धाएं आयोजित की जा रही हैं। श्री पटेल ने बताया कि विकासखंड स्तर पर यह चयन प्रक्रिया 15 जनवरी तक निरंतर जारी रहेगी, जिसमें चयनित होने वाले प्रतिभावान खिलाड़ी आगामी 16 से 20 जनवरी के मध्य आयोजित होने वाली जिला स्तरीय प्रतियोगिता में अपनी खेल क्षमता का प्रदर्शन करेंगे, जहा बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को संभाग और राज्य स्तर के लिए चयनित किया जायेगा। साथ ही यह भी बताया कि आयोजन करने का मुख्य उद्देश्य है कि ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों को नई ऊर्जा और उचित मंच प्रदान करना है, ताकि वे अपने खेल के माध्यम से न केवल अपनी पहचान बना सकें, बल्कि भविष्य में राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन करने की दिशा में दृढ़ता से आगे बढ़ सकें। इस अवसर पर जिला कबड्डी संघ भीमराज ठाकरे, विजेंद्र उइके, शुभम बिसेन, राधिका नायक, स्वाति दमाहे, श्रध्दा बाहेश्वर, काजल पंचेश्वर, प्राची, संस्कार, विकास चौबे, लव कुश भोयर सहित खिलाड़ी उपस्थित रहे।




## घोटी में दो दिवसीय विशाल ग्रामीण स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता 16 से

**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** नगर मुख्यालय से लगभग 5 किमी दूर ग्राम पंचायत घोटी में भवानी क्लब के तत्वाधान में आगामी 16 जनवरी से दो दिवसीय विशाल ग्रामीण स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। चर्चा में आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि 16 जनवरी से घोटी में दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जिसमें प्रथम पुरस्कार 11000 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 7000 रूपये, तृतीय पुरस्कार 5000 रूपये एवं प्रवेश शुल्क 351 रूपये निर्धारित किया गया है। उक्त कार्यक्रम समाजसेवी अनुराग चतुरमोहता के मुख्य आतिथ्य में प्रारंभ होगा एवं 16 जनवरी को रात 10 बजे तक कबड्डी टीम एंट्री ले सकती है। इस अवसर पर ग्रामीण क्षेत्र के कबड्डी टीम के खिलाड़ियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर अपने खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की अपील आयोजन समिति अध्यक्ष मुकेश सार्वे, उपाध्यक्ष दुपेन्द्र देशमुख, कोषाध्यक्ष हितेश चौधरी, बस्ताराम बोरकर, सचिव कमलेश गौतम, सरपंच तीरथसिंह बिसेन, समाजसेवी डुलेन्द्र बोरकर, सदस्य प्रकाश देशमुख, गजेन्द्र अंगुरे, हितेश चौधरी, वासुदेव लानगे, संतोष बघेल, लक्ष्मण बोमचेर, चेतन गौतम, गांधी सार्वे, चंद्रकुमार सहारे, लखन नेवारे, श्यामलाल तितरमारे, हेमराज तितरमारे, सीताराम गजबे, रवि गोले, दिनेश बोपचे, शिवराम अंगुरे, केशव देशमुख, मानिकराम चौधरी, मयाराम अंगुरे, फुलचंद कारे, संतोष लांजेवार, आशीष सार्वे, श्रीराम सार्वे, सुजीत सपाटे, अक्षय नेवारे, पवन लानगे, प्रकाश लानगे, पवन अंगुरे, लोकेश वलथरे, हर्षित चौधरी, अंकित सराठे, पीयुष लानगे, लुक्की बागड़े, शैलेष कुकड़े, खिलेन्द्र लानगे, गजेन्द्र तितरमारे, निखिल नेवारे, अक्षय मारवाड़ी, प्रकाश लानगे, नितेश सार्वे, राहुल रहांगडाले, निलू सार्वे, पवन लानगे, सुजित सपाटे, मनन लांजेवार, मिनेश जर्वेकर, पवन अंगुरे, राहुल अंगुरे, टिकेन्द्र बोरकर, अनिल माने, मुकेश अवझेकर, कैलाश राउत, राहुल सहारे, अमित नेवारे, शैलेन्द्र अंगुरे, हर्षित बघेल, लालू चौधरी, महेश चौधरी, राहुल गौतम, गजेन्द्र बोरकर, योगेन्द्र अंगुरे, हिमांशु नागरवाडे, सुमित कारे, प्रिंस लानगे, तिलोक पटले, चंद्रशेखर अंगुरे, अंकित पटले, संजय देशमुख, निलेश चौधरी, रविन्द्र अंगुरे सहित ग्रामीणजनों ने की है।



# पंचायत मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल के आश्वासन पर आदिवासी समाज ने स्थगित किया धरना-आंदोलन

## आदिवासियों का देव स्थल बिना हटाये १.५ एकड़ में ही बनायें जनपद का भवन -प्रहलाद पटेल

रिजनल रिपोर्टर।
पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।

**वारासिवनी बालाघाट मार्ग पर ग्राम पंचायत वारा में जनपद पंचायत भवन के नवीन भवन निर्माण स्थल पर प्रशासन एवं बड़ा देव पूजा स्थल को लेकर आदिवासी समुदाय के बीच विवाद की स्थिति बनी हुई थी। जहां आदिवासी समुदाय के द्वारा नवीन जनपद पंचायत भवन निर्माण का विरोध करते हुए पूजा स्थल को यथावत रखने की मांग को लेकर धरना दिया जा रहा था। इस दौरान जनपद पंचायत के नवीन भवन निर्माण भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल पंचायत मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल के द्वारा भूमिपूजन कर धरना स्थल पर जाकर आदिवासियों से मुलाकात की गयी। जहाँ उन्हें नहीं हटाए जाने उनके पूजा स्थल को सुरक्षित रखने और उसका सौंदर्य करण करने का आश्वासन दिया गया। इसके बाद आदिवासी समुदाय का धरना प्रदर्शन स्थगित हुआ।**

### वारा के उपवन में जनपद का हुआ भूमिपूजन

वारासिवनी बालाघाट मार्ग पर चयनित स्थल पर आदिवासी समुदाय के विरोध के बावजूद समीप उपवन में नवीन जनपद भवन का भूमि पूजन किया गया। यह भूमि पूजन पंचायत मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल की प्रमुख उपस्थिति में किया गया। जिसमें विधि विधान से पूजा अर्चना कर वेद मंत्र उच्चारण के साथ भूमि पूजन संपन्न किया गया। इस अवसर पर बालाघाट सिवनी लोकसभा सांसद श्रीमती भारती पारधी, पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल, वारासिवनी विधायक विवेक पटेल ,कटंगी विधायक गौरव सिंह पारधी, जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरसवार ,जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजा लिल्हारे ,जिला पंचायत सदस्य गीत हनवत ,जनपद अध्यक्ष श्रीमती माया उइके, उपाध्यक्ष श्रीमती पुष्पा अमूले किशोर अमूले सहित अन्य जनप्रतिनिधि गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### आदिवासी समुदाय से पंचायत मंत्री ने की मुलाकात

पंचायत मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल भूमि पूजन संपन्न होने के बाद जनप्रतिनिधियों के साथ आदिवासी समुदाय के धरना स्थल पहुंचे। जहां उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा की पूजा कर आशीर्वाद लिया तत्पश्चात आदिवासी समुदाय से मुलाकात कर उनके प्रतिनिधियों से विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी। जिसमें उनका बड़ा देव स्थल यथावत रखे जाने बड़ा देव पूजा स्थल को व्यवस्थित बना कर भगवान बिरसा मुंडा की आदमकद प्रतिमा स्थापित करने और भूमि को कालम १२ में दर्ज करवाने के साथ उक्त भूमि पर वृक्षारोपण आयोजित करने समाज से कहते हुए स्वयं वृक्षारोपण में उपस्थित होने का भी आश्वासन दिया गया।










### उपवन को उजाड़कर जनपद का भवन बना रहा प्रशासन

नवीन जनपद पंचायत भवन निर्माण का भूमि पूजन कर आदिवासियों को बेदखल नहीं करने का आश्वासन पंचायत मंत्री के द्वारा दिया गया। डेढ़ एकड़ में भवन निर्माण की बात कही गई ऐसे में जहां कार्यक्रम आयोजित हुआ वह उपवन में अब भवन निर्माण की बात कही जा रही है। जहां करीब दो दर्जन से अधिक हरे भरे वृक्ष लगे हुए हैं जो उपवन के नाम से जाना जाता है। अब उसको उजाड़ने की तैयारी प्रशासन को करनी पड़ेगी। हालांकि हर बार प्रशासन पर्यावरण बचाने की बात करता है किंतु वह शब्दों में ही साबित होती नजर आ रही है। धरातल पर प्रशासन का पर्यावरण से कोई लेना देना समझ नहीं आ रहा है। इसके उदाहरण स्वरूप सिकंद्रा की जमीन छोड़कर उपवन में अब यह निर्माण कर हरे भरे पेड़ों को काटकर भवन तैयार किया जाएगा।

### आदिवासी संयुक्त समाज संगठन ने मंत्री पटेल को सौंपा ज्ञापन

आदिवासी संयुक्त समाज संगठन के द्वारा पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल को ज्ञापन देकर खसरा नं.५४६/३ में से १ एकड़ १५ डिस्मिल भुमि बड़े देव पूजा स्थल एवं भगवान बिरसा मुण्डा के नाम से पटवारी अभिलेख में दर्ज करने मांग की गयी। ज्ञापन में आदिवासियों ने बताया की ब्रिटिश शासन काल से गोंड अदिवासीयों के द्वारा बडा देव पूजा स्थल एवं भगवान बिरसा मुण्डा की परम्परागत गोंडी धर्मानुसार पूजा अर्चना की जाती है तथा ग्राम पंचायत सरपंच वारा के ग्राम सभानुसार उक्त भूमि खसरा नं.५४६/३ में से १ एकड़ १५ डिस्मिल भूमि की अनापति प्रस्ताव पारित कर दिया गया है। उक्त भूमि पटवारी अभिलेख में बड़ा देव पूजा स्थल एवं भगवान बिरसा मुण्डा स्थल अंकित करने न्यायालय कलेक्टर बालाघाट को आवेदन प्रस्तुत किया गया। जिसके आधार पर राजस्व निरिक्षक अधिकारी एवं हल्का पटवारी द्वारा पंचनामा तैयार कर जाँच प्रतिवेदन बनाया गया है तथा कार्यवाही विचाराधीन रखी गई है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व वारासिवनी के द्वारा मानसिंह परते को फोन कर कार्यालय में उपस्थित होने कहा गया। उपस्थित होने पर बताया कि उक्त भूमि पर जनपद पंचायत भवन का निर्माण किया जाना है, उक्त भूमि खसरा नं.५४६/३ में से १ एकड़ १५ डिस्मिल जमीन पर जो बड़ा देव पूजा स्थल एवं भगवान बिरसा मुण्डा स्थल को हटा दिया जावे। मानसिंह परते ने निवेदन किया है कि रुडीवादी परम्परागत गोंड आदिवासियों का आस्था का मुख्य केन्द्र है,जिसका निर्णय देने में असमर्थ हूँ। संतुष्ट जनक लिखित में निर्णय देने में असमर्थ रहे है। उक्त भूमि खसरा नं. ५४६/३ रकबा १ एकड़ १५ डिस्मिल भूमि पटवारी अभिलेख के कालम नं. १२ में दर्ज किया जावें ऐसी हम समस्त गोंड आदिवासियों की मांग है।

### अब डिजाइन बदली है पंचायत भवन तीन मंजिला तक बनेंगे-पंचायत मंत्री

पंचायत मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि अब डिजाइन बदली है पंचायत भवन तीन मंजिला तक बनेंगे। बालाघाट का सांसद था तो स्वर्गीय अटल जी के मंत्री परिषद में रहा उनके शताब्दी वर्ष पर ग्राम जनपद जिला पंचायत एवं सामुदायिक भवन उनके नाम पर समर्पित है। २४७२ पंचायत, १०६ जनपद दतिया जिला पंचायत बन रहे हैं इसमें डिजाइन के जैसा भवन बनेगा। भवन में दो एकड़ भूमि कब्जा करने नहीं भवन में आधा एकड़ में जंगल होगा लॉन नहीं उस भूमि का दूसरा कोई उपयोग ना हो। दो एकड़ भूमि कुछ स्थानों पर समस्या है जैसे शहरों में कहीं जाना पड़ रहा है तो उसमें मैनेज कर सकते हैं।

### मरघट की भूमि पर कब्जा करना अच्छा नहीं है

मंत्री श्री पटेल ने कहा कि इसी स्थान पर रात में पता चला तो मैंने कहा कि कोई कब्जा मत हटाइ दो एकड़ को डेढ़ एकड़ कर दो। जनजाति भाइयों की धार्मिक आस्था का सवाल है तो जब वह बातचीत से सहमत होगी तब देखेंगे अन्यथा छोड़ दो इतने हिस्से को डेढ़ एकड़ में भी अच्छा भवन बनता है। इसमें कोई विवाद नहीं है हम चाहते हैं कि ग्राम या जनपद पंचायत क्षेत्र हो वहां आने वाली पीढ़ी के लिए जमीन बचे। आजादी के इतने वर्ष बाद कोई गांव कहता है कि मेरे पास शमशान की भूमि नहीं है तो वह कितना शर्मनाक है सोचो वहां समाज कैसे चल रहा है। दिसंबर २०२६ तक उन्हें जमीन उपलब्ध कराई जाएगी और कोई कब्जा होगा तो हटवाया जाएगा क्योंकि मरघट की भूमि पर कितना ही बड़ा व्यक्ति ने कब्जा किया होगा वह व्यक्ति अच्छा नहीं है। आखिर वह शमशान की भूमि पर अतिक्रमण कर किसका भला करना चाह रहा है।

### पंचायत मंत्री ने कहा कि आदिवासियों का बड़ा देव स्थल को नही हटायेंगे-भुनवसिंह

गोंड महासभा राष्ट्रीय अध्यक्ष भुवन सिंह कोर्राम ने बताया कि कल रात तक प्रशासन से विवाद चल रहा था। यह स्थल आदिवासियों के लिए पहले से संरक्षित था इसके लिए पहले से आदिवासी समाज ने अपनी प्रक्रिया प्रशासन के पास कर दी थी। फिर भी इसका आवंटन नहीं हुआ और भूमि पूजन होना प्रस्तावित कर दिया। किंतु समाज के विरोध के बाद यहां से कार्यक्रम हटाया गया। मंत्री आये हकीकत से वह वाकिफहुए उन्होंने कहा कि इस स्थल को यही स्थापित रखेंगे हम पूरा सहयोग करेंगे समाज को आश्वासन दिया। १ एकड़ १५ डिसमिल का यह रकबा है ग्राम पंचायत का प्रस्ताव भी है मंत्री ने जमीन का स्पष्ट नहीं कहा परंतु हमारी मांगों को पूरा करने कहा है। हमारा बड़ा देव पूजा स्थल यहां से हटाना नहीं चाहिए और आदिवासी परेशान नहीं होना चाहिए। अब यह आश्वासन है जो जमीन पर जाकर देखने मिलेगा तभी हम मानेंगे।

### समाज के लिए व्यवस्थित देव स्थल का निर्माण होगा समाज प्रशासन से सहयोग ले कर काम करेगा-दिनेश

आदिवासी विकास परिषद अध्यक्ष दिनेश धुर्वे ने बताया कि मंत्री ने आश्वासन दिया है यह सराहनीय है। यहां पूरे समाज के लिए व्यवस्थित देव स्थल का निर्माण होगा पूरा समाज प्रशासन से सहयोग ले कर काम करेगा। भव्य बिरसा मुंडा की प्रतिमा लगेगी यहां देव स्थल का सौंदर्य करण होगा। यहां पर समाज चंदा जमा कर निर्माण करवाइए विधायक भी राशि देंगे। हमारे पास यहां पर ढाई एकड़ से अधिक भूमि है जिसमें जनपद भी बनेगी और हमारा देव स्थल भी मौके पर स्थित रहेगा। इसे डिस्टर्ब ना करने के लिए कहा गया है और देव स्थल बनाने का आश्वासन है।

### एक जनपद सदस्य को खुश करने २० जनपद सदस्यों को अनदेखा कर रहे विधायक -सुभाष

किसान मजदूर संघ अध्यक्ष सुभाष पारधी ने बताया कि ग्राम वारा में आदिवासियों का देवस्थान है वहां पर नियम के तहत २ एकड़ भूमि भी नहीं है। मंत्री ने कहा है ५० डेसिमल जमीन देंगे परंतु कैसे होगा कुछ पता नहीं सिकंद्रा में जगह चयनित की गई थी फिर अचानक बदल दिया। जनपद पंचायत को कोई भी कार्यक्रम करना है तो वारासिवनी में स्टेज लगाना पड़ता है। सिकंद्रा में ६ एकड़ का स्टेडियम बना है पर्याप्त व्यवस्थाएं हैं कोई भी कार्यक्रम सामूहिक विवाह भी आसानी से हो जाए। परंतु वारा में जमीन कहां है अब आदिवासी को वहीं रखेंगे तो डेढ़ एकड़ भूमि बचेगी जबकि नियम दो एकड़ का है। जहां कार्यक्रम हुआ वह उपवन है अब पर्यावरण की हानि करना पड़ेगा। सिकंद्रा में बहुत जगह है वहां बने सभी की इच्छा थी सिकंद्रा सेंटर पड़ता है रामपायली तक जुड़ा हुआ मार्ग है। बालाघाट रोड़ पर एक जनपद सदस्य आता है बाकी पूरे जनपद सदस्य सिकंद्रा वारासिवनी के दूसरे छोर पर है। एक जनपद सदस्य के लिए ऐसा किया जा रहा है इसमें विधायक शामिल है एक जनपद सदस्य के लिए यह सब कुछ हो रहा है।

# श्रीमती सुलोचना पाठक का निधन

**पद्मेश न्यूज। रामपायली।** स्थानीय अधिवक्ता प्रमेश पाठक की माता श्रीमती सुलोचना पाठक का गत दिवस निधन हो गया। वें ७५ वर्ष की थी जो काफी समय से अस्वस्थ चल रही थी उनका अंतिम संस्कार चंदन नदी तट पर बड़े सुपुत्र राकेश पाठक के द्वारा मुखाग्नि दी गई । शोकाकुल परिवार में राकेश पाठक ,प्रमेश पाठक ,शैलेश पाठक एवं भरापुरा परिवार अपने पीछे छोड़ गई । परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से कामना करते हुए २ मिनट का मौन व्रत रख श्रद्धांजलि देकर उपस्थित जनों ने इस दुख की घड़ी में माताजी श्रीमती सुलोचना पाठक को ईश्वर से श्री चरणों में स्थान प्रदान करने की कामना की गई।



# आर सी चित्रिव का निधन

**पद्मेश न्यूज। रामपायली।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से सेवा निवृत आर सी चित्रीव का प्रातः निधन हो गया । जो एक जनवरी को अपना ८० वर्ष पूर्ण किए थे वह विगत एक सप्ताह से अस्वस्थ चल रहे थे । जिनका इलाज नियमित होने के उपरांत उन्होंने आज अंतिम सांस ली । ठीक एक वर्ष पूर्व इसी दिवस को उनकी पत्नी श्रीमती सिंधु बाई चित्रीव ने भी अंतिम सांस ली थी। जिनका अंतिम संस्कार चंदन नदी के तट पर किया गया। स्वर्गीय आर सी चित्रीव अपने पीछे पुत्र प्रफुल्ल चित्रीव ,अनुराग चित्रीव सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए। उन्हें मुखागंनी बड़े सुपुत्र प्रफुल्ल चित्रीव के द्वारा दी गई उनके निधन पर २ मिनट का मौन व्रत रख आत्म शांति की कामना ईश्वर से करते हुए उपस्थित जनों ने उन्हें अपने श्री चरणों में स्थान प्रदान करने की कामना की। स्वर्गीय आर सी चित्रीव मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे अपने शासकीय कार्यकाल में भी उन्होंने सहृदयता का परिचय देकर सामान्य जीवन जीने पर सदैव विश्वास रखा था वह सबके प्रिय थे।



# जंगली सूअर के हमले में ग्रामीण महिला घायल

## महिला का शासकीय सिविल अस्पताल में उपचार जारी

**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।** वारासिवनी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत झालीवाड़ा के मऊटोला में ११ जनवरी को जंगली सूअर के हमले से ३७ वर्षीय ग्रामीण महिला गंभीर घायल हो गई। यह घटना उस समय हुई जब दैवंता परते अपने खेत में लगाई रबी की फसल को देखने के लिए गई हुई थी। घटना में महिला के पैर में गंभीर चोट आई है जिसका उपचार शासकीय सिविल अस्पताल में जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सालिकराम परते झालीवाड़ा के मऊ टोला में अपने परिवार के साथ निवास करते हैं। वह मुख्य रूप से किसान है और खेती किसानी कर अपना जीवन व्यापन करते हैं। वर्तमान में उनके द्वारा खरीफ की फसल कटाई के बाद रबी में सरसों व अन्य दलहनी फसलों की बुवाई की गई है। जहां पर खेत के कार्यों को देखने के लिए उनका आना जाना रखा लगा रहता है। ऐसे ही ११ जनवरी की सुबह करीब ११ बजे दैवंता पति सालिकराम




परते ३७ वर्ष माऊटोला झालीवाड़ा निवासी अपने परिवार की महिला सदस्यों के साथ खेत जाने के लिए निकली थी। जो खेत पहुंचने के बाद फसल और खेत को देख रही थी तभी दोपहर करीब १२ बजे अचानक एक जंगली सूअर के द्वारा महिला के ऊपर हमला कर दिया गया। जहां मौके पर उपस्थित अन्य महिलाओं के द्वारा जंगली सूअर को भगाया गया परंतु इस दुर्घटना में महिला के पैर में गंभीर चोट आ गई। जिसकी सूचना महिलाओं के द्वारा परिवार के पुरुष सदस्यों को दी गई। जिन्होंने तत्काल मौके से घायल महिला को सिविल अस्पताल में लाकर भर्ती किया जहां महिला का उपचार जारी है। पीड़ित परिवार के सदस्यों ने बताया कि ग्राम में बहुत ज्यादा जंगली सुअरों का आतंक हो गया है यह ग्राम के विभिन्न स्थानों पर छिपी रहती है। अचानक लोगों पर हमला कर देती है कई बार लोग बच जाते हैं परंतु कई बार लोग दुर्घटनाग्रस्त भी होते हैं। उनकी लगातार संख्या बढ़ती ही जा रही है जो खेत में फसल के साथ किसानों को भी नुकसान पहुंचा रही है वन विभाग को अनेकों बार इस समस्या से अवगत कराया गया है। किंतु आज तक कोई समाधान नहीं हो पाया है और ना ही भविष्य में होने की संभावना लग रही है। हम यही चाहते हैं कि वन विभाग व्यवस्था बनाएं ताकि हमें और हमारी फसल को सुरक्षित किया जा सके। अभी खेत में जाकर देखेंगे तो बड़े.बड़े गड्ढे कर दिए गए हैं फसल खोद दी जाती है।

### श्रमिक पंचायत में शामिल हुए पंचायत मंत्री

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** भारतीय जनता मजदूर महासंघ द्वारा नूतन कला निकेतन बालाघाट में 11 जनवरी को श्रमिक पंचायत का आयोजन किया गया। इसमें मध्यप्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम में सांसद श्रीमती भारती पारधी, विधायक गौरव सिंह पारधी, राजकुमार कर्राहे, पूर्व मंत्री रामकिशोर कावरे, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती ठाकुर, श्रीमती लता एलकर, आनंद कोछड़, योगेश नगपुरे, अभय सेठिया, अन्य गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में श्रमिक उपस्थित थे। मंत्री श्री पटेल ने इस अवसर पर श्रमिको को सम्बोधित करते हुए कहा कि उनके द्वारा पहले असंगठित क्षेत्र के मजदूरों के लिए काम किया गया है। प्रदेश सरकार के श्रम मंत्री होने के नाते वे मजदूरो एवं श्रमिको के कल्याण का ख्याल रखेंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में कई तरह की चुनौतिया है, कोई भी समाज बगैर मेहनत का काम किये खड़ा नही हो सकता है। पहले श्रमिको का पीएफ कटता था लेकिन वापस नही मिलता था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने मजदूरों के खाते में पीएफ की राशि डालने का काम किया है। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि प्रदेश सरकार श्रमिको के कल्याण के लिए काम कर रही है। प्रत्येक श्रमिक के पास संबल कार्ड होना चाहिए। श्रमिको के साथ दुर्घटना होने पर सरकार उनकी मदद के लिए हमेशा साथ में खड़ी रहेगी। सरकार ने आयुष्मान कार्ड पर 05 लाख रुपए तक के इलाज की सुविधा दी है। श्रमिको के बच्चों के लिए श्रमोदय विद्यालय एवं आईटीआई संचालित की जा रही है। श्रमिक वर्ग इनका लाभ उठाए और अपने बच्चों को इन संस्थानों में पढ़ाई के लिए भेजे। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना में बहुत कम राशि पर बीमा की सुविधा दी गई है। श्रमिको को इन योजनाओं का लाभ लेना चाहिए। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि आने वाले समय में संभाग के एक स्थान पर श्रमिको एवं हम्मालो की पंचायत बुलाकर उनकी समस्याओं का सुना जाएगा।




### स्वामी विवेकानंद नेशनल स्पिरिट अवॉर्ड २०२६ से सम्मानित हुए प्रणय श्रीवास्तव

पद्मेश न्यूज। वारासिवनी। भारत सरकार के नीति आयोग के द्वारा अधिकृत जीवन जागृति सेवा संस्थान नई दिल्ली के संस्थापक एवं निर्देशक प्रदीप कुमार शर्मा के द्वारा वारासिवनी के कवि प्रणय श्रीवास्तव को उनकी अद्वितीय साहित्यिक सांस्कृतिक एवं शिक्षा समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियों को देखते हुए प्राप्त विश्व कीर्तिमान पर स्वामी विवेकानंद नेशनल स्प्रीट अवॉर्ड वर्ष २०२६ से सम्मानित हुये। प्रणय श्रीवास्तव की इस उपलब्धि पर सभी मित्रों परिजनों ने बधाई प्रेषित की है।

आवश्यकता है
वारासिवनी कार्यालय में केबल में कार्य हेतु लड़कों की आवश्यकता है
स्थानीय या आसपास रहने वालों को प्राथमिकता
- संपर्क करें -
पद्मेश सिटी केबल
बस स्टेण्ड, वारासिवनी

## बालाघाट एक्सप्रेस
### संपादकीय

**सत्य एक व्रत की तरह है**

सत्यमेव व्रतं यस्य दया दीनेषु सर्वदा।
कामक्रोधौ वशे यस्य स साधुः - कथ्यते बुधैः।।




# यात्रीगण कृपया ध्यान ना दें!!

भारत में रेल सेवा आर्थिक विकास के साथ-साथ आम लोगों के सफर को आसान और सुगम बनाने की जीवन रेखा मानी जाती है। लंबी यात्रा के लिए रेलगाड़ियां ही एकमात्र किफायती साधन हैं। देश में रेल नेटवर्क के विस्तार और आधुनिकीकरण को लेकर एक तरफ सरकार की ओर से नई-नई घोषणाएं और दावे किए जाते हैं, तो दूसरी ओर रेलगाड़ियों में मूलभूत सुविधाओं का अभाव जस का तस बना हुआ है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि रेलगाड़ियों में साफ-सफाई की माकूल व्यवस्था न होने की शिकायतें लगातार बढ़ रही हैं। रेल मदद पोर्टल पर दर्ज इस तरह की शिकायतों में सितंबर 2025 की तुलना में अक्तूबर और नवंबर में लगभग पचास फीसद की वृद्धि देखी गई है। इससे स्पष्ट है कि व्यवस्थागत खामियों और सरकारी अमले में विभिन्न स्तर पर लापरवाही की वजह से यात्रियों को सफर के दौरान कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जबकि रेल किराए में सरकार जब चाहे बढ़ोतरी कर देती है। सवाल है कि किराए में वृद्धि के साथ क्या सुविधाओं में भी सुधार नहीं होना चाहिए? जब मौजूदा सुविधाएं ही बेहाल हों, तो ऐसे में आधुनिकीकरण के दावों का क्या औचित्य रह जाता है।

गौरतलब है कि कैग की वर्ष 2018-19 से वर्ष 2022-23 की एक रपट में भी लंबी दूरी की रेलगाड़ियों में साफ-सफाई की व्यवस्था पर सवाल उठाए गए थे। इसमें कहा गया था कि इस व्यवस्थागत खामी के लिए संबंधित अधिकारियों की लापरवाही भी जिम्मेदार है। इसके अलावा साफ-सफाई से जुड़े रेल कर्मियों का अभाव और इस कार्य के लिए साजो-सामन की कमी की ओर भी इशारा किया गया था। हालांकि रेलवे ने कुछ खास स्टेशनों पर रेलगाड़ियों के शौचालय, दरवाजे और कुछ अन्य हिस्सों की सफाई मशीनों से करने की योजना लागू की है, इसके बावजूद व्यवस्था में अपेक्षाजनक सुधार नजर नहीं आता है। रेलवे मंत्रालय की ओर से साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, रेल मदद पोर्टल पर सितंबर 2025 में चादर और कंबल से संबंधित 8,758 शिकायतें मिली थीं, जो अक्तूबर में बढ़ कर 13,406 और नवंबर में 13,196 हो गई। इसी तरह डिब्बों की स्वच्छता से जुड़ी शिकायतें सितंबर 2025 में 24,758 थीं, जो अक्तूबर में बढ़ कर 33,804 और नवंबर में 36,673 हो गई।

हाल में सरकार ने लंबी दूरी की रेल सेवाओं का किराया बढ़ाने की घोषणा की थी। हालांकि यह वृद्धि देखने में मामूली लगती है, लेकिन देश भर में प्रतिदिन रेल में सफर करने वाले यात्रियों की संख्या की लिहाज से देखें, तो सरकार को हर साल इससे करोड़ों रुपए की कमाई होगी। ऐसे में सवाल है कि क्या सरकार का लक्ष्य सिर्फ राजस्व अर्जित करना ही है? अगर ऐसा नहीं है, तो यात्रियों की सुविधाओं पर ध्यान क्यों नहीं दिया जा रहा है। रेल मदद पोर्टल पर बढ़ती शिकायतों के मद्देनजर मंत्रालय ने हाल में सभी मंडलों के अधिकारियों को पत्र भेज कर व्यवस्था में सुधार करने के निर्देश दिए हैं, लेकिन इन निर्देशों पर कड़ाई से अमल होगा या फिर महज खानापूर्ति का ही प्रयास किया जाएगा, इसको लेकर अभी कुछ कहा नहीं जा सकता। यह सवाल इसलिए अहम है, क्योंकि जब तक रेलगाड़ियों में साफ-सफाई और अन्य सुविधाओं को लेकर व्यापक निगरानी तंत्र विकसित नहीं किया जाएगा, तब तब समस्या के स्थायी समाधान की उम्मीद करना व्यर्थ है।

## विमर्श

# शहर में नया कोतवाल

**- पी चिदंबरम( पूर्व केंद्रीय मंत्री और राजनेता )**

अमेरिका के पांचवें राष्ट्रपति की ओर से मोनरो सिद्धांत की घोषणा के दो सौ वर्ष बाद, और इसकी शक्ति एवं प्रभावशीलता पर व्यापक संदेह के बावजूद वहां के 47वें राष्ट्रपति ने इस सिद्धांत का आह्वान किया। मुझे लगता है कि वर्तमान परिस्थितियों की कल्पना 1823 में भी नहीं की गई थी।

राष्ट्रपति जेम्स मौनरी के नाम पर बनाए गए इस सिद्धात ने यूरोपीय शक्तियों को अमेरिकी महाद्वीप में नव स्वतंत्र राष्ट्रों के मामलों में हस्तक्षेप न करने की चेतावनी दी थी। दो जनवरी,



2026 की रात को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस सिद्धांत के हर बुनियादी नियम का उल्लंघन किया। उन्होंने अमेरिका की सैन्य शक्ति का इस्तेमाल करते हुए एक संप्रभु देश पर आक्रमण किया, वहां निर्वाचित राष्ट्रपति को चंदी बनाया और उन्हें न्यूयार्क की एक आपराधिक अदालत में मुकदमे के लिए ले गए। यह मोनरी सिद्धांत का एक आश्चर्यजनक विस्तार था। किसी भी विदेशी शक्ति ने वेनेजुएला के मामलों में हस्तक्षेप नहीं किया था। वेनेजुएला की जनता ने निकोलस मादुरो को राष्ट्रपति चुना था, हालांकि चुनाव परिणाम को लेकर बड़ा विवाद हुआ था। मादुरो ने भले ही अलोकतांत्रिक और सत्तावादी रुख अपना लिया हो, लेकिन ऐसा करने वाले वे पहले निर्वाचित शासक नहीं हैं।

वर्चस्ववादी राष्ट्रपति

इस नए सिद्धांत को बुश-ट्रंप सिद्धांत कहना उचित होगा। इसका सचसे करीबी उदाहरण पनामा में अमेरिकी हस्तक्षेप (1989) था। राष्ट्रपति जार्ज बुश सीनियर के नेतृत्व में अमेरिकी सेना ने पनामा पर आक्रमण किया, वहां की सेना को हराया, राष्ट्रपति नोरिएगा को वेटिकन दूतावास में शरण लेने के लिए मजबूर किया और अंतत: उन्हें आत्मसमर्पण करने पर विवश किया। अमेरिका का घोषित लक्ष्य पनामा में सत्ता परिवर्तन था। इस सैन्य कार्रवाई के साथ अमेरिका इस क्षेत्र का नया सरदार चन गया।

राष्ट्रपति बुश जूनियर ने इराक में अपना प्रभुत्व दिखाया और तीन राष्ट्रपतियों (बुश जूनियर, ओबामा और ट्रंप) ने क्रमश: अफगानिस्तान में अपने प्रभुत्व की छाप छोड़ी। इराक (2003) के मामले में डब्लूएमडी (सामूहिक विनाश के हथियार) रखने का झूठा खतरा गढ़ा गया और अफगानिस्तान (2001-2021) के मामले में अल कायदा और तालिवान शासन के विरुद्ध %आतंकवाद के खिलाफ युद्ध% के नाम पर सेना भेजी गई। दोनों बुद्ध विफल साबित हुए। घेनेजुएला के ताजा मामले में अमेरिका ने राष्ट्रपति मादुरो पर मादक पदार्थों की तस्करी और अमेरिका में नशीले पदार्थ पहुंचाने की साजिश रचने का आरोप लगाया है, लेकिन ये ऐसे आरोप हैं जिनका अभी भी कोई सार्वजनिक प्रमाण सामने नहीं आया है।

ट्रंप के बयानों से स्पष्ट है कि वेनेजुएला के तेल भंडार पर नियंत्रण का लक्ष्य हासिल करने के लिए मादुरी को निशाना चनाया गया। वेनेजुएला के पास दुनिया का सबसे बड़ा तेल भंडार है और वह तेल निर्यात, हथियार आयात तथा विदेशी निवेश के लिए चीन की ओर रुख कर रहा था। अमेरिका यह सुनिश्चित करने के लिए दृढ संकल्पित है कि कोई भी अन्य देश (विशेषकर रूस और चीन) वेनेजुएला में आर्थिक हित (विशेष रूप से तेल भंडार) हासिल न कर सके, जो कि अमेरिका के लिए आरक्षित हैं। मादुरो को हिरासत में लेने के तुरंत बाद राष्ट्रपति ट्रंप ने स्पष्ट रूप से कहा कि अमेरिका की चड़ी तेल कंपनियों

नाल्ड ट्रंप के बयानों से स्पष्ट है कि डो वेनेजुएला के तेल



भंडार पर नियंत्रण का लक्ष्य हासिल करने के लिए मादुरो को निशाना बनाया गया। वेनेजुएला के पास दुनिया का सबसे बड़ा तेल भंडार है और वह तेल निर्यात, हथियार आयात तथा विदेशी निवेश के लिए चीन की ओर रुख कर रहा था। अमेरिका यह सुनिश्चित करने के लिए दृढ संकल्पित है कि कोई भी अन्य देश (विशेषकर रूस और वील) वेनेजुएला में आर्थिक हित (विशेष रूप से तेल भंडार) हासिल न कर सके, जो कि अमेरिका के लिए आरक्षित हैं। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका की बड़ी कंपनियों को वेवेजुएला में तेल उत्पादन और बिक्री अनुमति दी जाएगी।

विश्व के एक नए सरदार के एब्सोल्यूट रिजाल्य से पहले और बाद में भारत पर किसी का ध्यान नहीं गया। ट्रंप अपने दावों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दो बार झटका दे चुके हैं. एक बार भारत-पाकिस्तान युद्ध समाप्त करने के मुद्दे पर और दूसरी बार भारत की और से ट्रंप को खुश करने के लिए रूसी तेल के आयात में कमी करने के मुद्दे पर। सरकार ट्रंप के गुस्से से इतनी डरी हुई है कि वेनेजएला पर जारी आधिकारिक बयान में राष्ट्रपति मादरों की को वेनेजुएला में तेल का उत्पादन, उसकी बिक्री और मुनाफा कमाने की अनुमति दी जाएगी।

भारत की घटती प्रासंगिकता

चार घंटे तक चाले एब्सोल्यूट रिजाल्व नामक इस अभियान ने अमेरिकी सशस्त्र बलों की असाधारण रूप से श्रेष्ठ तकनीक, मशीनरी, खुफिया जानकारी, योजना और उसके क्रियान्वयन का कुशल प्रदर्शन किया। आधी रात को किसी दूसरे देश में घुसकर कड़ी सुरक्षा वाले राष्ट्रपति भवन से राष्ट्राध्यक्ष को बिना किसी नुकसान के अपनी हिरासत में लेना, हम सब सोचते थे कि यह कहानियों और कल्पनाओं की बात है, लेकिन अमेरिका ने साबित कर दिया कि उसकी सेना ऐसा कर सकती है। अमेरिकी सेना विश्व के इतिहास में निर्मित सबसे घातक युद्ध मशीन है। चिंताजनक रूप से चीन को छोडकर, उदय के भी प्रमाण मिल रहे हैं।

गिरफ्तारी की निंदा नहीं की गई और न ही इसमें अमेरिका की भूमिका का जिक्र किया गया। इस बयान में %वेनेजुएला में हाल के घटनाक्रमों का जिक्र किया गया और %सभी संबंधित पक्षों से संवाद के माध्यम से शांतिपूर्ण ढंग से मुद्दों को हल करन% का आह्वान किया गया, मानी यह किसी फुटबाल मैच के स्कोर पर हुए विवाद को लेकर सलाह ही। इस मुद्दे पर भारत ब्रिक्स के पांच संस्थापक देशों और यूरोप के बीच अलग-थलग पड़ गया है। विश्वगुरु के दावों के बावजूद, भारत वैश्विक मामलों में अपनी आवाज और प्रासंगिकता खोता जा रहा है। जैसा कि एक पूर्व भारतीय राजदूत ने कहा था, %भारत जो कहेगा, उससे कोई फर्क नहीं पड़ेगा।%

साम्राज्यवाद को खुली छूट

मुझे डर है कि एब्सोल्यूट रिजाल्व ने रूस और चीन को खुली छूट दे दी है। ट्रंप ने ग्रीनलैंड पर कब्जा करने का संकेत दिया है। रूस-यूक्रेन युद्ध का समाधान यदि होता है तो यूक्रेन की ओर से रूस को अपना क्षेत्र सौंपना होगा। चीन अपनी %एक चीन% नीति को उसके अंतिम परिणाम तक ले जाने के लिए प्रेरित होगा। यदि चीन की ओर से भारत की उत्तरी सीमा या अरुणाचल प्रदेश में घुसपैठ का एक और प्रयास किया जाता है, तो भारत को खुद ही अपना बचाव करना होगा। चेनेजुएला के तेल भंडार पर कब्जा करने के बाद अमेरिका की भारत के साथ व्यापार समझौता करने में रुचि कम हो गई है। ट्रंप बिना किसी व्यापार समझौते के मुल्कों में हेरफेर करके भारत से अमेरिका को होने चाले निर्यात को नियंत्रित कर सकते हैं अपने देश में माल की आवाजाही को कम या ज्यादा करके।

अमेरिकी इतिहास में डोनाल्ड ट्रंप अपने दूसरे कार्यकाल में सबसे अधिक हस्तक्षेप करने वाले राष्ट्रपति साबित हुए हैं। इस सूची में फिलिस्तीन, ईरान, सीरिया, यमन, नाइजीरिया और अब वेनेजुएला शामिल हैं। यह स्वघोषित नए सरदार का कुरूप चेहरा है। हम भले ही मादुरो या उनकी पत्नी के लिए आंसू न बहाएं, लेकिन हमें साम्राज्यवाद की वापसी और राष्ट्रों की संप्रभुता के पतन पर शोक व्यक्त करना चाहिए।




# भीतर के बचपने को जिंदा रखें

वास्तविक सीख तब मिलती है, जब हम अपने अनुभवों को चुनौती देते हैं, पुराने ढांचों को तोड़ते हैं तथा नए अर्थ गढ़ते हैं। बच्चे इसी तरह सीखते हैं-वे नियमों का पालन करने से पहले उन्हें समझते हैं, और जरूरत पड़ने पर नए नियम बना लेते हैं।



यदि आप रचनात्मक बने रहना चाहते हैं, तो आपको अपने भीतर उस बच्चे को जीवित रखना होगा, जो दुनिया को तैयार सच्चाई की तरह स्वीकार नहीं करता, बल्कि उसे खोजता, गढ़ता और पुन: रचता है। वह बच्चा, जो हर अनुभव से अर्थ बनाता है, हर जवाब से पहले सवाल करता है और हर चीज को एक नए प्रयोग की तरह देखता है। उसके लिए आकाश केवल एक रंग नहीं, संभावनाओं का विस्तार है; मिट्टी महज मिट्टी नहीं, बल्कि नए रूपों, कहानियों और संरचनाओं की प्रयोगशाला है।

बचपन की सबसे बड़ी शक्ति है डर से मुक्ति। बच्चा असफलता को हार नहीं मानता, बल्कि सीखने का स्वाभाविक चरण समझता है। वह गिरता है, संतुलन बनाता है और फिर से आगे बढ़ता है, क्योंकि उसके लिए सीखना किसी नियम को याद करना नहीं, बल्कि समझ को नया आकार देना है।

समस्या तब शुरू होती है, जब हम यह मान लेते हैं कि गलती कमजोरी है, सवाल असुविधा पैदा करते हैं और कल्पना व्यावहारिक नहीं होती। तब धीरे-धीरे हम सुरक्षित उत्तरों और तय ढांचों में सिमटने लगते हैं और वहीं रचनात्मकता सिकुड़ने लगती है।

वास्तविक सीख तब मिलती है, जब हम अपने अनुभवों को चुनौती देते हैं, पुराने ढांचों को तोड़ते हैं और नए अर्थ गढ़ते हैं। बच्चे इसी तरह सीखते हैं-वे नियमों का पालन करने से पहले उन्हें समझते हैं, और जरूरत पड़ने पर नए नियम बना लेते हैं। इसके विपरीत, वयस्कों की दुनिया अक्सर %ऐसा ही होता है% और %ऐसा ही किया जाता है% जैसे वाक्यों की सोच में बंधी होती है। यही वाक्य रचनात्मकता के सबसे बड़े शत्रु हैं।

यदि हम अपने भीतर के बच्चे को जीवित रखें, तो हम साधारण में भी असाधारण देख पाएंगे और असफलता को अंत नहीं, बल्कि प्रयोग मान पाएंगे। रचनात्मक व्यक्ति वही होता है, जो संतुलन को तोड़ने का साहस रखता है, जो सीखने को एक जीवित प्रक्रिया मानता है, न कि अंतिम परिणाम। इसलिए जरूरी है कि हम जिम्मेदार वयस्क बनते हुए भी अपनी जिज्ञासा, खेल भावना और कल्पनाशक्ति को जीवित रखें।

**-जीन पियाजे**

## रौशनी यहाँ है

# जब एआई ने दी लकड़ी काटने की सलाह

**विडंबना यह थी कि मैं उसी एआई से सलाह ले रहा था, जिसने मेरी नौकरी छीन ली थी। - ब्रायन ग्रोह ( द न्यूयॉर्क टाइम्स )**

मुझे अब तक की सबसे अहम कॅरिअर सलाह न तो किसी मेंटर से मिली, न ही किसी इन्सान से। यह सलाह मुझे एक चैटबॉट से मिली। मैंने उससे कहा कि एक कॉपीराइटर के रूप में एआई मेरा ज्यादातर काम छीन रहा है और मुझे इससे बचने का कोई रास्ता चाहिए। बॉट ने थोड़ी देर रुककर मेरी स्थिति को समझा और फिर मुझे एक वेन सॉ, गैस, हाइड्रोलिक, या बिजली से चलने वाली एक आरी, खरीदने की सलाह दे दी। मुझे चिंता इस बात की थी, कि मेरे पास कोई काम नहीं था, जबकि महीने के खर्चे और बिल वगैरह जस के तस थे।

एक रात, जब प्रॉपर्टी टैक्स जमा करने की आखिरी तारीख सिर पर थी, तब मैंने चैटबॉट से फिर वही सवाल पूछा। मैंने उसे अपना अनुभव, अपना शहर और तुरंत कमाई की जरूरत बताई। उसके दिए विकल्पों में सबसे समय ऊपर जो काम दर्ज था, वह था-स्थानीय पेड़ काटना और उनकी छंटाई करना। मैंने उससे पूछा कि क्या वाकई यह मेरे लिए सबसे अच्छा विकल्प है। उसने जवाब दिया %हां, आपकी मौजूदा स्थिति, क्षमताओं और कमाई की जरूरत को देखते हुए, यह सबसे तेज और भरोसेमंद तरीका है, जिससे आप आसानी से पैसे कमा सकते हैं। उसने मुझे औजारों, उन्हें खरीदने के तरीकों, काम ढूंढने की जगहों, समय और यहां तक कि वे जगहें भी बताई, जहां काटी गई झाडियां और डालियां फेंकी जा सकती हैं। विडंबना यह थी कि मैं उसी तकनीक से सलाह ले रहा था, जो मेरा काम छीन रही थी। फिर भी, मेरे भीतर उम्मीद जागने लगी। मुझे खुले में रहना हमेशा पसंद है, और मुझे इस काम की सादगी व नतीजे भी अच्छे लगे। जब ग्राहक संतुष्ट होकर मुझे पैसे देते थे, तो उससे मुझे भी एक अलग तरह की खुशी मिलती थी। कभी-कभी ग्राहकों की नजरों में मुझे हल्की-सी हेकड़ी जरूर दिखती थी। शायद वह मेरे इस काम को निम्नतर मानते हों, पर अब इससे मुझे फर्क नहीं पड़ता था, क्योंकि मैं भी कभी इसी सोच का हिस्सा रहा था। अच्छे दिनों में, पेड़ काटकर मैंने कॉपी लिखने से ज्यादा कमाया। दशकों तक कंप्यूटर स्क्रीन के सामने बैठे रहने, उंगलियां की-बोर्ड पर चलाने के बाद, लकड़ियों से जूझना, डालियां काटना और खुली हवा में गहरी सांसें लेना मुझे सुकून देता था। लेकिन 52 साल की उम्र में यह काम मेरे लिए बेहद कठिन साबित होने लगा। पिछले वसंत में जब मैंने इसे फुल टाइम जॉब के रूप में अपनाया, ती कई दफे मैं कई दिनों तक दर्द से जूझता रहा। मैंने खुद को समझाया कि अगर सुबह स्ट्रेचिंग करूं या हल्के औजारों में निवेश करूं, तो शायद काम को जारी रख पाऊंगा। पर धीरे-धीरे मेरी एक कोहनी में लगातार दर्द रहने लगा और चेन सॉ पकड़ते ही हल्की-सी टीस उठने लगती थी। एक दोपहर, जब मैं घर-घर जाकर काम के बारे में पूछ रहा था, एक आदमी अपने बरामदे में आया। उसने अपने आंगन में नाशपाती के पेड़ों की ओर इशारा किया और बोला, %मैंने एक पुराने दोस्त को इन पेड़ों को काटने के लिए पैसे दिए थे। उसने थोड़ा काम किया, और फिर उसने खुदकुशी कर ली।% मेरे सामने इस काम को स्वीकारने के अलावा कोई रास्ता नहीं था। मुझे एहसास था कि पेड़ काटने का काम करने वाले मेरे कई दोस्त बिना स्थायी, ठीक-ठाक तनख्वाह वाली नौकरी के, कड़ी दिहाड़ी मजदूरी करते रहे, चोटिल हुए, दर्द निवारक दवाओं पर निर्भर हो गए और धीरे-धीरे अंत की ओर चले.

### -सिंथआईडी

यह एक उन्नत तकनीक है, जिसे गूगल डीपमाइंड ने तैयार किया है। इसका उद्देश्य एआई से बनी सामग्री की पहचान को आसान और भरोसेमंद बनाना है। सिंथआईडी डिटेक्ट नामक फ्री वेरिफिकेशन पोर्टल के जरिये उपयोगकर्ता इमेज, ऑडियो, वीडियो या टेक्स अपलोड कर वॉटरमार्क स्कैन कर सकते हैं, जो एआई-जनरेटेड हिस्सों को हाइलाइट कर है। इस टूल के जरिये गलत जानकारी और उसके गलत इस्तेमाल को रोकने में मदद मिलती है। यह सामग्री की गुणवत्ता या अर्थ को नहीं बदलता, बल्कि पारदर्शिता और विश्वसनीयता बढ़ाता है। इसका लक्ष्य डीपफेक के दौर में डिजिटल सामग्री की प्रामाणिकता व विश्वसनीयता बनाए रखना है लेकिन चैटबॉट ने इस संभावना का जिक्र मुझसे कभी नहीं किया। जब हाथ के दर्द के कारण मेरे लिए काम करना मुश्किल हो जाता, तो मैं अक्सर अपने लिविंग रूम में बैठा रहता, फोन पर नई नौकरियां तलाशता, क्योंकि अगर मैं जल्दी ठीक नहीं हुआ, तो मु फिर से कुछ नया आजमाना पड़ेगा। मेरा हाथ अब तक ठीक नहीं हुआ है। हाल ही में जड़ें निकालते समय मेर पीठ भी बुरी तरह चोटिल हो गई। एक पड़ोसी ने मुझे प्रिस्क्रिप्शन वाली दर्द निवारक दवाएं दीं।

## सवाल जो लाज़िमी है

# ट्रंप, वेनेजुएला और तेल बाजार की चिंताएं

असल चिंता तेल बाजार को अमेरिकी कार्रवाई के भावी परिणामों से है। ट्रंप की बढ़ती सैन्य आक्रामकता बड़े तेल उत्पादकों पर संभावित हमलों का संकेत देती है।

वेनेजुएला के पूर्व राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को हिरासत में लिए जाने के बाद, इसके दूरगामी परिणामों को लेकर अटकलों का सिलसिला तेज है। पर एक तथ्य निर्विवाद है कि इन घटनाक्रमों की जड़ें वेनेजुएला के तेल भंडार से गहराई से जुड़ी हैं। भले ही वेनेजुएला में राजनीतिक अस्थिरता हो, लेकिन एक तेल उत्पादक राष्ट्र के रूप में उसकी अहमियत स्पष्ट है। उसके पास दुनिया में सबसे ज्यादा प्रमाणित तेल भंडार हैं। अक्सर कहा जाता है कि उसके पास 300 अरब बैरल तेल है, जो सऊदी अरब समेत किसी भी अन्य देश से अधिक है। हालांकि, ऑर्गनाइजेशन फॉर इकनॉमिक कोऑपरेशन एंड डेवलपमेंट (ओईसीडी) प्रमाणित, संभावित, संभव और आकस्मिक तेल भंडारों के बीच स्पष्ट अंतर करती है। %प्रमाणित भंडार% उसे कहा जाता है, जिसे मौजूदा तकनीक के सहारे निकाला जा सकता है। यह बदलने वाला पैमाना है और वेनेजुएला के भंडार का अनुमान 2008 का है।

आज वेनेजुएला का अधिकांश तेल ब्रेंट बेंचमार्क से लगभग 25 डॉलर की छूट पर, यानी करीब 35 डॉलर प्रति बैरल में बिक रहा है। ऐसे में, वेनेजुएला का मौजूदा %प्रमाणित% तेल भंडार 100 अरब बैरल से भी कम हो सकता है, यानी उसके आंकड़े के एक-तिहाई से भी कम। इसके अलावा, वेनेजुएला के तेल में सल्फर की मात्रा अधिक है, जिसे प्रसंस्कृत करने की क्षमता चुनिंदा रिफाइनरियों के पास ही है, खासकर अमेरिका, भारत, मध्य पूर्व व चीन की कुछ नई इकाइयां। यही कारण है कि वेनेजुएला का तेल भारी छूट पर बिकता है।

तेल कंपनियों के निवेश के चलते 1960 के दशक तक अमेरिका वेनेजुएला का सबसे बड़ा विदेशी निवेशक बन चुका था। पर वेनेजुएला ने 1971 में अपने तेल उद्योग का राष्ट्रीयकरण किया। इसके बाद दशकों तक वेनेजुएला का तेल क्षेत्र कई प्रतिबंधों से जूझता रहा। 2000 के दशक की शुरुआत में जहां उत्पादन करीब 30 लाख बैरल प्रतिदिन था, वहीं पिछले वर्ष यह घटकर 10 लाख बैरल प्रतिदिन से भी नीचे चला गया। यह गिरावट खास तौर पर मादुरो शासन में तेज हुई, और तेल उद्योग में निवेश भी लगभग ठप रहा। फिलहाल, यह स्पष्ट नहीं है कि वहां की ताजा घटनाओं का वैश्विक तेल बाजार पर तुरंत कोई बड़ा असर पड़ेगा या नहीं। पर लंबी अवधि में, युद्ध या गृहयुद्ध जैसी स्थितियों को छोड़कर, उद्योग की हालत में सुधार की गुंजाइश दिखती है। दरअसल, ट्रंप के वेनेजुएला के पांच करोड़ बैरल तेल जब्त करने के फैसले के बाद तेल की कीमतें फिर से गिर गईं। भारत समेत चीन वेनेजुएला के तेल का बड़ा खरीदार जरूर रहा है, पर चीन के कुल आयात में उसकी भागीदारी पांच फीसदी से भी कम थी। कनाडा भी कुछ समय से अपने तेल निर्यात को अमेरिका से चीन की ओर मोड़ रहा है।

वैसे वेनेजुएला के तेल उद्योग पर %कब्जा% करने का कोई ठोस आर्थिक औचित्य नजर नहीं आता। यदि अमेरिका को वाकई वेनेजुएला का तेल चाहिए होता, तो वह 2019 में प्रतिबंधों को हटाकर अपनी तेल कंपनियों को अन्य देशों की तरह खुले बाजार से खरीदने की अनुमति दे सकता था। असल चिंता तेल बाजार को अमेरिकी कार्रवाई के दीर्घकालिक राजनीतिक परिणामों से है। राष्ट्रपति ट्रंप की बढ़ती सैन्य आक्रामकता ईरान जैसे बड़े तेल उत्पादक और ओपेक सदस्य पर संभावित हमलों का संकेत देती है।

कोई नहीं जानता कि ट्रंप अगला कदम क्या उठाएंगे। अमेरिकी कार्रवाई को रूस द्वारा यूक्रेन पर हमले को सही ठहराने के तर्क के रूप में भी पेश किया जा सकता है। पर इस समय तेल बाजार को नए भू-राजनीतिक जोखिमों के बजाय अनिश्चितता से बचाने की जरूरत है।

**-एडी इमिरोविक**
**( द कन्वर्सेशन से साभार )**

# बीते सप्ताह तेल-तिलहन के दाम तेजी के साथ बंद, जाड़े और मांग का रहा असर

**सूरजमुखी, सोयाबीन डीगम और पाम तेल के आयात में कमी से अन्य तेलों के दाम प्रभावित हुए**

**नई दिल्ली। एजेंसी।** ठंड के मौसम और शादी-विवाह के सीजन में तेल-तिलहन की मांग बढ़ी। बीते सप्ताह अधिकांश तेल-तिलहन के दाम मजबूत बंद हुए। मूंगफली तेल-तिलहन के दाम स्थिर रहे। सोयाबीन और सरसों का दाम अंतर घटकर 8-10 रुपये प्रति किलो हो गया। सोयाबीन तेल सस्ता और मांग में बढ़त, जबकि महंगे सरसों तेल की खपत कमजोर रही। सूरजमुखी, सोयाबीन डीगम और पाम तेल के आयात की घट-बढ़ से बाजार प्रभावित। पिछले साल आयात लागत से कम दाम पर हुआ, अब आयात कम होने से आपूर्ति सीमित। हल्के तेलों की मांग जाड़े में अधिक, बिनौला तेल के दाम सुधरे। सरसों के दाम एमएसपी से ऊपर, लेकिन खपत सीमित रही। बीते सप्ताह सरसों दाना 15 रुपये के सुधार के साथ 6,940-6,990 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। दादरी मंडी में बिकने वाला सरसों तेल 75 रुपये के सुधार के साथ 14,375 रुपये प्रति क्विंटल, सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल का भाव क्रमशः 10-10 रुपये के सुधार के साथ क्रमशः 2,410-2,510 रुपये और 2,410-2,555 रुपये टिन (15 किलो) पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन दाने और सोयाबीन लूज के थोक भाव क्रमशः 100-100 रुपये के सुधार के साथ क्रमशः 5,110-5,160 रुपये और 4,810-4,860 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुए। इसी प्रकार दिल्ली में सोयाबीन तेल 300 रुपये के सुधार के साथ 13,950 रुपये प्रति क्विंटल, इंदौर में सोयाबीन तेल 300 रुपये के सुधार के साथ 13,550 रुपये और सोयाबीन डीगम तेल का दाम 350 रुपये के सुधार के साथ 10,800 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। बीते सप्ताह सुस्त कामकाज के बीच समीक्षाधीन सप्ताह में मूंगफली तेल-तिलहन की कीमतों में स्थिरता का रुख दिखा। मूंगफली तिलहन 6,575-6,950 रुपये क्विंटल, मूंगफली तेल गुजरात 15,800 रुपये क्विंटल और मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड तेल 2,530-2,830 रुपये प्रति टिन पर स्थिर रुख के साथ बंद हुए। समीक्षाधीन सप्ताह में सीपीओ तेल का दाम 125 रुपये के सुधार के साथ 11,550 रुपये प्रति क्विंटल, पामोलीन दिल्ली का भाव 250 रुपये के सुधार के साथ 13,400 रुपये प्रति क्विंटल तथा पामोलीन एक्स कांडला तेल का भाव 200 रुपये के सुधार के साथ 12,350 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।तेजी के आम रुख के बीच, समीक्षाधीन सप्ताह में बिनौला तेल के दाम भी 175 रुपये सुधार के साथ 12,500 रुपये प्रति क्विंटल पर स्थिर बंद हुए।

# एसबीआई ने एटीएम ट्रांजेक्शन चार्ज बढ़ाए, सैलरी अकाउंट होल्डर्स पर ज्यादा असर

**दूसरे बैंक के एटीएम पर हर महीने 5 फ्री ट्रांजेक्शन की सुविधा पहले की तरह जारी रहेगी**

**नई दिल्ली। एजेंसी।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने अपने एटीएम ट्रांजेक्शन चार्जेस में बदलाव किया है। यह संशोधन इंटरचेंज फीस बढ़ने के कारण किया गया है। नए नियमों का असर मुख्य रूप से उन ग्राहकों पर पड़ेगा जो एसबीआई खाते के बावजूद दूसरे बैंकों के एटीएम का ज्यादा इस्तेमाल करते हैं। पर्सनल सेगमेंट के साधारण सेविंग्स अकाउंट (बीएसबीडी, केसीसी और सैलरी पैकेज को छोड़कर) में दूसरे बैंक के एटीएम पर हर महीने 5 फ्री ट्रांजेक्शन (फाइनेंशियल और नॉन-फाइनेंशियल) की सुविधा पहले की तरह जारी रहेगी। हालांकि, फ्री लिमिट के बाद कैश विड्रॉल पर चार्ज बढ़ाकर 23 रुपये के साथ जीएसटी कर दिया गया है, जो पहले 21 रुपये के साथ जीएसटी था। वहीं बैलेंस चेक या मिनी स्टेटमेंट जैसे नॉन-फाइनेंशियल ट्रांजेक्शन पर अब 11 रुपये के साथ जीएसटी देना होगा, पहले यह 10 रुपये के साथ जीएसटी था। अब तक सैलरी पैकेज सेविंग्स अकाउंट पर दूसरे बैंक के एटीएम से अनलिमिटेड फ्री ट्रांजेक्शन की सुविधा मिलती थी। लेकिन नए नियमों के तहत इसे घटाकर 10 फ्री ट्रांजेक्शन प्रति माह कर दिया गया है। फ्री लिमिट खत्म होने के बाद कैश विड्रॉल पर 23 रुपये के साथ और नॉन-फाइनेंशियल ट्रांजेक्शन पर 11 रुपये के साथ जीएसटी देना होगा। बेसिक सेविंग्स बैंक डिपॉजिट (बीएसबीडी) अकाउंट होल्डर्स के लिए चार्ज में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इसके अलावा एसबीआई डेबिट कार्ड से एसबीआई के अपने एटीएम या एडीडब्ल्यूएम पर ट्रांजेक्शन पहले की तरह मुफ्त रहेंगे। योनो के जरिए कार्डलेस कैश विड्रॉल भी अनलिमिटेड फ्री रहेगा। एसबीआई ने ग्राहकों को अतिरिक्त चार्ज से बचने के लिए यूपीआई, योनो ऐप और डिजिटल ट्रांजेक्शन का अधिक इस्तेमाल करने की सलाह दी है। बैंक का कहना है कि बढ़ती लागत के चलते यह बदलाव जरूरी था।

# पिछले सप्ताह सोना और चांदी की कीमतों में उतार-चढ़ाव रहा

**नई दिल्ली। एजेंसी।** बीते एक सप्ताह में चांदी की कीमतों में भारी उतार-चढ़ाव देखा गया। 2 जनवरी को मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर 5 मार्च एक्सपायरी वाली चांदी का भाव 2,36,316 रुपए प्रति किलोग्राम था। कारोबारी हफ्ते के दौरान चांदी ने तेज़ उछाल मारा और 2,59,692 रुपए प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई। हालांकि, सप्ताह के अंत में मुनाफावसूली के चलते शुक्रवार को इसका बंद भाव 2,52,002 प्रति किलोग्राम रहा। पूरे हफ्ते में चांदी लगभग 15,686 रुपए महंगी हुई। अभी भी यह अपने रिकॉर्ड स्तर से करीब 7,690 नीचे है, जिसे कुछ निवेशक खरीदारी का अवसर मान रहे हैं। वहीं सोने की कीमतों में भी हल्की तेजी देखने को मिली। 2 जनवरी को 24 कैरेट सोने का भाव 1,35,761 प्रति 10 ग्राम था, जबकि शुक्रवार को एमसीएक्स पर 5 फरवरी एक्सपायरी वाले सोने का भाव 1,38,875 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। सप्ताहभर में सोना लगभग 3,114 रुपए प्रति 10 ग्राम महंगा हुआ। हालांकि, सोना अब भी अपने लाइफटाइम हाई 1,40,465 रुपए प्रति 10 ग्राम से लगभग 1,590 रुपए कम है। इंडियन बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार घरेलू सोने के भाव इस प्रकार हैं- 24 कैरेट का भाव 1,37,120 रुपए, 22 कैरेट 1,33,830, 20 कैरेट 1,22,040 रुपए, 18 कैरेट 1,11,070 रुपए और 14 कैरेट के दाम 88,440 रुपए। बीते सप्ताह में चांदी और सोने दोनों में तेजी रही, हालांकि दोनों अभी अपने उच्चतम स्तर से नीचे कारोबार कर रहे हैं। निवेशक इस अवसर को खरीदारी के लिए अनुकूल मान सकते हैं, लेकिन ज्वेलरी खरीदते समय जीएसटी और मेकिंग चार्ज का ध्यान रखना आवश्यक है।

# कंपनियों के नतीजों, वैश्विक कारकों से तय होगी बाजार की दिशा

**वैश्विक बाजारों, डॉलर की स्थिति, कच्चे तेल की कीमतों पर भी रहेगी निवेशकों की नजर**

**मुंबई। एजेंसी।** घरेलू शेयर बाजारों में बीते सप्ताह 2.5 प्रतिशत की बड़ी गिरावट के बाद आने वाले सप्ताह में निवेशकों की नजर घरेलू स्तर पर कंपनियों के तिमाही परिणामों और वैश्विक कारकों पर होगी। बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि आने वाले हफ्ते में निवेशकों का मूड इन नतीजों के आधार पर तय होगा। चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) के नतीजे आने शुरू हो गए हैं। सोमवार 12 जनवरी को एचसीएल टेक्नोलॉजीज और टीसीएस अपने तिमाही परिणाम जारी करेंगे। इसके बाद 15 जनवरी को इंफोसिस और 16 जनवरी को टेक महिंद्रा के वित्तीय आंकड़े सामने आएंगे। टेक्नोलॉजी कंपनियों के नतीजे निवेशकों को इस सेक्टर की रिकवरी




और मुनाफे के रुझानों के बारे में संकेत देंगे। बैंकों के तिमाही नतीजे भी निवेशकों के लिए अहम होंगे। 17 जनवरी को एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक के नतीजे आने वाले हैं। इसके अलावा सप्ताह के दौरान अन्य प्रमुख बैंकों के नतीजे भी जारी होंगे। बैंकिंग सेक्टर के आंकड़े आर्थिक गतिविधियों और ऋण की मांग का स्पष्ट संकेत देंगे। निवेशकों की नजर केवल घरेलू नतीजों पर ही नहीं, बल्कि वैश्विक बाजारों, डॉलर की स्थिति, कच्चे तेल की कीमतों और ब्याज दरों पर भी होगी। ये कारक बाजार के रुझान को प्रभावित कर सकते हैं और निवेशकों की रणनीतियों में बदलाव ला सकते हैं। बाजार के जानकारों का कहना है कि इस हफ्ते का बाजार प्रदर्शन मुख्य रूप से तिमाही नतीजों और वैश्विक परिस्थितियों पर निर्भर करेगा। निवेशक सतर्कता के साथ कंपनियों के नतीजों और आर्थिक संकेतकों पर ध्यान दे रहे हैं।

# भारतीय आईटी दिग्गज एजेंटिक एआई में आगे

**व्यावसायिक वृद्धि के लिए अपना रहे नए मॉडल**

**नई दिल्ली। एजेंसी।** भारतीय आईटी कंपनियां व्यावसायिक वृद्धि और नवाचार के लिए एजेंटिक एआई को अपनाने में सबसे आगे हैं। थॉटवर्क्स द्वारा किए गए हालिया सर्वेक्षण में सामने आया कि भारत में 48 प्रतिशत कंपनियां एजेंटिक एआई को अपनी प्राथमिकता मानती हैं। यह पश्चिमी देशों से काफी अलग है, जहां पारंपरिक दक्षता बढ़ाने पर ही ज़्यादा ध्यान दिया जा रहा है। अमेरिका में यह आंकड़ा 28 प्रतिशत और ऑस्ट्रेलिया में केवल 23 प्रतिशत है। एजेंटिक एआई ऐसे स्वायत्त सिस्टम होते हैं, जो स्वतंत्र रूप से काम कर सकते हैं, तर्क कर सकते हैं और बदलती परिस्थितियों के अनुसार खुद को ढाल सकते हैं। भारतीय कंपनियों का यह रुझान दिखाता है कि वे केवल एआई टूल्स का इस्तेमाल नहीं कर रहे, बल्कि एआई-आधारित कारोबारी मॉडल अपनाने के लिए खुद को तैयार कर रहे हैं। सर्वेक्षण में यह भी पाया गया कि भारत में 93 प्रतिशत प्रतिभागी मानते हैं कि सबसे प्रभावशाली एआई पहल वे हैं जो कर्मचारियों के कौशल और काम की गति बढ़ाती हैं। वहीं 86 प्रतिशत प्रतिभागियों का मानना है कि एआई कर्मचारियों की जगह नहीं ले रहा, बल्कि उन्हें और सशक्त बना रहा है। सर्वेक्षण के अनुसार 57 प्रतिशत लोगों ने बताया कि मानव-एआई सहयोग के चलते कुल नौकरी भूमिकाओं में वृद्धि हुई है। इसका मतलब है कि एआई केवल दक्षता बढ़ाने वाला उपकरण नहीं है, बल्कि नए अवसर और दक्षताएं विकसित करने वाला माध्यम भी है।

# ईपीएफ खाते में नाम या जन्मतिथि गलत? सुधार करना बेहद आसान

**सुविधा उन्हीं सदस्यों को जिनका यूएएन 1 अक्टूबर 2017 से पहले एक्टिव हुआ**

**नई दिल्ली। एजेंसी।** अगर आपके कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) खाते में नाम की स्पेलिंग गलत है, जन्मतिथि मैच नहीं कर रही या वैवाहिक स्थिति में गड़बड़ी है, तो भविष्य में पीएफ निकालते समय परेशानी हो सकती है। हालांकि अब घबराने की जरूरत नहीं है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने प्रोफाइल सुधार की प्रक्रिया को काफी सरल बना दिया है। सही शर्तें पूरी होने पर कुछ ही स्टेप्स में आपका ईपीएफ रिकॉर्ड अपडेट हो सकता है। ईपीएफओ के नियमों के अनुसार मेंबर अपनी ईपीएफ प्रोफाइल में नाम, जन्मतिथि, वैवाहिक स्थिति, माता-पिता का नाम, जॉइनिंग डेट, लीविंग डेट और नेशनलिटी जैसी जानकारियों में सुधार कर सकते हैं। अलग-अलग परिस्थितियों के लिए ईपीएफओ ने स्पष्ट प्रक्रिया तय की है। कुछ शर्तें पूरी होने पर बिना किसी दस्तावेज के भी बदलाव किया जा सकता है। इसमें नाम, नेशनलिटी, माता-पिता का नाम, वैवाहिक स्थिति, जॉइनिंग डेट और लीविंग डेट शामिल हैं। यह सुविधा उन्हीं सदस्यों को मिलती है जिनका यूएएन 1 अक्टूबर 2017 से पहले एक्टिव हुआ हो और आधार से सत्यापित हो। अगर यूएएन 1 अक्टूबर 2017 से पहले एक्टिव है, तो बदलाव के लिए जॉइंट डिक्लेरेशन पर नियोक्ता की मंजूरी जरूरी होगी। वहीं, अगर यूएएन आधार से लिंक नहीं है या यूएएन मौजूद नहीं है, तो फिजिकल जॉइंट डिक्लेरेशन भरकर नियोक्ता के जरिए ईपीएफओ को भेजना होगा। अगर पुरानी कंपनी बंद हो चुकी है, तो जॉइंट डिक्लेरेशन पर किसी अधिकृत अधिकारी जैसे गजटेड ऑफिसर, नोटरी पब्लिक, सांसद, पोस्ट मास्टर या ग्राम पंचायत प्रमुख के हस्ताक्षर जरूरी होंगे। इसके बाद आवश्यक दस्तावेज ईपीएफओ ऑफिस में जमा कराने होंगे।




**मेष**- आज का दिन आपके लिए लंबे समय से रुके हुए कामों की पूर्ति के लिए रहेगा। नौकरी में कार्यरत लोगों को अपने कामों पर पूरा ध्यान देना होगा। आपको वाहनों के प्रयोग में सावधान रहने की आवश्यकता है। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा। आपको अपनी किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा। कार्यक्षेत्र में आप किसी जिम्मेदारी से पीछे न हटें, नहीं तो आपका कोई काम बिगड़ सकता है।

**वृषभ**- आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आप बेवजह किसी बात को लेकर क्रोध ना करें, नहीं तो आपको पारिवारिक समस्याएं बढ़ेंगी। संतान के मन में चल रही उलझनों को आपको बातचीत के जरिए दूर करने की कोशिश करनी होगी। राजनीति में आप बहुत ही सोच समझकर कदम बढ़ाएं, क्योंकि वहां आपके काफी विरोधी रहेंगे। आप अपने कामों को लेकर सूझबूझ दिखाकर निपटाने की कोशिश करें।

**मिथुन**- आज का दिन विद्यार्थियों के लिए अच्छा रहने वाला है। वह पढ़ाई-लिखाई पर पूरा ध्यान देंगे। माताजी को भी आज किसी धार्मिक आयोजन में लेकर जा सकते हैं। आपकी कोई मन की इच्छा की पूर्ति होने से परिवार के सदस्य भी प्रसन्न रहेंगे। स्थायित्व की भावना आपके मन में बनी रहेगी। नौकरी में कार्यरत लोगों को किसी दूसरे नौकरी का अच्छा ऑफर आने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

**कर्क**- आज का दिन आपके लिए उत्तम संपत्ति के संकेत दे रहा है। आपको किसी प्रॉपर्टी संबंधित मामले में जीत मिलेगी। कोई कानूनी मामला यदि आपके लिए समस्या बना हुआ था, तो उसमें भी आपको राहत मिलेगी। आप अपनी सेहत पर पूरा ध्यान दें। आपको किसी की कहीसुनी बातों पर भरोसा करने से बचना होगा और कार्य क्षेत्र में आपके साथ कोई धोखा हो सकता है, इसलिए आप किसी दूसरे पर डिपेंड ना रहें। किसी को धन उधार देने से बचें।

**सिंह**- आज का दिन आपके लिए किसी मन की इच्छा की पूर्ति के लिए रहेगा। आप अपने आवश्यक कामों को लेकर योजना बनाकर चलेंगे, तो बेहतर रहेगा। प्रेम जीवन जी रहे लोग अपने कामों में व्यस्त रहने के कारण भी अपने साथी के लिए समय निकालने की पूरी कोशिश करेंगे। आपको किसी से कोई बात बहुत ही सोच समझकर कहनी होंगी।

**कन्या**- आज आप यदि अपने कामों को लेकर परेशान चल रहे थे, तो उन्हे पूरा करने में आपके सहयोगी पूरा साथ देंगे। किसी काम को लेकर आप जल्दबाजी न दिखाएं। नौकरी में कार्यरत लोगों को प्रमोशन के साथ-साथ वेतन में भी वृद्धि होगी, जिससे उन्हें खुशियां मिलेगी। प्रेम और सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी। आपकी दीर्घकालीन योजनाओं से आपको अच्छा धन मिलेगा, जो आपको खुशी देगा।

**तुला**- आज का दिन आपके लिए मध्यम रुप से फलदायक रहने वाला है। आप भविष्य को लेकर कोई बड़ा इन्वेस्टमेंट करेंगे। बिजनेस में आपको अच्छा पर मिलने से मुनाफा मिलने से खुशी होगी। यदि किसी संपत्ति को लेकर कोई वाद विवाद चल रहा था, तो वह भी दूर होगा। परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा।

**वृश्चिक**- आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपके परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है। यदि आपकी कोई प्रिय वस्तु खो गयी थी, तो उसके भी आपको मिलने की पूरी संभावना है। आप किसी स्कॉलरशिप से संबंधित एग्जाम की तैयारी कर सकते हैं। आपको दोस्तों के साथ बैठकर खाली समय व्यतीत करने से अच्छा है कि आप अपने कामों पर ध्यान लगाएं।

**धनु**- आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आपका लंबे समय से रुका हुआ काम पूरा होगा। किसी नए घर को खरीदने का सपना पूरा होगा। बच्चों को आप कहीं मॉल, पार्क आदि लेकर जाने की प्लानिंग कर सकते हैं। भाई व बहनों का सहयोग आपको भरपूर मात्रा में मिलेगा। जीवनसाथी की आपसे कहासुनी हो सकती है।

**मकर**- आज के दिन आपको किसी जोखिम भरे काम में हाथ डालने से बचने के लिए रहेगा। बिजनेस में आप किसी की कहीसुनी बातों में ना आएं। काम को लेकर आपके ऊपर दबाव अधिक रहेगा। आपको कुछ विशेष व्यक्तियों से मिलने का मौका मिलेगा। माताजी से यदि आपने कोई वादा किया है, तो आपको उसे पूरा करना होगा।

**कुंभ**- आज का दिन आपके लिए रक्त संबंधी रिश्तों में मजबूती लेकर आएगा। आपको अनजान लोगों से दूरी बनाकर रखना बेहतर रहेगा। आपको वरिष्ठ सदस्यों से काम को लेकर सलाह लेनी पड़ सकती है। आपको आंख व कान खोलकर कार्यक्षेत्र में काम करना होगा, नहीं तो विरोधी आपके कामों को बिगाड़ने की कोशिश कर सकते हैं।

**मीन**- आज का दिन अनुकूल रहने वाला है। दान-धर्म के कार्यो में आपकी काफी रुचि रहेगी। कार्यक्षेत्र में आपको कोई जिम्मेदारी भरा काम मिल सकता है। अविवाहित जातकों के जीवन में उत्तम विवाह के प्रस्ताव आ सकते हैं। कार्यक्षेत्र में यदि आपको कोई जिम्मेदारी सौंपी जाए, तो आप उससे बिल्कुल पीछे न हटें। परिवार में किसी सदस्य की सेहत में उतार-चढ़ाव रहने के कारण आपको मेहनत अधिक करनी होगी।

## शब्दजाल - 8138

*शब्दजाल में 'मुमताज' अभिनीत 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए. नाम उपर से नीचे व तिरछे हैं.*

सेहरा, मेरे सनम, हमराज, सूरज, पत्थर के सनम, रोटी, राम और श्याम, अनपढ़, आग, लड़का लड़की

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | व | मे | रि | दु | ला | से | ह | रा | ट | र्जी |
| क | ग | क | दू | इं | जी | ने | शि | या | प | नी |
| सू | पी | अ | न | प | ढ़ | बा | द | ह | त्थ | ल |
| र | ग | ए | रा | जा | बा | बू | ल | ह | र | प्रे |
| ज | र | रा | म | न | ह | ला | कि | यो | के | मे |
| रो | इ | वि | मो | ग | प | म | शी | ह | स | रे |
| न | टी | ल | रा | व | मा | जो | रा | व | न | स |
| क | रि | र | र | य | र | प | म | ज | म | न |
| रा | म | औ | र | श्या | म | ज | जी | शा | जू | म |
| र | ग | ल | नो | ला | व | प | स | री | टि | प |
| बां | स | सा | ज | ल | ड़ | का | ल | ड़ | की | ल |

### शब्दजाल - 8137 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रं | रा | जें | द्र | कु | मा | य | च | ज | पे | यी |
| द | गी | ल | प्रे | व | जी | म | द | म | कां | रा |
| जु | स | ला | म | न | क | रा | ल | ल | त्का | म |
| दा | स | स | क | मा | सू | म | ध | त्रि | श | र |
| ई | आ | द्रो | ही | स | ज | ना | तू | दे | झ | प |
| न | ल | अ | र | दि | म | उ | ती | कौ | घ | दौ |
| क | व | रि | फ | जी | प | बा | ज | न | व | ड़ |
| श | एं | वा | ई | ला | ब | र्ड | डू | ए | श | व्हा |
| मी | ड | ल | फू | ल | तू | र | स | त्या | शी | आ |
| र | गॉ | ल | प | लि | जी | न | ला | कौ | ल | द |
| वि | ज | अ | ग्नि | खू | ब | सू | र | त | प | म |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## फिल्म वर्ग पहेली- 7082



**बायें से दायें:-**

१. अमिताभ, सलमान, हेमा, महिमा की फिल्म-४
४. बी.आर. चोपड़ा की फिल्म 'निकाह' की नायिका कौन थी-३
६. अशोककुमार, संजीवकुमार, सुमिता सान्याल की फिल्म-४
७. फिल्म 'चाँद का टुकड़ा' में श्रीदेवी के साथ नायक कौन था-४
९. अयूब खान, आयशा जुल्का की 'ओ सरफि री ओ' गीत वाली फिल्म-३
११. 'अंख लड़ती है तो लड़ने दे' गीत वाली संजयदत्त, मनीषा स्वीना की फिल्म-२
१२. अर्जुन रमपाल, जायेदखान, अमीषा की 'मैं इश्क उसका' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'बड़े नाजुक दौर से' गीत वाली अभिषेक, भूमिका चावला की फिल्म-२
१५. जॉन अब्राहम, उदिता गोस्वामी की 'अपनी चाहतों पे' गीत वाली फिल्म-२
१९. 'एरी रे एरी क्या है पहेली' गीत वाली ऋतिक, जैकी, करीना की फिल्म-२
२०. अक्षय, सुनील शेट्टी, करिश्मा, सोनाली की 'तेरा ये देख के' गीत वाली फिल्म-३
२२. फिल्म 'पूरब और पश्चिम' का निर्माता निर्देशक, नायक कौन था-३
२४. सुनीलदत्त, वहीदा, आशा पारेख की 'इतना ना मुझसे तू प्यार बढ़ा' गीत वाली फिल्म-२
२५. 'चप्पा चप्पा चरखा' गीत वाली चंद्रचूड़सिंह, अरशद वारसी, रवि गोसाई, तब्बू की फिल्म-३
२६. 'मिलती है जिंदगी में' गीत वाली फिल्म 'आँखें' में धर्मेन्द्र के साथ नायिका कौन थी-२
२८. फिल्म 'राजाजी' में गोविंदा के साथ नायिका कौन थी-३
३१. अमिताभ, शशि, स्मिता की 'आज रपट जायें तो' गीत वाली फिल्म-३,३

**ऊपर से नीचे:-**

१. संजयदत्त, इंद्रकुमार, मनीषा की फिल्म-२
२. बॉबी देओल, रानी की 'मिलने से डरता है दिल' गीत वाली फिल्म-३
३. 'गुड मार्निंग इंडिया' गीत वाली फिल्म-२
४. कमल हासन, श्रीदेवी की 'ऐ जिंदगी गले गला ले' गीत वाली फिल्म-३
५. राजेश खन्ना, शर्मिला टैगोर की फिल्म-३
६. 'दिल में छुपा के प्यार का' गीतवाली फिल्म-२
७. 'जो तुमको हो पसंद' गीत वाली राजेश खन्ना, शर्मिला टैगोर की फिल्म-३
८. देव आनंद, माला सिन्हा की 'जारे जारे उड़ जारे पंछी' गीत वाली फिल्म-२
१०. 'भैया मेरे पापा को' गीत वाली मनोज बाजपेयी, रवीना टंडन की फिल्म-२
१२. अजय, मास्टर सत्यजीत, अलका की 'एक तेरा साथ हमको' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'चोरों को सारे नजर' गीत वाली फिल्म-२,३
१६. नाना, अजय, फरदीन, रेखा, उर्मिला की 'ये सर्द आहें मेरी' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'आज उनसे पहली मुलाकात होगी' गीत वाली राकेश रोशन, हेमा की फिल्म-३,२
१८. राकेश रोशन, जयाप्रदा की 'तुम संग प्रीत लगाई सजना' गीत वाली फिल्म-४
२१. 'तुम्हे जिंदगी के उजाले मुबारक' गीत वाली धर्मेन्द्र, मीना कुमारी की फिल्म-३
२३. प्रशांत, ऐश्वर्या राय की फिल्म-२
२७. 'मैं राजू दीवाना' गीत वाली फिल्म-३
२९. 'शोले' में धर्मेन्द्र के किरदार का नाम ?-२
३०. अमिताभ वाली संजय लीला की फिल्म जिसमें रानी मुखर्जी मूक-बधिर बनी है-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 7081

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ह | ल | च | ल | ■ | जी | व | न | मृ | त्यु |
| व | ■ | मे | ■ | भू | त | ■ | ■ | लु | ■ |
| स | हे | ली | ■ | मि | ■ | खा | न | दा | न |
| ■ | रा | ■ | शि | का | र | ■ | सी | ता | ■ |
| धू | म | ■ | वा | ■ | क्ष | ■ | ब | ■ | बे |
| प | ■ | खे | ■ | ता | क | त | ■ | ■ | ता |
| ■ | गो | ल | मा | ल | ■ | ला | ट | सा | ब |
| पा | पी | ■ | शू | ■ | जो | श | ■ | या | ■ |
| की | ■ | शं | क | रा | ■ | ■ | घा | ■ | स्व |
| जा | नू | ■ | ■ | ज | मा | न | त | ■ | र्ग |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**12 जनवरी 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




**सोमवार** 2026 वर्ष का 12 वा दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** हेमन्त।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** माघ (दक्षिण भारत में पौष)
**पक्ष** कृष्ण
**तिथि** नवमी 12.43 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** स्वाती 21.06 बजे को समाप्त।
**योग** धृति 18.12 बजे को समाप्त।
**करण** गर 12.43 बजे तदनन्तर वणिज 02.00 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 22.9 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 21° 41'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1872587
**जूलियन दिन** 2461052.5
**कलियुग संवत्** 5126
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447 **महीना** रज्जब
**तारीख** 22 **विशेष** स्वामी विवेकानंद जयंती, राष्ट्रीय युवा दिवस।

| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ | समय |
|---|---|---|---|
| सूर्य | धनु में | मकर | 06.57 बजे से |
| चंद्र | तुला में | कुंभ | 08.43 बजे से |
| मंगल | धनु में | मीन | 10.16 बजे से |
| बुध | धनु में | मेष | 11.46 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | वृष | 13.27 बजे से |
| शुक्र | धनु में | मिथुन | 15.25 बजे से |
| शनि | मीन में | कर्क | 17.38 बजे से |
| राहु | कुंभ में | सिंह | 19.54 बजे से |
| केतु | सिंह में | कन्या | 22.06 बजे से |
| राहुकाल | | तुला | 00.17 बजे से |
| 7.30 से 9.00 | | वृश्चिक | 02.32 ब.से |
| बजे तक | | धनु | 04.48 बजे से |

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## प्रसंगतः उदारता की राह

कविवर रवींद्रनाथ टैगोर को नोबेल पुरस्कार मिला। न सिर्फ देश से बल्कि दुनिया के कोने-कोने से बधाई संदेश आने लगे। उनके घर पर अतिथियों का तांता लग गया। उनका एक पड़ोसी यह सब टकटकी लगाकर देखता रहा। उन्हें बधाई देने की बात तो दूर, उसने उन्हें नमस्कार तक नहीं किया। टैगोर को यह व्यवहार अखरा लेकिन उन्होंने इसे भुलाने की कोशिश की। पर भुला नहीं पाए। बार-बार उनके सामने उसका चेहरा सामने आ जाता था। वह जब-जब उसके बारे-बारे में सोचते, क्रोध से भर जाते। अगली सुबह वह समुद्र के किनारे टहल रहे थे। सूर्य की किरणें पड़ने से सागर चांदी सा दमक उठा था। टैगोर भाव-विभोर होकर लहरें देखते रहे। तभी उनकी नजर करीब ही पानी से भरे एक गड्ढे पर पड़ी। वहां भी सूर्य की किरणें बराबर पड़ रही थीं। गड्ढे का जल भी चमक रहा था। तभी टैगोर को ख्याल आया कि सूर्य ने तो सब पर बराबर किरणें फैलाई हैं। उसने तो समुद्र और गड्ढे में अंतर नहीं किया। टैगोर को अपनी गलती का अहसास हुआ। वह तो बेकार ही एक छोटी सी बात को लेकर बैठे हुए थे। अगर दूसरा अपनी उदारता छोड़ रहा है तो वो क्यों छोड़ें। वह तत्काल उस पड़ोसी के घर गए। उस समय वह जलपान कर रहा था। टैगोर ने फौरन उसके चरण स्पर्श किए। पड़ोसी की आंखें गीली हो गईं। वह बोला, 'आप जैसे देवतुल्य व्यक्ति को नोबेल पुरस्कार मिलना ही चाहिए था।' यह कह कर उसने टैगोर के चरण स्पर्श किए। दोनों के बीच की दूरी मिट गई।

## सूडोकु नवताल- 7391

★★★✩✩ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | 9 | | 6 | 1 | | 8 |
| 6 | 8 | | | | | | | |
| | 1 | 7 | 3 | 8 | | 4 | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | | 9 |
| 5 | | 1 | 8 | | | 2 | | 7 |
| 2 | | | 5 | | 1 | | 8 | 4 |
| | | 3 | | 7 | 5 | 8 | 6 | |
| | | | | | | | 9 | 5 |
| 7 | | 6 | 2 | | 8 | | | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7390 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 8 | 6 |
| 7 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 |
| 8 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 3 | 6 | 4 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |

## शब्द पहेली - 8606



**बाएँ से दाएँ**

1. इच्छा, मन्नत-2
3. आश्रय, शरण-3
6. ठाठ-बाट-2
8. प्रकार-3
10. आवरण-3
12. तीर्थ, धार्मिक यात्रा-3
14. ख्वाब, स्वप्न-3
17. घर, आवास-3
19. लोच-3
21. भस्म, खाक-2
23. निगाह, दृष्टि-3
25. संबोधन-2
26. देवर्षि-3
28. तिजोरी-3
30. तरंग, हिलोर-3
32. गुंडा, बदमाश-3
35. अनुकृति-3
37. नाप करना-3
39. थोड़ा-2
40. उल्टी, कै-3
41. मां के पिता-2

**ऊपर से नीचे**

1. सप्तम, सातवां-2
2. पृथ्वी, वसुंधरा-3
4. घ्राणेंद्रिय-2
5. वासना, लालसा-3
7. खुमार, सरूर-2
9. रनिवास (उर्दू-3)
11. चतुर, तेज-3
13. थकावट-3
15. नृत्य करना-3
16. कुल, खानदान, वंश-3
18. पुराना जुकाम-3
20. कटि, शरीर का मध्यांग-3
22. ईमामदस्ता-3
24. नकद राशि, रोकड़-3
27. जलने की क्रिया-3
29. रवानगी, विदा होना-3
31. राशि, धन-3
33. आलेप करना, पोतना-3
34. रहस्य-2
36. बुरी आदत-2
38. अनेक प्रकार-2

### शब्द पहेली -8605 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श | ब | ■ | ता | ■ | य | ■ | लॉ | क |
| रा | ■ | ला | ल | ■ | श | ह | ■ | हा |
| ब | से | रा | ■ | सा | ■ | क | स | र |
| ■ | ना | ■ | आ | स | रा | ■ | र | ■ |
| अ | ना | मि | का | ■ | श | रा | फ | त |
| ■ | य | ■ | र | ह | न | ■ | रो | ■ |
| म | क | र | ■ | र | ■ | प्रे | श | र |
| लि | ■ | ज | मा | ■ | आ | स | ■ | स |
| न | र | ■ | न | ■ | म | ■ | आ | ना |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# उत्कृष्ट विद्यालय के विद्यार्थियों ने पर्यावरण एवं जंगल की अनुभूति किया, जंगल की दुनिया को जाना





**पद्मेश न्यूज। लांजी।**

वन विभाग लांजी के द्वारा देश के भविष्य को अलग अलग पर्यावरण क्षेत्रों में भ्रमण करवाकर वनो की अनुभूति करवाई जाती है ताकि हमारे छात्र छात्राऐं इस जंगल की दुनिया को जाने, पर्यावरण के महत्व को पहचाने, वन्य जीवों से परीचित होवे, पेड़ पौधे, पक्षी, जलीय जीव आदि को जान पाये और इनके हमारे जीवन मे महत्व को समझे इस पूरी प्रक्रिया से अवगत कराने हेतु समय समय पर अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है वहीं इस कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रतिवर्ष एक विशेष थीम भी तैयार की जाती है जो कि इस वर्ष मै भी बाघ, हम है बदलाव, हम है प्रकति थीम पर बच्चो को पर्यावरण एवं जंगल की अनुभूति करवाई गई। इस संबध में वन परिक्षेत्र अधिकारी के द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार वन विभाग द्वारा स्कूली छात्र-छात्राओं को पर्यावरण एवं वन से परिचय कराने हेतु प्रतिवर्ष अलग-अलग वन क्षेत्रों में पर्यावरण अनुभूति कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। जिसके तहत 8 जनवरी 2026 को दक्षिण सामान्य वन मण्डल की परिक्षेत्र पूर्व लांजी सामान्य द्वारा वन क्षेत्र गांगजीराजा चिलोरा बीट क्रमांक 371 कक्ष्र क्रमांक में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लांजी के 126 छात्र, छात्राओं, शिक्षकों के साथ राकेश कुमार अडकने उप वनमंडल अधिकारी लांजी सामान्य, अभिषेक जाट वनपरिक्षेत्र अधिकारी पूर्व लांजी सामान्य, तथा वनपाल, वनरक्षक, जनप्रतिनिधि, सरपंच,ख्पंच गण, ग्राम पंचायत घोटी, वन सुरक्षा समिति अध्यक्ष नंदोरा, सुलसुली, माहुरखोदरा, बंजरटोला, गुलपुर, पौसेरा के गणमान्य गणों सहित संपूर्ण वन अमले की उपस्थित में अनुभूति कार्यक्रम आयोजित किया गया।

मध्य प्रदेश शासन वन विभाग द्वारा स्कूली बच्चों में प्रकृति, वृक्ष, वन तथा वन्य जीवों के प्रति संरक्षण की भावना विकसित करने हेतु अनुभूति कार्यक्रम 8 जनवरी 2026 को आयोजित किया गया। जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला लांजी 126 छात्राओ ने प्रतिभागिता कर प्रर्यावरण संवेदी बनाने एवं जागरूक कर प्रर्यावरण संरक्षण में उनकी सहभागिता प्राप्त करने हेतु विधार्थियों को वन एवं वन्य जीवों से रुबरु करवाया गया जिसके तहत नेचुरल ट्रैल पर भ्रमण करवाया गया एवं क्वीज कांटेस्ट आयोजित कर प्रश्न पत्र हल करवाये गये। छात्राओ ने अनुभूति कार्यक्रम के तहत प्रकृति एवं पर्यावरण को करीब से जाना, बच्चों ने दूरबीन से पक्षी दर्शन , जंगली जीवों के बारे में रोचक जानकारी तथा पर्यावरण संरक्षण के तरीके के बारे में प्रत्यक्ष रूप से जाना, वन संरक्षण पर आधारित प्रश्नों के उत्तर देकर बच्चों ने पुरस्कार भी प्राप्त किये। कार्यक्रम में विभाग के द्वारा बच्चो के लिये स्वल्पहार, भोजन की व्यवस्था भी की गई थी, उक्त संपूर्ण कार्यक्रम मे बच्चो ने बेहद ही आनंद पूर्वक जानकारी प्राप्त कर जंगल की अनुभूति प्राप्त की। विभाग द्वारा आयोजित अनुभूति प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया सभी को अध्ययन सामग्री भेंट स्वरूप प्रदान की गई। अनुभूति कार्यक्रम को लेकर वन परिक्षेत्र अधिकारी अभिषेक जाट ने बताया की अनुभूति का अर्थ ही है जंगल को महसूस करना। अनुभूति कार्यक्रम के माध्यम से हम बच्चों को जंगल को समझने और उसे महसूस करने कहते हैं। इस कार्यक्रम में बच्चों को दिनभर जंगल में विभिन्न कार्यक्रम के माध्यम से जंगल घूमाते हैं जिसके बाद आखिर में बच्चों से उनके दिनभर के क्रियाकलापों की प्रतिक्रिया लेते हैं जिसमें बच्चे कहते भी है कि वह घर जाकर अपने पड़ोसी और घर वालों को जंगल में पेड़ काटने और आगे न लगाने के प्रति जागरूक करेंगे जिसके कारण गांव वाले भी जागरूक होते हैं। हमारा संदेश है कि जंगल को कम से कम नुकसान पहुंचाया जाए और वन्य प्राणियों का भी संरक्षण किया जाए।

### आने वाली पीढ़ी वनों और वनों के संरक्षण को समझ सके

अनुभूति कार्यक्रम के मास्टर ट्रेनर अनीश चाल्स एवं ज्ञानचंद शर्मा जो कि संपूर्ण कार्यक्रम में बच्चो एवं वन विभाग को अनुभूति कार्यक्रम के महत्व को समझाते है उनके द्वारा बताया गया की मध्य प्रदेश इको डेवलपमेंट बोर्ड अनुभूति कार्यक्रम के माध्यम से इस कार्यक्रम को संचालित किया जाता है। पूरे प्रदेश में सवा लाख बच्चों को जंगल और उसमें होने वाली गतिविधियों के बारे में बताया जाता है जिससे आने वाली पीढ़ी वनों और वनों के संरक्षण को समझ सके एवं उनके साथ खड़े होकर भावी पीढ़ी का निर्माण कर सकें। इसी के तहत 8 जनवरी 2026 को गांगजीराजा चिलोरा कक्ष क्रमांक 371 में बच्चों को लाया गया जिन्होंने बहुत से पक्षी के साथ में जंगल के बारे में जानकारी ली, जंगल की गतिविधियों के बारे में जाना। इस कार्यक्रम में जो बताया जाता है उसे कक्षा नवमी के ऊपर की जो कक्षा है उनके विषय में टॉपिक आ जाते हैं जैसे पारिस्थितिक तंत्र, मृदा क्षरण, जल संरक्षण, वन्य प्राणी, खाद्य श्रृंखला इनको प्रैक्टिकल के माध्यम से अनुभूति कार्यक्रम में समझाते हैं ऐसी गतिविधि जो कक्षाओं में नहीं समझ सकते उन्हें अनुभूति के माध्यम से समझाया जाता है।

# लांजी विकासखंड में कृषि कल्याण वर्ष-2026 का शुभारंभ

## भानेगांव से कृषि रथ को दिखाई हरी झंडी

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** विकासखंड में मध्य प्रदेश सरकार द्वारा घोषित कृषि कल्याण वर्ष - 2026 (जिसे कृषक कल्याण वर्ष या कृषि वर्ष के रूप में भी जाना जाता है) के उपलक्ष्य में 11 जनवरी 2026 को कृषि रथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसकी शुरुआत ग्राम भानेगांव से हुई, जहां विधायक राजकुमार कर्राहे ने हरी झंडी दिखाकर रथ को रवाना किया।



यह कार्यक्रम प्रदेश स्तर पर भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कर-कमलों द्वारा कृषि रथ के शुभारंभ के साथ ही शुरू हुआ है। इसका मुख्य उद्देश्य किसानों और कृषि वैज्ञानिकों के बीच सीधा संपर्क स्थापित कर नवीन वैज्ञानिक तकनीकों, उन्नत खेती के तरीकों तथा सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी ग्राम स्तर तक पहुंचाना है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से जैविक खेती एवं प्राकृतिक कृषि का विस्तार, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार, एकीकृत पोषक तत्व, कीट एवं रोग प्रबंधन, कृषि को लाभकारी बनाने के व्यावहारिक उपाय, फसल विविधीकरण को बढ़ावा, विभागीय कृषि योजनाओं का प्रचार, प्रधानमंत्री धन-धान्य योजना की जानकारी, ई-विकास प्रणाली के अंतर्गत ई-टोकन उर्वरक वितरण व्यवस्था, पराली प्रबंधन एवं इसके प्रभावी उपाय आदि पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं जनप्रतिनिधि के रूप में विधायक राजकुमार कर्राहे के अलावा जनपद पंचायत सदस्य डोरली रेवाराम जी करहाटकरे, जनपद पंचायत सदस्य उमरी नीलकंठ ठाकरे, भानेगांव भाजपा मंडल अध्यक्ष सीताराम रावते, भानेगांव ग्राम पंचायत सरपंच रामकुमार ठाकरे, मोंहझरी सरपंच संतोष नाकतोडे, सावरीकला सरपंच ओमकार रहांगडाले, चिखलामाली उपसरपंच सुभाष राहंगडाले सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

विभागीय अधिकारियों में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कुलदीप गणवीर एवं कृषि विभाग अमला, पशुपालन विभाग से डॉ. प्रियांश वासनिक एवं क्षेत्रीय अमला, आत्मा समिति से ब्लॉक टेक्नोलॉजी मैनेजर अजय बीजेवार एवं अमला तथा उद्यानिकी विभाग के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

कार्यक्रम का संचालन कृषि विस्तार अधिकारी अंकित मेश्राम एवं विनय प्रकाश बागड़े द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया।

### विभागों द्वारा दी गई प्रमुख जानकारी

आत्मा समिति द्वारा जैविक एवं प्राकृतिक खेती के महत्व पर विस्तृत चर्चा, कृषि विभाग द्वारा मृदा स्वास्थ्य कार्ड, एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन, धान के विकल्प फसलें, फसल विविधीकरण, विभागीय योजनाएं, प्रधानमंत्री धन-धान्य योजना, ई-टोकन उर्वरक वितरण तथा पराली प्रबंधन पर जानकारी दी। पशुपालन विभाग से सहायक वेटेरिनरी फील्ड ऑफिसर अशोक नारनौरे द्वारा पशुपालन में लाभ कमाने की योजनाओं की जानकारी दी।

सरकार ने इस अभियान को तेजी से लागू करने के लिए एक दिन में कृषि रथ को कम से कम तीन ग्राम पंचायतों तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। इसी क्रम में भानेगांव में कार्यक्रम समाप्त होने के उपरांत रथ को भानेगांव एवं टेमनी की ओर रवाना किया गया। यह पहल मध्य प्रदेश को समृद्ध किसान-समृद्ध प्रदेश बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो किसानों की आय बढ़ाने, तकनीकी नवाचार लाने तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने पर केंद्रित है।

# युवा दिवस पर आज लक्ष्मीकांता कॉलेज परिसर में विशाल रक्तदान शिविर

## अभाविप लांजी और मेधालिपि फाउंडेशन ने नगरवासियों से रक्तदान करने की अपील




**पद्मेश न्यूज। लांजी।** युवा दिवस एवं स्वामी विवेकानंद जयंती के पावन अवसर पर समाजसेवा की भावना को सशक्त करने के उद्देश्य से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, भारत माता पब्लिक स्कूल मेधालिपि फाउंडेशन-24 के संयुक्त तत्वावधान में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 12 जनवरी को प्रात: 11 बजे से लक्ष्मीकांता कॉलेज परिसर में आयोजित होगा।

कार्यक्रम के आयोजकों ने बताया कि स्वामी विवेकानंद जी के विचारों—उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक रुको मत—से प्रेरित होकर यह आयोजन किया जा रहा है, ताकि युवा शक्ति समाज के प्रति अपने कर्तव्यों को समझे और मानव सेवा में सक्रिय भूमिका निभाए। रक्तदान शिविर के माध्यम से जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा।

आयोजकों के अनुसार, शिविर में प्रशिक्षित चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की देखरेख में रक्तदान की संपूर्ण व्यवस्था की जाएगी, जिससे रक्तदाताओं की सुरक्षा एवं सुविधा सुनिश्चित हो सके। रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं को आवश्यक प्रमाण-पत्र एवं स्वास्थ्य संबंधी परामर्श भी प्रदान किया जाएगा।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने नगरवासियों, युवाओं, सामाजिक संगठनों एवं स्वयंसेवियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर रक्तदान जैसे महादान में भाग लें और स्वामी विवेकानंद जी की जयंती को सेवा और समर्पण के साथ मनाएँ।

आयोजकों ने विश्वास व्यक्त किया कि नगरवासियों के सहयोग से यह रक्तदान शिविर पूर्णत: सफल होगा और अनेक जरूरतमंदों के जीवन की रक्षा में सहायक सिद्ध होगा।

# घोटी में आज से पंचायती टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** जनपद पंचायत क्षेत्र घोटी नंदोरा अन्तर्गत आज 12 जनवरी को ग्राम पंचायत घोटी के नन्दी चौक स्थित मैदान में न्यू बजरंग क्रिकेट क्लब के द्वारा स्व. अनिल कुमार ढोक की स्मृति में पंचायती टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता टी 10- का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन समिति ने बताया कि प्रतियोगिता का यह प्रथम वर्ष है। जिसमें प्रथम पुरस्कार 10 हजार 10 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 5 हजार 5 रूपये तथा प्रवेश शुल्क 555 रूपये निर्धारित की गई है। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक राजकुमार कर्राहे, विशेष अतिथि पूर्व विधायक रमेश भटेरे, पूर्व विधायक सुश्री हिना लिखीराम कावरे, विशिष्ट अतिथि जनपद अध्यक्ष अर्चना खोंगल, नगर परिषद अध्यक्ष रेखा ताराचंद कालबेले, दुलीचंद राजनीरे जिपस, उपाध्यक्ष जनपद अजय अवसरे, जनपद सदस्य सरस्वती तुकाराम बारेकर, सरपंच श्रीचंद कामड़े, राजेश्वर दांदरे, भाजपा मण्डल अध्यक्ष आलोक चौरसिया, गौरव बैस विधायक प्रतिनिधि, संतोष मोरघडे, ओमप्रकाश दौने, कृष्णा पांचे सहित अन्य आमंत्रित अतिथियो के उपस्थिती में फीता काटकर राष्ट्र गान के साथ प्रतियोगिता का शुभारंभ किया जायेगा। संपूर्ण प्रतियोगिता के संयोजक तुकाराम बारेकर,अध्यक्ष यादव परते, उपाध्यक्ष राज ठाकुर,सचिव ओमप्रकाश आसटकर, हेतराम नारनौरे, कप्तान दीपक जामुरे, उपकप्तान अमित नारनौरे सहित सदस्य गण शुभम बारेकर, विरेन्द्र नारनौरे, एस कुमार सिरामे, युवराज धारणे, विकास नारनौरे, विजय दल्लेमाल, अनुराग धारणे, योगेश वाकड़े, संदीप दल्लेमाल, नवीन मानकर, रवि मानकर, छोटू हुसैन, देवा नागफासे, आयुष नारनौरे, अजय मानकर, दीपक गजबे, सागर लिल्हारे, शुभम वाकडे,राजा सैय्यद,



इरफान खान, म्मृत्यूंजय पांचे, अभिनव बारेकर, मुकिश चौके, नरसिम्हा चौधरी, सौरभ चौके, सलमान खान, राकेश मानकर, राजेन्द्र मानकर, भिवराम दांदरे, आशीष दांदरे, संजू कावरे एवं समस्त खिलाड़ी तथा ग्राम के वरिष्ठ गणो ने सभी खेल प्रेमियों से उक्त शुभारंभ अवसर पर पंहुचने की अपील की है तथा पंचायत स्तरीय टीमों को आमंत्रित किया है प्रतियोगिता में सहभागिता की जाये ताकि क्षेत्र के युवा प्रतिभाओं को मौका मिल सके अपनी प्रतिभा को दिखाने का तथा क्षेत्र के लोगो एक अच्छी प्रतियोगिता देखने मिले और खिलाडियो का उत्साह वर्धन किया जा सके।

# इकबाल बेग मिर्जा सुपुर्देखाक

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** आमगांव रोड़, बिसोनी निवासी इकबाल बेग मिर्जा का 75 वर्ष की आयु में 10-11 जनवरी 2026 की मध्यरात्रि करीब 1ः05 बजे इंतकाल हो गया।



अल्लाह की रहमत से वे अपनी लंबी उम्र और परिवार के साथ गुजारे गए जीवन के बाद हमेशा के लिए इस दुनिया से रुखसत हो गए। इकबाल बेग मिर्जा साहब का जनाजा 11 जनवरी को नमाज-ए-जोहर के बाद करीब 3 बजे बिसोनी कब्रिस्तान में बड़ी इज्जत के साथ सुपुर्द-ए-खाक किया गया।

वे अपने पीछे एक बेटा इकराम बेग मिर्जा और पांच बेटियों का स्नेहपूर्ण एवं भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनका निधन पूरे परिवार के लिए एक बड़ी क्षति है।

परिवार के सभी सदस्यों, रिश्तेदारों और बिसोनी-लांजी क्षेत्र के लोगों से दुआ है कि अल्लाह तआला मरहूम इकबाल बेग मिर्जा को जन्नतुल फिरदौस में आला मकाम अता फरमाए, उनके गुनाहों को माफ फरमाए और शोक संतप्त परिवार को सब्र-ए-जमील अता फरमाए।

# मलाजखंड में भाई-बहन के साथ मारपीट, आरोपी पर मामला दर्ज

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** मलाजखंड के अन्ना टी स्टॉल के सामने एक व्यक्ति और उसकी बहन के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। घटना 10 जनवरी की रात लगभग 10 बजे हुई, जिसे लेकर पुलिस ने आरोपी राजा भलावी के खिलाफ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार, संजय बंदरवार, निवासी वार्ड नंबर 20, इंदिरा मार्केट, मलाजखंड, मजदूरी के अलावा रात में अन्ना टी स्टॉल में रखवाली करते हैं। 10 जनवरी की रात करीब 9 बजे संजय अपनी नियमित ड्यूटी के लिए स्टॉल पर पहुंचे और वहां सो रहे थे। इसी दौरान मलाजखंड टाउनशिप के निवासी राजा भलावी अपने 8-10 साथियों के साथ स्टॉल के सामने चिल्लाते हुए आए। संजय ने उन्हें दुकान के सामने शोर-शराबा न करने के लिए मना किया। इस पर राजा भलावी गुस्से में आ गए और संजय को गालियां देने लगे। जब संजय ने गाली देने से इनकार किया, तो राजा भलावी ने उनके साथ हाथ बुक्के से मारपीट शुरू कर दी।बीच-बचाव के लिए जब संजय की छोटी बहन संध्या बंदरवार आई, तो उसे भी राजा भलावी ने मारपीट कर घायल कर दिया। दोनों भाई-बहन के चिल्लाने पर मोहल्ले और पड़ोस के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव किया।इसके बाद राजा भलावी ने धमकी दी कि यदि किसी बात के लिए उन्हें रोका गया तो वह संजय को जान से मार देंगे और फिर वहां से फरार हो गए।घटना के बाद संजय बंदरवार कोटवार मनोज मेश्राम के साथ मलाजखंड पुलिस थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने घायल संजय और उनकी बहन संध्या का इलाज बिरसा अस्पताल में करवाया। इस मामले में राजा भलावी के खिलाफ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मामला दर्ज कर लिया गया है।

लांजी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड)
कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

## मप्र में सर्दी बन रही जानलेवा... तेज ठंड से सिकुड़ जाती हैं आर्टिलरीज

# 21 दिन में हार्टअटैक, ब्रेन स्ट्रोक से 119 को मौत

भोपाल। दिसंबर और जनवरी के तेज ठंड वाले पिछले 21 दिनों में 119 मरीज हार्टअटैक, ब्रेन स्ट्रोक से मौत हो चुकी है। सर्दियों का मौसम हृदय, ब्लड प्रेशर, ब्रेन स्ट्रोक, हार्ट अटैक और सांस की बीमारियों वाले मरीजों के लिए गंभीर खतरे का समय भी है। चिकित्सकों का कहना है कि ठंड में रक्तचाप और हृदय संबंधी समस्याएं अचानक बढ़ सकती हैं, जिससे स्वास्थ्य पर सीधा असर पड़ता है। खासकर बुजुर्गों और पहले से बीमार लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है। विशेषज्ञों के अनुसार, गर्म कपड़े पहनना, बाहर जाने में सावधानी बरतना, दवाइयां समय पर लेना और भारी व्यायाम से बचना जीवन रक्षक कदम हो सकते हैं। जानकारी के अनुसार, भोपाल, इंदौर और जबलपुर में आधा सैकड़ा से अधिक मौतें हुई हैं।

हृदय रोग विशेषज्ञों का कहना है कि युवाओं में हार्ट अटैक बढने् की प्रमुख वजह डायबिटीज के साथ-साथ धूम्रपान और शराब का अत्यधिक सेवन है। सर्दी के मौसम में यह आदतें और ज्यादा घातक साबित हो रही हैं। इस साल हार्ट अटैक के मामलों में एक चिंताजनक बदलाव भी देखने को मिला है। अस्पताल में आने वाले मरीजों में 30 से 50 वर्ष की आयु वर्ग के लोग अधिक हैं। विशेषज्ञों के अनुसार



कई मरीजों में एक नहीं, बल्कि दो या उससे अधिक ब्लॉकेज पाए जा रहे हैं। चिकित्सों ने बताया कि सर्दी के मौसम में खून गाढ़ा हो जाता है, जिससे नसों में थक्के (क्लॉट) बनने की संभावना बढ़ जाती है। जब ये क्लॉट दिमाग तक खून की सप्लाई को रोक देते हैं, तो ब्रेन स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है। डॉक्टरों ने लोगों से सर्दी के मौसम में सतर्क रहने, नियमित स्वास्थ्य जांच कराने और जीवनशैली में सुधार लाने की अपील की है, ताकि इस तरह की जानलेवा स्थितियों से बचा जा सके। विशेषज्ञों का कहना है कि सर्दी के मौसम में विशेष सावधानी बरतें, अचानक दर्द या तकलीफ होने पर तुरंत चिकित्सा सलाह लें, धूम्रपान और शराब से दूरी बनाए रखें और पहले से हृदय या शुगर से पीड़ित मरीज नियमित दवाएं और जांच जरूर कराएं।

### सबसे अधिक ग्वालियर में मौत

ग्वालियर में कड़ाके की सर्दी अब जानलेवा साबित हो रही है। सर्दी के कारण हार्ट अटैक और ब्रेन स्ट्रोक के मरीजों की संख्या अचानक बढ़ गई है। जयारोग्य अस्पताल समूह में बीते 15 दिन में हार्ट अटैक के 308 और ब्रेन स्ट्रोक के 123 मरीज पहुंचे हैं। इनमें से बीते 12 दिनों में 23 की मौत हो गई है। कार्डियोलॉजिस्ट और न्यूरोलॉजिस्ट ने लोगों को सर्दी से बचाव की सलाह दी है। जयारोग्य अस्पताल में इलाज कराने वाले 16 मरीजों की मौत हार्ट अटैक से हुई है। जबकि ब्रेन स्ट्रोक के 15 मरीजों की मौत अस्पताल पहुंचने से पहले या इलाज शुरू होने के तुरंत बाद हो गई। मरीजों की संख्या लगातार बढने् के कारण जेएएच में बेड कम पड़ गए हैं। हालात ऐसे बन गए हैं कि कई मरीजों को जमीन पर लिटाकर इलाज करना पड़ रहा है। अस्पताल प्रशासन के सामने संसाधनों की कमी और मरीजों का बढ़ता दबाव बड़ी चुनौती बन गया है।

### भिंड में 14 लोगों की हार्ट अटैक से मौत

पांच साल में सर्दियों में दिल और लकवा के मरीज तेजी से बढ़े हैं। रोजाना एक या दो लोगों की मौत हार्ट अटैक से हो रही है। बीते बीस दिन में 60 लोगों को हार्ट अटैक की समस्या के कारण अस्पताल के आइसीयू में भर्ती कराना पड़ा है, जिसमें 14 मरीज तो ऐसे हैं, जो अस्पताल तक नहीं पहुंच पाए हैं। हृदयघात की घटनाओं को रोकने में चिकित्सकों के सुझाव भी बेअसर नजर आ रहे हैं। बता दें अचानक सर्दी से उच्च रक्तचाप वाले लोगों के शरीर में रक्त की धमनियां सिकुड़ रही हैं। हृदय तक रक्त पहुंचाने वाली नशें संकुचित होने से खून का संचार बंद हो जाता है। इस समस्या से ग्रसित सात मरीजों ने हाल ही में अस्पताल पहुंचने से पहले ही दम तोड़ दिया है।

### दांत, छाती और पेट के दर्द को नजरअंदाज नहीं करें

दांत, छाती और पेट में होने वाले दर्द को हल्के में लेना जानलेवा साबित हो सकता है। इस बार चिंता की बात यह है कि कम उम्र के युवाओं में भी कार्डियक अरेस्ट के मामले सामने आ रहे हैं। कार्डियोलॉजी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. गौरव कवि साय ने बताया कि हाल के दिनों में कार्डियक अरेस्ट से होने वाली मौतें अधिक देखने को मिल रही हैं। खास बात यह है कि 21 साल तक की उम्र के युवाओं में भी ऐसे केस सामने आ रहे हैं, जो पहले बहुत कम देखने को मिलते थे। उन्होंने कहा कि यदि दांत, छाती या पेट में असामान्य दर्द हो तो उसे बिल्कुल भी नजरअंदाज न करें और तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। वरिष्ठ कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. राम रावत का कहना है कि इस मौसम में सुबह जल्दी टहलने से बचना चाहिए, खासकर हार्ट पेशेंट्स को। अत्यधिक ठंड में अचानक बाहर निकलना दिल के मरीजों के लिए खतरनाक हो सकता है।

## मुख्य सचिव अनुराग जैन 15 को लेंगे कलेक्टरों की क्लास!

### -रिपोर्ट कार्ड होगा तैयार, ट्रांसफर लिस्ट जारी होगी

भोपाल। मध्य प्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग जैन जल्द ही अफसर की समीक्षा करने जा रहे हैं। 15 जनवरी को प्रदेश के सभी कलेक्टर को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मौजूद रहना है। मंत्रालय से लेकर फील्ड स्तर तक की अधिकारियों का रिपोर्ट कार्ड भी तैयार किया जाएगा। उसके बाद अफसर के परफॉर्मेंस के आधार पर ट्रांसफर सूची भी जारी की जाएगी। माना जा रहा है कि जिन अफसरों का प्रमोशन हुआ है, उनके नाम शामिल है। हालांकि परफॉर्मेंस के आधार पर उन्हें कई जिलों से हटाकर मंत्रालय में पदस्थ किया जाएगा। वहीं मंत्रालय से लेकर मैदानी स्तर के अधिकारियों की समीक्षा भी होगी।



मंत्रालय से लेकर मैदानी स्तर तक के अधिकारियों का रिपोर्ट कार्ड मुख्य सचिव कार्यालय और सामान्य प्रशासन विभाग तैयार कर रहा है। 1 जनवरी को कई अधिकारी प्रमोट हुए थे लेकिन इनकी पदस्थापना यथावत रखी गई है। 15 जनवरी को मुख्य सचिव अनुराग जैन कलेक्टर, कमिश्नर, नगर निगम आयुक्त, जिला पंचायत और स्मार्ट सिटी के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों की कांफ्रेंस करने जा रहे हैं। इसमें मैदानी अधिकारियों के कामकाज का आकलन होगा। इसके बाद तबादलों का सिलसिला शुरू हो जाएगा। हालांकि कलेक्टर और जिला पंचायत के मुख्य कार्यालय अधिकारी 21 फरवरी तक नहीं बदले जाएंगे क्योंकि प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुननिरीक्षण का काम चल रहा है।

### अपर सचिव से लेकर सचिव के भी होंगे प्रमोशन

मध्य प्रदेश में कलेक्टर से लेकर सचिव स्तर तक के अधिकारियों को प्रमोशन मिल चुका है। सभी को प्रमोशन के साथ ही वर्तमान पदों पर पदस्थ किया गया है। कई अधिकारी को एक स्थान पर पदस्थ रहते हुए 2 साल से अधिक समय हो चुका है। उनके स्थान पर नए अधिकारी पदस्थ किए जाएंगे। वहीं मंत्रालय में कुछ अपर सचिव को सचिव बनाया गया है उनके प्रमोशन भी जल्द होना है। इसे देखते हुए मुख्य सचिव कार्यालय और सामान प्रशासन विभाग अपने स्तर पर तैयारी कर रहा है।

## वन विभाग ड्रोन और सीसीटीवी से रखेगा शिकारियों पर पैनी नजर

भोपाल। मप्र में लगातार हो रहे बाघों और अन्य वन्य प्राणियों के शिकार की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए वन विभाग ने ऑपरेशन वाइल्ड ट्रैप-2 शुरू कर दिया है। इस अभियान के तहत प्रदेश के सभी टाइगर रिजर्व, नेशनल पार्क और वन मंडलों में सघन गश्त और कड़ी निगरानी की जाएगी। वन विभाग का उद्देश्य शिकारियों की गतिविधियों पर पैनी नजर रखना और उन्हें रंगे हाथों पकडऩा है। इसके लिए आधुनिक तकनीकों का भी इस्तेमाल किया जा रहा है, जिसमें ड्रोन कैमरे और सीसीटीवी नेटवर्क के जरिए जंगलों के संवेदनशील इलाकों पर लगातार नजर रखी जाएगी। ऑपरेशन वाइल्ड ट्रैप-2 के तहत वन अमले को दिन और रात दोनों समय जंगलों में सक्रिय रहकर निगरानी करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई की जा सके।

### दिन और रात जंगलों में की जाएगी सघन ग्रस्त

प्रदेश में अब तक 56 बाघों की मौत हो चुकी है, जिसे वन्यजीव संरक्षण के लिहाज से बेहद चिंताजनक माना जा रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए 10 जनवरी से 15 फरवरी तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अवधि में टाइगर रिजर्व और वन मंडलों में लगातार गश्त की जाएगी और हर संदिग्ध व्यक्ति तथा गतिविधि पर नजर रखी जाएगी। वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि इस बार किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं बरती जाएगी। ड्रोन से ऊंचाई से जंगलों की निगरानी होगी और सीसीटीवी कैमरों से प्रवेश मार्गों तथा संवेदनशील इलाकों पर नजर रखी जाएगी ताकि शिकारियों को भागने का कोई मौका न मिले।

### शिकार में आधुनिक तकनीक का उपयोग

शिकारी अब आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल कर शिकार को अंजाम दे रहे हैं। रिपोर्टों के अनुसार नुकीले तार और विद्युत लाइन तार का जाल बिछाकर वन्यजीवों को फंसाया जाता है। वर्ष 2014 से 2025 के बीच मध्य प्रदेश में विद्युत तार लगाकर शिकार करने के 933 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। इनमें 322 जंगली सूअर, 118 नीलगाय, 101 तेंदुआ और 39 बाघों के शिकार के मामले शामिल हैं।

## एग्रो प्रोसेसिंग यूनिट के लिए 13 करोड़ कर्ज, नहीं चुकाया

भोपाल। कोलकाता स्थित केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की आर्थिक अपराध शाखा ने नेशनल बैंक फॉर एग्रीकल्चर एंड रूरल डेवलपमेंट (नाबार्ड) भोपाल के साथ करीब 13 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी के मामले में सेंधवा के तायल बंधुओं के खिलाफ एक दिन पहले एफआईआर दर्ज की है। यह कार्रवाई नाबार्ड भोपाल के डीजीएम नंदू जे. नायक की शिकायत पर की गई है। सीबीआई के अनुसार, इस कथित ऋण घोटाले के मुख्य आरोपी सेंधवा स्थित निमाड़ एग्रो पार्क के संचालक अर्पित कुमार तायल, निकुंज तायल, अशोक कुमार तायल और अंकित कुमार तायल हैं। इन चारों पर आरोप है कि उन्होंने वर्ष 2019 में ग्राम जामली में एक एग्रो प्रोसेसिंग क्लस्टर स्थापित करने के लिए नाबार्ड से 13.99 करोड़ रुपए का ऋण लिया था।

### ऐसा किया गोलमाल

इस परियोजना की कुल लागत 31 करोड़ रुपए से अधिक थी, जिसमें खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय से 10 करोड़ रुपए की सरकारी सहायता भी शामिल थी। सीबीआई की प्रारंभिक जांच से पता चला है कि आरोपियों ने बैंक अधिकारियों के साथ मिलीभगत कर साजिश रची। उन्होंने परियोजना के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचा तैयार करने के बजाय, अपनी ही दूसरी कंपनियों के साथ फर्जी समझौते किए। इसका उद्देश्य बैंक से ऋण की किस्तें जारी कराना था। वर्ष 2020 और 2021 के दौरान, बैंक ने पांच किस्तों में राशि जारी की। हालांकि, आरोपियों ने इस रकम को परियोजना में लगाने के बजाय अलग-अलग बैंक खातों में ट्रांसफर कर लिया। जांच एजेंसी के अनुसार,ऋण चुकाने के बजाय आरोपियों ने बार-बार परियोजना की समय-सीमा बढ़ाने का बहाना बनाकर बैंक अधिकारियों को गुमराह किया।

## पुराने मेडिकल कॉलेज बढ़ा सकेंगे एमबीबीएस सीटें

### मप्र में इस साल से लागू होगी नई व्यवस्था

भोपाल। नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए जारी नए आदेश से प्रदेश के पुराने मेडिकल कॉलेजों को बड़ी राहत मिली है। इस आदेश के बाद अब मेडिकल कॉलेजों पर लगी अधिकतम सीटों की सीमा लगभग खत्म हो गई है। इससे अगस्त 2023 में जारी उस गजट नोटिफिकेशन का असर कमजोर पड़ गया है, जिसमें पुराने मेडिकल कॉलेजों के लिए एमबीबीएस सीटों की संख्या सीमित कर दी गई थी।

सरकार ने अगस्त 2023 में जारी गजट नोटिफिकेशन में नियम बनाया था कि कोई भी मौजूदा मेडिकल कॉलेज 250 से अधिक सीटों के लिए आवेदन नहीं कर सकेगा। वहीं नए खुलने वाले मेडिकल कॉलेजों के लिए अधिकतम 150 सीटों की सीमा तय की गई थी। इसका उद्देश्य देशभर में मेडिकल सीटों का संतुलन बनाए रखना था, लेकिन इससे ग्वालियर के जीआरएमसी, इंदौर के एमजीएम और भोपाल के जीएमसी जैसे बड़े और पुराने कालेजों की विस्तार योजनाएं रुक गई थीं।

### मेडिकल कॉलेजों को मिलने की संभावना

लेकिन अब नए आदेश का लाभ ग्वालियर, इंदौर, भोपाल, जबलपुर, रीवा और सागर मेडिकल कॉलेजों को मिलने की संभावना है। इन कॉलेजों में पहले से ही पर्याप्त बेड, फैकल्टी और अस्पताल सुविधाएं मौजूद हैं, जिससे उन्हें एनएमसी से सीट वृद्धि की मंजूरी मिलने में आसानी होगी।

### एनएमसी का नया आदेश

22 दिसंबर 2025 को एनएमसी के सचिव डॉ. राघव लैंगर द्वारा जारी आदेश के बाद स्थिति बदल गई है। सत्र 2026-27 के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू होते ही यह साफ हो गया कि अब पुराने मेडिकल कॉलेजों के लिए सीटों की अधिकतम सीमा की बाध्यता को शिथिल कर दिया गया है। नए आदेश के अनुसार, यदि किसी मेडिकल कॉलेज के पास पर्याप्त इंफ्रास्ट्रक्चर, योग्य फैकल्टी और मरीजों की संख्या (पेशेंट लोड) उपलब्ध है, तो वह अपनी एमबीबीएस सीटें बढ़ाने के लिए आवेदन कर सकता है।

## गोवंशों की मौत के बाद हिंदूवादी संगठन उतरे सडक पर

भोपाल । राजधानी में नगर निगम का मॉडर्न स्लॉटर हाउस पहले से ही अवैध गतिविधियों के आरोपों में घिरा हुआ है। ऐसे में नगर निगम की गोशाला में कई गोवंश मौत होने की बात सामने आई। इसके बाद राजधानी के हिंदूवादी संगठनों ने गोशाला पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया और निगम प्रशासन पर लापरवाही के गंभीर आरोप लगाए। हिंदू संगठनों को सूचना मिलने पर पदाधिकारी देर रात अरवलिया स्थित गोशाला पहुंचे। यहां मुख्य गेट पर ताला लगा मिला। पुलिस को बुलाने के बाद निगम कर्मचारियों की मौजूदगी में ताला खुलवाया गया। अंदर प्रवेश करते ही 6 गोवंश मृत मिले, जबकि 4 अन्य की हालत गंभीर बताई गई। संगठनों का आरोप है कि गोशाला में पर्याप्त चारा-पानी की व्यवस्था नहीं थी और गायें भूख के कारण गोबर मिला चारा खाने को मजबूर थीं। घटना स्थल पर गोशाला परिसर में एक बड़ा गड्ढा भी मिला। संगठनों का कहना है कि मृत गोवंश को बिना सूचना और पोस्टमार्टम के दफनाने की तैयारी थी। विरोध में मौके पर हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इसके बाद देर रात निगम के वरिष्ठ अधिकारी पहुंचे और जांच का आश्वासन दिया। हिंदूवादी संगठनों ने ईंटखेड़ी थाने में आवेदन देकर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मृत गोवंशों के शवों को पशु अस्पताल भेजकर पोस्टमार्टम कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।इसी बीच, नगर निगम के स्लॉटर हाउस मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो का बयान भी सामने आया है। उन्होंने कहा कि सरकारी पैसे से बने स्लॉटर हाउस में गोहत्या और गोमांस पैकिंग की पुष्टि बेहद गंभीर विषय है।

## भाजपा सरकार इवेंट मैनेजमेंट में लगी हुई है

भोपाल। इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से हुई मौतों के मामले में पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने की मांग को लेकर रविवार को कांग्रेस ने इंदौर में न्याय यात्रा निकाली। यह यात्रा बड़ा गणपति चौराहे से शुरू होकर राजवाड़ा तक निकाली गई। यात्रा में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह, प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार सहित कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। राजवाड़ा पहुंचकर नेताओं ने सभा को संबोधित किया। भागीरथपुरा में जहरीले पानी की आपूर्ति से अब तक 21 लोगों की मौत के मुद्दे को लेकर आयोजित इस न्याय यात्रा में कार्यकर्ता पैदल मार्च करते हुए सरकार से पीड़ित नागरिकों के लिए न्याय की मांग करते नजर आए। प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि इंदौर की जनता को इस बात पर गर्व था कि उसने शहर को साफ-सुथरा बनाया, लेकिन नगर निगम स्वच्छ पानी तक उपलब्ध नहीं करा पाया।



उन्होंने कहा कि पिछले 25 वर्षों से इंदौर में भाजपा की परिषद है। जनता ने भाजपा को अभूतपूर्व समर्थन दिया, लेकिन बदले में जनता को क्या मिला। इंदौर से कांग्रेस का एक भी जनप्रतिनिधि विधानसभा में नहीं पहुंचा। जनता ने मुझे भी हराया, फिर भी मैं विपक्ष की जिम्मेदारी निभा रहा हूं। विपक्ष को मजबूत किया जाएगा, तभी लोकतंत्र मजबूत होगा। मुझे विश्वास है कि आने वाला समय कांग्रेस का होगा। पटवारी ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार इवेंट मैनेजमेंट में लगी हुई है। अब सरकार को वाटर ऑडिट की याद आ रही है, लेकिन बीते 20 वर्षों में क्या किया गया। उन्होंने कहा कि हमने जहरीली शराब से मौतों की खबरें सुनी थीं, लेकिन इंदौर में जहरीले पानी से लोगों की जान चली गई। वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने कहा कि एक ओर परिवारों में शोक का माहौल है, वहीं दूसरी ओर भाजपा के लोग भोजन भंडारे कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता पक्ष में संवेदनशीलता नहीं बची है। प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने कहा कि एक इंसान को अच्छी हवा और साफ पानी की आवश्यकता होती है, लेकिन भाजपा सरकार इन बुनियादी जरूरतों को भी पूरा करने में विफल रही है। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि जनता पानी का टैक्स देती है, इसके बावजूद साफ पानी के बजाय जहरीला पानी दिया जा रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि अब तक एक भी जिम्मेदार अधिकारी के खिलाफ मामला दर्ज क्यों नहीं किया गया।

### सभी 85 वार्डों से वाहन रैलियां निकाली गईं

कांग्रेस की यह न्याय यात्रा पूरी तरह मौन यात्रा के रूप में आयोजित की गई। यात्रा मार्ग पर किसी प्रकार के स्वागत मंच या द्वार नहीं लगाए गए थे। कार्यकर्ता हाथों में तख्तियां लेकर भागीरथपुरा की घटना के लिए जिम्मेदारों की जवाबदेही तय करने की मांग कर रहे थे। यात्रा में शामिल होने के लिए शहर के सभी 85 वार्डों से वाहन रैलियां निकाली गईं। इंदौर के साथ-साथ आसपास के जिलों से भी बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता न्याय यात्रा में शामिल हुए।

## बांधवगढ़ के जंगलों में दौड़ेंगे सतपुड़ा के 27 बायसन

### 350 लोगों की टीम के साथ तैयारियों में जुटा सतपुड़ा रिजर्व

भोपाल। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व से बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में दूसरे फेस के 27 बायसन (इंडियन गौर) को भेजने की तैयारियां शुरू हो चुकी है। जिसके लिए वाइल्ड लाइफ इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया से लेकर अन्य टाइगर रिजर्व तक एसटीआर ने समन्वय बना लिया है। इसे भेजने के लिए कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। एसटीआर के मुताबिक बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में दो फेस में 50 बायसान को भेजा जाना था। पहले फेस में फरवरी 2025 में 23 बायसन को छोड़ा जा चुका है। इस बार 27 बायसन को भेजा जाएगा। इन्हें शिफ्ट करने के दौरान 350 कर्मचारी एक साथ काम करेंगे। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व की फील्ड डायरेक्टर राखी नंदा ने बताया कि 27 बायसन इस फेस में जाने वाले हैं। कुल 50 बायसन जाने थे। जिसमें जो 23 बायसन फरवरी 2025 में भेजे गए थे। अब जो 27 बायसन हैं, उन्हें 20 जनवरी से 27 जनवरी के बीच भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि पहले संजय दुबरी टाइगर रिजर्व में 16 बायसन जून 2024 में शिफ्ट हुए थे। 23 बायसन फरवरी 2025 में बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व भेजे गए थे, अब फिर से बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में 27 बायसन जनवरी 2026 में भेजे जाएंगे। इस प्रकार कुल 66 बायसन सतपुड़ा टाइगर रिजर्व से भेजे जाएंगे।

### बायसन भेजने 350 लोगों की टीम तैयार

उन्होंने बताया कि सतपुड़ा टाइगर रिजर्व चूरना और बोरी क्षेत्र से इन्हें भेजा जाएगा। इसके लिए तैयारियां की जा रही है। इसे पकडऩे से लेकर छोडऩे तक हमारा जो टेंटेटिव लिस्ट होता है, उसमें करीब 250 लोग लग जाते हैं। जो पूरी टीम में शामिल होते हैं।

## पानी की जांच के लिए मप्र में 155 लैब, लेकिन केमिस्टों के पद खाली

### अनुभव के आधार पर आउटसोर्स और कार्यभारित कर्मचारियों से चला रहे काम

भोपाल। प्रदेशभर में जल गुणवत्ता जांच के लिए 155 प्रयोगशालाएं मौजूद होने के बावजूद सिर्फ तीन नियमित केमिस्ट पदस्थ हैं। ऐसे में विभाग का काम किस तरह से चल रहा है, इस पर सवाल उठना शुरु हो गया है। इंदौर में दूषित पेयजल की सप्लाई के बाद लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग की पोल खुल रही है। भोपाल स्थित राज्य अनुसंधान प्रयोगशाला के प्रभारी चीफ केमिस्ट चूड़ामणि कलेले ने खुद विभाग में नियमित केमिस्टों की भारी कमी को स्वीकार किया है। उन्होंने बताया कि अनुभव के आधार पर आउटसोर्स और कार्यभारित कर्मचारी केमिस्ट का काम कर रहे हैं। उनका कहना है कि उन्हें भी अनुभव के आधार पर प्रभारी चीफ केमिस्ट बनाया गया है और कई अन्य लैबों में भी लैब असिस्टेंट को प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। कलेले ने यह भी बताया कि एमपीपीएससी के माध्यम से चीफ केमिस्ट की भर्ती प्रस्तावित है और आने वाले समय में नियमित अधिकारियों की नियुक्ति होने की उम्मीद है, जिसके बाद स्थिति में सुधार हो सकता है। पीएचई विभाग के पास प्रदेश में 102 सब-डिवीजन लैब और 52 जिला स्तरीय लैब हैं, लेकिन अधिकतर जगहों पर वैज्ञानिक जांच की जिम्मेदारी नियमित केमिस्ट की बजाय लैब असिस्टेंट, संविदा और आउटसोर्स कर्मचारियों के कंधों पर है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह व्यवस्था न सिर्फ विभागीय नियमों के खिलाफ है, बल्कि आम लोगों की सेहत के साथ भी बड़ा जोखिम है। सिस्टम की हालत का सबसे बड़ा उदाहरण राजधानी भोपाल स्थित प्रदेश स्तरीय अनुसंधान प्रयोगशाला है, जिसे पूरे राज्य की रेफरेंस लैब माना जाता है।

## कई राज्यों के मोस्ट वांटेड राजू ईरानी को पुलिस भोपाल लेकर आई

### कड़ी सुरक्षा के बीच कोर्ट में किया पेश, रिमांड के दौरान पूछताछ में हो सकते है कई खुलासे

भोपाल। देशभर के कई राज्यो में संगीन वारदातो को अंजाम देने वाले सूरत के लालगेट इलाके से गिरफ्तार ईरानी गैंग के मोस्ट वांटेड फरार सरगने राजू ईरानी को भोपाल की निशातपुरा पुलिस प्रोडक्शन वारंट पर रविवार को सूरत से भोपाल ले आई है। रविवार शाम को राजू को भारी पुलिस बल के बीच भोपाल की जिला कोर्ट में पेश किया गया। यहां उसकी चार मामलों में गिरफ्तारी की गई है। आरोपी इन चार मामलों में साल 2017 से फरार चल रहा था। पुलिस की शुरुआती पूछताछ में आरोपी खुद को प्रॉपर्टी डीलर बता रहा है। उसने पुलिस को बताया कि बीते कई सालों से वह अपराध की दुनिया से दूर है, लेकिन समाज के अन्य लोगो द्वारा किये गये गलत कामों के कारण उसकी बदनामी हुई। हालांकि पुलिस का कहना है कि राजू के खिलाफ हत्या के प्रयास और आगजनी का केस बीते साल दिसंबर महीने में दर्ज किया गया था। इस मामले में उसकी तलाश थी, इसी के साथ बहराइच उत्तर प्रदेश में ठगी, महाराष्ट्र लूट और ठगी सहित भोपाल में ही 2017 के एक आगजनी के केस में उसकी तलाश थी। इन चारों मामलों में उसकी गिरफ्तारी कर ली गई है। पुलिस आरोपी को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लेने की तैयारी में है, जिसके बाद उससे आगे की पूछताछ की जाएगी। भोपाल के कुख्यात राजू ईरानी को 'ईरानी डेरा' से पूरे देश में चलने वाले अपराध के नेटवर्क का सरगना माना जाता है। उसके गिरोह का 14 राज्यों सक्रिय है। यह खुद तय करता था, कि किस राज्य में कौन सी गैंग जाएगी और क्या काम करेगी। इसके गुर्गे कभी पुलिस वाले बनकर बुजुर्गों को ठगते तो कभी नकली चेकिंग के नाम पर गहने और कैश पार कर देते थे।

सूरत क्राइम ब्रांच के मुताबिक, आरोपी 20 साल से नकली सीबीआई अधिकारी, साधु-बाबा के वेश में लूट, धोखाधड़ी, हिंसक वारदात और जिंदा जलाने के प्रयास जैसे गंभीर अपराधों को अंजाम देता रहा। महाराष्ट्र में उस पर मकोका जैसे सख्त कानून के तहत भी केस दर्ज है। गौरतलब है कि दिसंबर के आखिरी हफ्ते में भोपाल पुलिस ने ईरानी डेरा में बड़ा कॉम्बिंग ऑपरेशन चलाया था। इस दौरान करीब 150 लोगों की जांच हुई और 34 संदिग्ध पकड़े गए, जिनमें महिलाएं भी शामिल थीं। हालांकि, राजू ईरानी तब फरार हो गया था।

जिसके बाद उसने सूरत में पनाह ले रखी थी। काली कमाई से राजू ईरानी बेहद लग्जरी लाईफ जीता था। उसे महंगी कारों, बाइक्स का शौक है। वह खुद वारदातों में कम जाता था, लेकिन पीछे से पूरा प्लान तैयार करता था। अब आरोपी भोपाल पुलिस की हिरासत में है, यहॉ उससे पूछताछ में कई बड़े खुलासे होने का अनुमान है। हालांकि बीते समय छह राज्यों की पुलिस ने भी राजू को गिरफ्तार करने के लिये भोपाल में आमद दी थी, लेकिन राजू किसी के हत्थे नहीं चढ सका था। भोपाल के साथ ही कई राज्यों की पुलिस भी उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगीं। जिसके लिये अलग-अलग राज्यों की पुलिस उसकी पुरानी फाइलें और नेटवर्क से जुड़े लोगों की जानकारी जुटा रही है।



# भारत की दमदार जीत, विराट और गिल के अर्धशतक

वडोदरा । भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज की शानदार शुरुआत करते हुए पहला मुकाबला चार विकेट से जीत लिया। रविवार को वडोदरा के कोतांबी स्टेडियम में खेले गए इस मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम ने डेरिल मिचेल, डेवोन कॉनवे और हेनरी निकोल्स के अर्धशतकों की बदौलत 50 ओवर में 8 विकेट पर 300 रन बनाए। 300 से अधिक के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम ने 49 ओवर में 6 विकेट पर 306 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। यह भारत द्वारा न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे क्रिकेट में दूसरा सबसे बड़ा सफल रन चेज रहा। इससे पहले भारत ने 2010 में बंगलुरू में न्यूजीलैंड के खिलाफ 316 रनों का लक्ष्य हासिल किया था।





इस जीत के साथ भारत ने न्यूजीलैंड पर वनडे क्रिकेट में अपना दबदबा और मजबूत कर लिया। टीम इंडिया की यह 2023 से न्यूजीलैंड के खिलाफ लगातार आठवीं वनडे जीत रही। वहीं घरेलू सरजमीं पर भारत ने 2017 से न्यूजीलैंड के खिलाफ लगातार आठ वनडे मुकाबले जीत लिए हैं। दूसरी ओर, यह मैच हारने के साथ ही न्यूजीलैंड की चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के बाद वनडे में चली आ रही नौ मैचों की जीत का सिलसिला भी टूट गया। इसके अलावा, भारतीय टीम वनडे क्रिकेट में 300 या उससे ज्यादा के लक्ष्य का सबसे ज्यादा बार सफलतापूर्वक पीछा करने वाली टीम बन गई है। भारत ने अब तक 20 बार 300+ रन का लक्ष्य हासिल किया है, जो किसी भी टीम द्वारा सबसे अधिक है। इस सूची में इंग्लैंड (15), ऑस्ट्रेलिया (14), पाकिस्तान (12) और न्यूजीलैंड व श्रीलंका (11-11) शामिल हैं।

### छोटी पारी खेले...फिर भी चमके हिटमैन

301 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को पहला झटका रोहित शर्मा के रूप में लगा। वह 29 गेंदों में 26 रन बनाकर पवेलियन लौटे। भले ही हिटमैन बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे लेकिन उन्होंने दो छक्के जड़कर बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। वह अब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने इस मुकाबले में अपना 650वां अंतरराष्ट्रीय छक्का जड़ा और यह उपलब्धि हासिल करने वाले इतिहास के पहले खिलाड़ी बन गए। इतना ही नहीं, रोहित शर्मा ने वनडे क्रिकेट में ओपनर के तौर पर सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। उन्होंने वेस्टइंडीज के दिग्गज क्रिस गेल को पीछे छोड़ दिया।

# टी20 फॉर्मेट में भारत अलग चुनौती पेश करता है, वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में पहुंचना तय

नई दिल्ली,। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान और दिग्गज क्रिकेटर ग्रीम स्मिथ ने टीम इंडिया की घरेलू परिस्थितियों में मजबूती और गहराई की तारीफ की है। उन्होंने कहा कि भारत जैसी टीम को कभी हल्के में नहीं लिया जा सकता और आगामी टी20 वर्ल्ड कप 2026 में उसका सेमीफाइनल तक पहुंचना तय माना जा सकता है।



स्मिथ ने कहा कि घरेलू मैदानों पर खेला जाने वाला यह विश्व कप भारत को अतिरिक्त बढ़त देगा और टीम ट्रॉफी जीतने की प्रबल दावेदार है। हाल ही में भले ही दक्षिण अफ्रीका ने भारत को उसके घर में टेस्ट सीरीज हराई हो, लेकिन स्मिथ के मुताबिक टी20 फॉर्मेट में भारत अलग चुनौती पेश करता है। उन्होंने कहा कि भारतीय टी20 टीम में आक्रामकता, गहराई और मैच जिताने की क्षमता है। स्मिथ ने यह कहा कि टेस्ट और टी20 क्रिकेट की परिस्थितियां और मांगें अलग होती हैं, इसलिए टेस्ट सीरीज के नतीजों को टी20 वर्ल्ड कप से जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ग्रीम स्मिथ ने भारतीय क्रिकेट में चल रहे बदलाव के दौर का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि कोच गौतम गंभीर के नेतृत्व में टीम एक नए फेज से गुजर रही है, जहां सीनियर खिलाड़ियों और नई पीढ़ी के बीच संतुलन बनाने की कोशिश हो रही है। यह देखना दिलचस्प होगा कि यह ट्रांजिशन कितनी तेजी और मजबूती से आगे बढ़ता है। हालांकि, स्मिथ का मानना है कि भारत की टैलेंट पूल इतनी मजबूत है कि किसी भी स्थिति में टीम प्रतिस्पर्धी बनी रहती है। उन्होंने कहा कि अगर भारत टॉप-4 में नहीं पहुंचता है तो यह उनके लिए हैरानी की बात होगी।

टी20 वर्ल्ड कप 2026 की शुरुआत में अब एक महीने से भी कम समय बचा है और स्मिथ पहले से ही एक रोमांचक फाइनल की कल्पना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनकी ख्वाहिश है कि दक्षिण अफ्रीका फाइनल में भारत को हराकर खिताब जीते। स्मिथ के मुताबिक अगर टीम सही कॉम्बिनेशन के साथ उतरती है और मिडिल ऑर्डर के बल्लेबाज भारतीय परिस्थितियों में स्पिन के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करते हैं, तो दक्षिण अफ्रीका को इतिहास रचने का सुनहरा मौका होगा।

## एस 20 मैच में लगी आग के बाद भी चलता रहा मैच

जोहांसबर्ग । यहां खेले जार हे एसए 20 के 19वें मैच के दौरान भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गयी हालांकि राहत की बात ये रही कि किसी की जान नहीं गयी। ये मामला पर्ल रॉयल्स और प्रीटोरिया कैपिटल्स के बीच हुए मैच का है। जा इय मैच के दौरन ही स्टेडियम की पार्किंग में आग लगने से स्टेडियम में बैठे प्रशंसक डर गये। आग पर किसी प्रकार से बचाव दल ने नियंत्रण कर हालात संभाले। आग के बाद भी मैच जारी रहा। इस मैच में प्रीटोरिया कैपिटल्स की टीम ने 21 रनों से जीत हासिल की। प्रीटोरिया कैपिटल्स की टीम ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 9 विकेट पर 138 रन बनाये। सबसे अधिक 42 रन शेरफन रदरफोर्ड ने बनाये। वहीं वहीं शाई होप ने 22 रन बनाये। रॉयल्स की तरफ से हारिस विल्जोन, डेन लॉरेंस और सिकंदर रजा ने दो-दो विकेट लिए जबकि नकोबानी मोकोएना ने एक विकेट लिया।

# आरसीबी को बड़ा झटका स्टार खिलाड़ी पूजा वस्त्राकर चोटिल

नई दिल्ली। वूमेंस प्रीमियर लीग 2026 के पहले मैच में स्मृति मंधाना की कप्तानी वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने जीत के साथ शुरुआत की। टूर्नामेंट का ये पहला मैच मुंबई इंडियंस के साथ था। दोनों टीमों के बीच ये मुकाबला अंतिम ओवर तक गया, जहां नादिन डी क्लेर्क ने दमदार खेल दिखाकर आरसीबी को जीत दिलाई। हालांकि, इस जीत के साथ ही आरसीबी को एक बड़ा झटका भी लगा है। दरअसल टीम की स्टार खिलाड़ी पूजा वस्त्राकर चोटिल हुई हैं। पूजा वस्त्राकर को हैमस्ट्रिंग इंजरी हुई है।



इसके बाद उन्हें पूरी तरह से रिकवर में होने में करीब दो सप्ताह का समय लगेगा। इस तरह पूजा अब लगभग आधे सीजन के लिए बाहर हो गई हैं। बता दें कि पूजा को आरसीबी ने इस बार के ऑक्शन में 85 लाख रुपए खर्च कर अपने स्क्वाड में शामिल किया है। पिछले सीजन में पूजा मुंबई इंडियंस की टीम में शामिल थीं। हालांकि, फ्रेंचाइजी ने उन्हें रिटेन नहीं किया। पूजा मुंबई के लिए तीन सीजन में खेली हैं।

पूजा वस्त्राकर के वूमेंस प्रीमियर लीग में अब तक कुल 16 मैचों में मैदान पर उतरी हैं। इसमें उन्होंने गेंदबाजी में 28.85 की औसत से 7 विकेट हासिल की हैं। पूजा सर्वश्रेष्ठ बॉलिंग 14 रन देकर 2 विकेट लेने का है। इसके अलावा बल्लेबाजी में पूजा ने 16 मैचों में 116.66 की स्ट्राइक रेट से 126 रन बनाए। हालांकि, उनके ये आंकड़े कुछ खास प्रभावी नहीं हैं, लेकिन पूजा किसी टीम के लिए एक एक्स फैक्टर ऑलराउंडर मानी जाती हैं। वहीं भारतीय टीम में पूजा को अब तक 5 टेस्ट, 33 वनडे और 72 टी20 में खेलने का मौका मिला है। टेस्ट क्रिकेट में पूजा ने टीम इंडिया के लिए 15 विकेट हासिल किए हैं। वहीं वनडे क्रिकेट में पूजा ने कुल 27 विकेट अपने नाम किए हैं, जबकि टी20 में उन्होंने 58 विकेट झटके हैं।

# ऋषभ न्यूजीलैंड के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज से बाहर हुए - बीसीसीआई

मुम्बई । भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने कहा है कि अभ्यास के दौरान चोट लगने के कारण आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज से बाहर हो गये हैं। ऋषभ को थो डाउन अभ्यास के दौरान पेट के दाहिने हिस्से में साइड स्ट्रेन (खिंचाव) आ गया। इसकी जांच के बाद ही पाया गया कि वह सीरीज नहीं खेल पायेंगे। इसी के बाद उनकी जगह पर ध्रुव जुरेज को बैकअप के तौर पर शामिल किया गया है। बीसीसीआई ने सोशल मीडिया में लिखा, विकेटकीपर ऋषभ पंत को वडोदरा के बीसीए स्टेडियम में अभ्यास सत्र के दौरान बल्लेबाजी करते समय पेट के दाहिने हिस्से में अचानक दर्द महसूस हुआ। इसके बाद उन्हें तुरंत एमआरआई स्कैन के लिए ले जाया गया, जिसमें उनके खिंचाव आने की बात पता चली।

बोर्ड ने कहा कि मेडिकल टीम ने विशेषज्ञों के साथ उनकी रिपोर्ट पर चर्चा की। जांच में सामने आया कि उन्हें साइड स्ट्रेन हुआ है, जिसके कारण वह सीरीज से बाहर हो गये हैं।ऐसे में घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन करने वाले ध्रुव जुरेल को एकदिवीसय टीम में शामिल किया है। जुरेल ने विजय हजारे ट्रॉफी 2025-26 में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सात पारियों में 558 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका औसत 93 और स्ट्राइक रेट 122.90 रहा है। उन्होंने टूर्नामेंट में अब तक दो शतक और चार अर्धशतक लगाये हैं। ध्रुव ने अब तक 17 लिस्ट-ए मैच खेले हैं, जिनकी 14 पारियों में उन्होंने 747 रन बनाए हैं। 50 ओवर के फॉर्मेट में उनका औसत 74.70 रहा है, जिसमें दो शतक और छह अर्धशतक शामिल हैं।

# एशेज ट्रॉफी की कीमत सिर्फ 7.99 पाउंड : क्यों सबसे खास है क्रिकेट की यह जंग

नई दिल्ली। सिडनी में इंग्लैंड को हराकर ऑस्ट्रेलिया ने एक बार फिर एशेज पर कब्जा बरकरार रखा और क्रिकेट की सबसे पुरानी व प्रतिष्ठित प्रतिद्वंद्विता को नया अध्याय दे दिया। एशेज को सिर्फ एक द्विपक्षीय सीरीज़ कहना इसकी महत्ता को कम करके आंकना होगा। यह मुकाबला डेढ़ सौ साल से भी अधिक पुरानी परंपरा, राष्ट्रीय सम्मान और खिलाड़ियों की शारीरिक व मानसिक सहनशक्ति की अंतिम परीक्षा माना जाता है। हैरानी की बात यह है कि जिस ट्रॉफी के लिए इतनी कड़ी जंग होती है, उसकी वास्तविक कीमत महज़ 7.99 पाउंड, यानी लगभग 968 रुपये आंकी गई है, फिर भी इसकी प्रतिष्ठा किसी विश्व कप या आईसीसी ट्रॉफी से कम नहीं मानी जाती।

एशेज ट्रॉफी दरअसल एक छोटा सा कलश है, जिसे 1882 में इंग्लैंड की ऑस्ट्रेलिया से ऐतिहासिक हार के बाद प्रतीकात्मक रूप से बनाया गया था। मान्यता है कि इसमें जली हुई बेल्स की राख रखी गई है। आज विजेता टीम को जो ट्रॉफी सौंपी जाती है, वह मूल कप प्रतिकृति होती है, जबकि असली कलश लंदन के लॉर्ड्स म्यूज़ियम में सुरक्षित है। क्रिकेट इतिहासकारों और बोर्ड से जुड़े सूत्रों के अनुसार, इसकी भौतिक कीमत बेहद मामूली है, लेकिन इसका भावनात्मक और ऐतिहासिक मूल्य अनमोल है।

इस बात का दिलचस्प खुलासा इंग्लैंड के महान तेज़ गेंदबाज़ जिमी एंडरसन ने अपनी आत्मकथा 卐फाइंडिंग दा ऐज卐 में किया है। एंडरसन ने 2009 की एशेज जीत के बाद का एक किस्सा साझा करते हुए बताया कि जश्न के दौरान जब वे और ग्रैम स्वान ट्रॉफी थामे हुए थे, तो उन्हें उसके नीचे कुछ चिपका हुआ महसूस हुआ। ट्रॉफी को पलटने पर पता चला कि उस पर अब भी प्राइज़ टैग लगा था, जिस पर 7.99 पाउंड लिखा हुआ था। जल्दबाज़ी में टैग हटाना तक भूल जाना इस बात का प्रतीक था कि एशेज जीतने की खुशी में खिलाड़ी हर छोटी-बड़ी चीज़ से बेखबर हो जाते हैं।

एशेज ट्रॉफी की कम कीमत अक्सर लोगों को चौंकाती है, लेकिन यही इसकी खूबी भी है। इस ट्रॉफी के लिए खिलाड़ी अपना करियर, शरीर और मानसिक संतुलन तक दांव पर लगा देते हैं। महीनों की थकान, चोटों का दर्द और अपार दबाव झेलने के बाद इसे जीतना ही असली पुरस्कार है। यही कारण है कि 7.99 पाउंड की यह ट्रॉफी भावनात्मक और ऐतिहासिक मायनों में क्रिकेट की सबसे महंगी और सबसे कठिन उपलब्धि मानी जाती है।

# डब्ल्यूपीएल में मुंबई इंडियंस को मिली पहली जीत

नवी मुंबई । मुंबई इंडियंस (एमआई) ने यहां महिला प्रीमियर लीग क्रिकेट मुकाबले (डब्ल्यूपीएल) 2026 में दिल्ली कैपिटल्स को 50 रनो से हराकर अच्छी वापसी की है। मुंबई इंडियंस इससे पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ अपने पहले ही मैच में हार गयी थी। इस मैच में जीत से टीम अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है जबकि दिल्ली कैपिटल्स अपना दूसरा मुकाबाल जीतकर सबसे नीचे है। मुंबई इंडियंस की टीम ने कैपिटल्स के खिलाफ 4 विकेट के नुकसान पर 195 रन बनाए। अमेलिया केर अपना खाता भी नहीं खोल पायी। जी कमलिनी ने नैट साइवर-ब्रंट के साथ 32 गेंदों में 49 रन की बनाकर टीम को संभाला। कमलिनी 16 रन बनाकर पेवेलियन लौट। , इसके बाद साइवर-ब्रंट ने कप्तान हरमनप्रीत कौर के साथ तीसरे विकेट के लिए 66 रन बनाकर टीम को 117 रन तक पहुंचाया। साइवर-ब्रंट ने 70 रन बनाये। हरमनप्रीत ने नाबाद 74 रन जबकि निकोला ने 21 रन बनाये। कैपिटल्स की ओर से नंदिनी शर्मा ने सर्वाधिक 2 विकेट निकाले, जबकि चिनेल हेनरी और श्री चरणी ने 1-1 विकेट हासिल लिए। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली कैपिटल्स की टीम 19 ओवरों में 145 रन ही बना पायी। टीम ने लिजेली ली का विकेट शुरुआत में ही खो दिया। ली ने 10 रन बनाये। इसके बाद शेफाली वर्मा ने भी केवल 8 रन बनाकर ही आउट हो गयीं। चिनेल हेनरी ने निकी प्रसाद के साथ छठे विकेट के लिए 40 रन की साझेदारी करते हुए टीम को संभालने का प्रयास किया पर असफल रहीं।

# न्यूजीलैंड सीरीज़ से बढ़ी हलचल, क्या 2027 वनडे वर्ल्ड कप तक खेलेंगे विराट और रोहित

नई दिल्ली। विराट कोहली और रोहित शर्मा के न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज़ के लिए टीम इंडिया से जुड़ते ही भारतीय क्रिकेट में एक बार फिर 2027 वनडे वर्ल्ड कप को लेकर चर्चाएं तेज़ हो गई हैं। जिस तरह से दोनों सीनियर बल्लेबाज़ हाल के महीनों में फिटनेस, फॉर्म और मैदान पर भूख के साथ नज़र आए हैं, उससे यह साफ संकेत मिलता है कि उनका भविष्य पूरी तरह उनके अपने फैसले पर निर्भर है। अक्टूबर से दिसंबर के बीच रोहित और विराट ने जिस प्रतिबद्धता के साथ क्रिकेट खेला है, उसने यह दिखा दिया है कि खेल अभी भी उनकी प्राथमिकता बना हुआ है। दोनों खिलाड़ियों ने न सिर्फ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में खुद को साबित किया है, बल्कि बीसीसीआई की गाइडलाइंस के मुताबिक घरेलू क्रिकेट में भी हिस्सा लिया है। अगर उनके मन में 2027 वर्ल्ड कप का लक्ष्य न होता, तो ऑस्ट्रेलिया जैसी टीम के खिलाफ द्विपक्षीय वनडे सीरीज़ खेलने का शायद ही कोई ठोस कारण होता। विराट कोहली और रोहित शर्मा ऐसे मुकाम पर हैं, जहां उन्हें किसी को कुछ साबित करने की ज़रूरत नहीं है। ऐसे में केवल औपचारिक वनडे मुकाबले खेलने का कोई अर्थ नहीं बनता, जब तक कि आगे कोई बड़ा लक्ष्य न हो। फिलहाल दोनों का फॉर्म और फिटनेस उनकी सबसे बड़ी ताकत बनकर सामने आई है। रोहित शर्मा पहले से कहीं ज्यादा फिट दिख रहे हैं, जबकि विराट कोहली की फिटनेस हमेशा से ही उनकी पहचान रही है। अहम बात यह है कि दोनों रन बना रहे हैं, बड़े स्कोर खड़े कर रहे हैं और मैच पर अपनी पकड़ दिखा रहे हैं। आत्मविश्वास और अनुभव के इस मेल ने उन्हें एक बार फिर भारतीय वनडे टीम का मजबूत स्तंभ बना दिया है। अब सवाल सिर्फ इतना है कि क्या वे 50 ओवर के फॉर्मेट में आगे भी खेलना चाहते हैं और क्या 2027 वर्ल्ड कप को आखिरी बड़ी चुनौती के रूप में देखते हैं। विराट कोहली 2011 में वनडे वर्ल्ड कप जीत चुके हैं, लेकिन रोहित शर्मा के शानदार करियर में यह ट्रॉफी अब तक नहीं जुड़ पाई है। ऐसे में 2027 का वर्ल्ड कप रोहित के लिए एक परफेक्ट फिनाले साबित हो सकता है। पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा का भी मानना है कि दक्षिण अफ्रीका जैसी चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में अनुभव और क्लास की जरूरत होगी, जो विराट और रोहित दोनों के पास भरपूर है।

यह भी हकीकत है कि वर्ल्ड कप से ठीक एक साल पहले टीम में बड़े बदलाव करना आसान नहीं होता। इसी वजह से तमाम संकेत यही इशारा कर रहे हैं कि विराट कोहली और रोहित शर्मा 2027 वर्ल्ड कप में भारतीय जर्सी में नजर आ सकते हैं।

# मेदवेदेव ने मिशेलसेन को हराकर ब्रिस्बेन इंटरनेशनल के फाइनल में जगह बनायी

ब्रिस्बेन। रुस के टेनिस स्टार दानिल मेदवेदेव ने अमेरिका के एलेक्स मिशेलसेन को 6-4, 6-2 से हराकर ब्रिस्बेन इंटरनेशनल के फाइनल में पवेश किया है। मेदवेदेव को हालांकि जीत के लिए काफी संघर्ष करना पड़ा । इसी के साथ ही मेदवेदेव ने अपने करियर में 41वें टूर-लेवल फाइनल में जगह बनायी है। मेदवेदेव ने एलेक्स के खिलाफ मुकाबले में हालांकि 27 गलतियां कीं पर उन्होंने दूसरे सेट में सभी चार ब्रेक अंकों को बचा लिया। इसी के साथ ही उन्होंने सबसे ज़्यादा फाइनल खेलने वाले अलेक्जेंडर ज़्वेरेव की बराबरी की। रुसी खिलाड़ी ने इस पर खुशी जतायी कि वह कई अवसरों पर एलेक्स से बेहतर प्रदर्शन करने में सफल रहे। साथ ही कहा कि इसी कारण उन्हें जीत मिली। अब उनका मुकाबल फाइनल में अमेरिका के ही ब्रैंडन नाकाशिमा से होगा। इससे पहले नाकाशिमा ने एक अन्य मुकाबले में अलेक्जेंडर कोवासेविच को 7-6(4), 6-4 से हराकर अपने चौथे एटीपी टूर के फाइनल में स्थान बनया। साल 2022 में सैन डिएगो में अपने घर पर पहला खिताब जीतने के बाद यह उनका पहला फाइनल है। इस सप्ताह ब्रिस्बेन में अपने चार मैचों में वह एक भी सेट नहीं हारे है जिससे उनका मुकाबला फाइनल के लिए बढ़ा हुआ है।

# बेलिंडा की जीत के साथ ही यूनाइटेड कप टेनिस मिक्स्ड-जेंडर के फाइनल में पहुंची स्विट्ज़रलैंड

सिडनी। बेलिंडा बेनसिक के अच्छे प्रदर्शन से स्विट्ज़रलैंड की टीम यूनाइटेड कप के मिक्स्ड-जेंडर (अलग-अलग लिंग के खिलाड़ियों) के टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची है। बेलिंडा ने एकल वर्ग का मुकाबले जीतने के साथ ही मिश्रित वर्ग में भी अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। ये पहली बार है जब स्विट्ज़रलैंड की टीम फाइनल में पहुंची है। बेलिंडा ने सेमीफाइनल में बेल्जियम को हराया और इसके बाद शनिवार को अपनी टीम को ऐतिहासिक खिताब के करीब पहुंचाया। अब फाइनल में स्विट्ज़रलैंड का मुकाबला संयुक्त राज्य अमेरिका और पोलैंड के बीच होने वाले मैच की विजेता टीम से होगा। मैच में स्विस टीम की शुरुआत काफी अच्छी रही। बेलिंडा ने इलिस मर्टेंस को 6-3, 4-6, 7-6(0) से हराकर सत्र की अच्छी शुरुआत कर अपनी टीम 1-0 की बढ़त दिलाई। इसके बाद जिजू बर्ग्स ने स्टैन वावरिंका को 6-3, 6-7(4), 6-3 से हराकर मैच को फाइनल तक पहुंचाय। वावरिन्का फाइनल सेट के आठवें गेम में हार गये। बेलिंडा अपने पहले तीन यूनाइटेड कप मुकाबलों में एक भी सेट हारीं हालांकि इलिस मर्टेंस से ये मुकाबला आसान नहीं रहा। बेलिंडा ने हालांकि निर्णायक सेट में 3-1 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया। इसी के साथ इस खिलाड़ी ने इलिस मर्टेंस से साल 2011 की हार हिसाब भी बराबर कर लिया। वहीं इसके अलावा लीओलिया जीनजीन, जैस्मिन पाओलिनी और सोलाना सिएरा के खिलाफ मैच में बेलिंडा आसानी से जीत गयी जिससे स्विट्ज़रलैंड सेमीफाइनल में पहुंच गयी। वहीं मिश्रित युगल में बेलिंडा ने अपना शानदार फॉर्म जारी रखते हुए याकूब पॉल के साथ मिलकर बेल्जियम की एलिस मर्टेंस और जिजू बर्ग्स की जोड़ी को 6-3, 0-6, 10-5 से हराया।



# नीरज ने अपने कोच जेलेज्नी को हटाया

## 2027 की विश्व चैंपियनशिप और 2028 ओलंपिक खेलों पर हैं नजरें

नई दिल्ली । भारत के ओलंपिक पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने अपने कोच चेक गणराज्य के जान जेलेज्नी को हटा दिया है। नीरज ने एक साल बाद ही कोच के साथ करार तोड़ने के कारणों को नहीं बताया है। नीरज ने कोच की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके साथ का समय प्रगति, सम्मान और खेल के प्रति साझा लगाव से भरा रहा है। कोच जेलेज्नी के साथ रहते ही नीरज ने पिछले साल अपने करियर में पहली बार 90 मीटर से अधिक भाला फेंका था। नीरज ने कोच की प्रशंसा करते हुए कहा कि बचपन के अपने आदर्श से प्रशिक्षण लेना किसी सपने के पूरे होने जैसा था। इससे उन्हें अभ्यास, तकनीक और खेल को करीब से देखने और समझने का एक नया रवैया मिला है।



नीरज ने कहा, कोच जेलेज्नी के साथ काम करने से मेरे दिमाग में कई नए विचार आये। वह तकनीक, लय और मूवमेंट को जिस तरह समझते हैं, वह असाधारण है। हर सत्र में मैंने बहुत कुछ सीखा है। उन्होंने साथ ही कहा कि उन्हें सबसे ज्यादा गर्व अपनी उस दोस्ती पर रहेगा जा उनकी कोच से हुई है।साथ ही कहा कि जेलेज्नी केवल सर्वकालिक महान भाला फेंक खिलाड़ी नहीं हैं, बल्कि काफी अच्छे व्यक्ति भी हैं। वहीं जेलेज्नी ने भी नीरज के साथ कोच के तौर पर अपने अनुभवों को काफी अच्छा बताया है। कोच ने कहा कि नीरज जैसे शीर्ष स्तर के एथलीट के साथ काम करना उनके लिए काफी अच्छा अनुभव रहा। उन्होंने कहा, मुझे खुशी है कि हम साथ काम कर पाए और मैंने उन्हें पहली बार 90 मीटर पार करने में सहायता की।

जेलेज्नी ने यह भी कहा कि विश्व चैंपियनशिप के अलावा नीरज ने अधिकतर प्रतियोगिताओं में पहला नहीं तो दूसरा स्थान तो पक्का हासिल किया। ये अपने आप में एक जबरदस्त रिकॉर्ड है। भविष्य के मुकाबलों को लेकर जेलेज्नी ने नीरज की तारीफ करते हुए कहा कि उनमें अभी भी बेहतर प्रदर्शन करने की काफी संभावनाएं हैं। साथ ही कहा कि उन दोनों के बीच मानवीय स्तर पर रिश्ता काफी अच्छा है। भविष्य में उनकी मुलाकात किसी ट्रेनिंग कैंप में फिर हो सकती है। वहीं नीरज ने आगे की योजना पर कहा कि अब वह अपनी कोचिंग को लेकर स्वयं देखेंगे कि किस ओर जाना है। उन्होंने कहा मैं इस साल अपने प्रदर्शन को लेकर उत्साहित हूं। नवंबर की शुरुआत से ही मैंने तैयारी शुरू कर दी थी। मेरा लक्ष्य हमेशा की तरह फिट और प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार रहना है। अभी उनका लक्ष्य साल 2027 की विश्व चैंपियनशिप और उससे आगे 2028 ओलंपिक खेलों के लिए अभ्यास करना है।

## डब्ल्यूपीएल से बाहर हुई यास्तिका

नवी मुम्बई। गुजरात जायंट्स की विकेटकीपर बल्लेबाज यास्तिका भाटिया फिट नहीं होने के कारण महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) मुकाबलों से बाहर हो गई हैं। यास्तिका की तीन माह पहले ही अक्तूबर में एसीएल सर्जरी हुई थी। इसी कारण डब्ल्यूपीएल नीलामी के समय ही सभी टीमों को बता दिया गया था कि अगर कोई टीम उन्हें खरीदती है तो वह अपने जोखिम पर खरीदे क्योंकि यास्तिका के लिए कोई अन्य विकल्प को रखने की अनुमति नहीं रहेगी हालांकि इसके बाद भी गुजरात और यूपी वॉरियर्ज ने उनके लिए बोली लगायी थी। गुजरात जायंट्स के कोच माइकल क्लिंगर ने सोशल मीडिया पर जारी किये एक वीडियो में कहा, हम उम्मीद करते हैं कि आप अच्छी होंगी और अच्छी तरह से उबर रही होंगी। हमें आपके दोबारा फिट होने और लीग के पांचवें सत्र में वापसी का इंतजार रहेगा।

## सांसद श्रीमती पारधी ने कृषि रथ को झंडी दिखाकर रवाना किया

# कृषि को व्यवसाय की तरह अपनाए-सांसद श्रीमती पारधी

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। प्रदेश शासन द्वारा वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष 2026 घोषित किया गया है। इसके अंतर्गत मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल में 11 जनवरी को आयोजित कार्यक्रम में कृषि रथ का शुभारंभ किया है। इसी कड़ी में बालाघाट जिले में जिला मुख्यालय सहित सभी विकासखंड मुख्यालय से कृषि रथ को झंडी दिखाकर रवाना किया गया है। कृषि उपज मंडी गोंगलई में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में बालाघाट-सिवनी संसदीय क्षेत्र की सांसद श्रीमती भारती पारधी ने कृषि रथ को झंडी दिखाकर रवाना किया।



कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सांसद श्रीमती पारधी ने इस अवसर पर उपस्थित किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि गांव-गांव तक सरकार की कृषि संबंधी योजनाओं की जानकारी पहुंचाने एवं किसानों की समस्याओं को सुनने के लिए कृषि रथ रवाना किया जा रहा है। केंद्र एवं प्रदेश सरकार की मंशा है कि अंतिम छोर के व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचे, इसी विचार को लेकर हमारी सरकार काम कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की यह एक अच्छी पहल है कि उन्होंने वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय लिया है और कृषि रथ को गांव-गांव तक पहुंचाने की व्यवस्था की है।

सांसद श्रीमती पारधी ने कहा कि कृषि रथ केवल एक वाहन नही है बल्कि इसमें कृषि वैज्ञानिक एवं विशेषज्ञ मौजूद रहेंगे जो गांव के भ्रमण के दौरान किसानों से सम्पर्क कर उन्हें कृषि संबंधी नवीनतम तकनीकी जानकारी देंगे। यह रथ एक दिन में 03 ग्राम पंचायतो का भ्रमण करेगा। आज जिस तरह से जिला मुख्यालय से कृषि रथ रवाना किया गया है उसी तरह से जिले के सभी 10 विकासखंड मुख?यालयों से भी कृषि रथ रवाना किये गए है। सांसद श्रीमती पारधी ने कहा कि हमारा किसान अन्नदाता है और खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार हर स्तर पर काम कर रही है। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि जब भी उनके गांव में यह रथ पहुंचे तो कृषि वैज्ञानिकों एवं विशेषज्ञो से संवाद अवश्य करें। सरकारी कार्यालयों से निकलकर जब अधिकारी उनके गांव तक पहुंच रहे है तो किसान इसका लाभ अवश्य उठाये।

सांसद श्रीमती पारधी ने इस अवसर पर किसानों से कहा कि वे खेती को व्यवसाय की तरह अपनाए। बालाघाट जिला धान उत्पादक जिला है लेकिन किसानों को अब अन्य नगदी फसलों की ओर भी कदम बढ़ाना चाहिए और धान का रकबा कम करना चाहिए। क्योंकि धान की फसल को पानी अधिक लगता है। उन्होंने किसानो से अपील की कि वे गर्मियों के दिनों में धान की बजाय कम पानी में पकने वाली अन्य फसले लगाए। खेती के साथ ही अपनी आवक बढ़ाने के लिए पशु पालन, दुग्ध उत्पादन एवं अन्य व्यवसायिक गतिविधियों को अपनाए।

कार्यक्रम में उपसंचालक कृषि फूलसिंह मालवीय ने बताया कि कृषि रथ 11 जनवरी से जिले के सभी विकासखंड मुख्यालयों से भी रवाना किये गए है। यह रथ एक दिन में 03 ग्राम पंचायतों का भ्रमण करेंगे। इन रथ के माध्यमों से किसानों को नवीनतम कृषि संबंधी तकनीकी जानकारी, पराली प्रबंधन, जैविक खेती, पशुपालन, मत्स्यपालन एवं उद्यानिकी फसलों की खेती के बारे में जानकारी दी जाएगी।

कार्यक्रम में अपर कलेक्टर जीएस धुर्वे, जनपद सदस्य महेश शरणागत, प्रगतिशील किसान जितेंद्र मोहारे, यशवंत लिल्हारे, किशोर लिल्हारे, एसडीएम गोपाल सोनी, सहायक संचालक श्री राजेश खोब्रागढ़े, सहायक संचालक मत्स्योद्योग सुश्री पूजा रोडगे, पशु चिकित्सक डॉ. आरएस नगपुरे, कृषि वैज्ञानिक डॉ. उत्तम बिसेन, डॉ. अमूले एवं बडी संख्या में किसान उपस्थित थे।



## मंत्री श्री पटेल ने नारायण सिंह स्मृति हॉकी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। मध्यप्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने 11 जनवरी को बालाघाट प्रवास के दौरान 51वीं स्व. नारायण सिंह स्मृति गोल्ड कप अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। 11 जनवरी से 17 जनवरी तक चलने वाली इस प्रतियोगिता का शुभारंभ मेच बालाघाट एवं बिलासपुर की टीमों के बीच खेला गया। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर सांसद श्रीमती भारती पारधी, विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे, गौरव सिंह पारधी, राजकुमार कर्राहे, कलेक्टर मृणाल मीना, पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा, जिला पचायत सीईओ अभिषेक सराफ, जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजा लिल्हारे, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती सुरजीत ठाकुर, किरण भाई त्रिवेदी, श्रीमती लता एलकर, अभय सेठिया, सत्यनारायण अग्रवाल, गणेश अग्रवाल, आनंद कोछड़, अन्य गणमान्य नागरिक, पत्रकार एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

## आरएसएस समय के साथ विकसित हो रहा है, बदल नहीं रहा- मोहन भागवत

नई दिल्ली। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि संघ बदल नहीं रहा है, बल्कि समय के साथ धीरे-धीरे विकसित हो रहा है और अब लोगों के सामने नए स्वरूप में आ रहा है। यह बात उन्होंने संगठन के कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कही, जो आगामी फिल्म 'शतक' के गीत संग्रह के विमोचन के अवसर पर आयोजित किया गया था। यह फिल्म आरएसएस के 100 साल के सफर को दर्शाती है।



संघ प्रमुख मोहन भागवत ने अपने संबोधन में कहा, कि जैसे बीज से अंकुर निकलता है और परिपक्व वृक्ष एक अलग रूप धारण करता है, उसी तरह संघ का स्वरूप भी विकसित हो रहा है, लेकिन मूल में संघ उसी बीज के समान है जिससे यह उगा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया, कि संघ और इसके संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार पर्यायवाची हैं।

इस अवसर पर आरएसएस प्रमुख भागवत ने हेडगेवार के बचपन और उनके व्यक्तित्व पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि हेडगेवार महज 11 साल की उम्र में अपने माता-पिता को प्लेग से खो बैठे थे, लेकिन इसके बावजूद उनके मनोबल और व्यक्तित्व पर इसका नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ा। भागवत ने कहा, उनमें शुरू से ही मानसिक मजबूती और उत्कृष्ट मानसिक स्वास्थ्य था, जो उन्हें बड़े झटकों का सामना करने में सक्षम बनाता था। यह उनके व्यक्तित्व का अध्ययन का विषय भी हो सकता है।

इस कार्यक्रम में शतक फिल्म के गीत के गायक सुखविंदर सिंह, फिल्म निर्देशक आशीष मॉल, सह-निर्माता आशीष तिवारी और आरएसएस के पदाधिकारी भैयाजी जोशी भी उपस्थित थे।

## कटंगी में अवैध पार्किंग, ओवरलोड वाहन और अनाधिकृत प्रवेश की भयानक अराजकता

पद्मेश न्यूज। कटंगी। शहर में यातायात व्यवस्था में सुधार को लेकर पुलिस एवं प्रशासन का रवैया ढुलमुल समझ आ रहा है। विगत कई वर्षों से निरंतर अवैध पार्किंग, ओव्हरलोड वाहनों के अनाधिकृत प्रवेश को रोकने की मांग की जा रही है परंतु जिम्मेदार अधिकारियों के कानों तक जूं नहीं रेंग रही है। शहर में सिर्फ अच्छी सड़क बनाने से ही राहगीरों या वाहन चालकों को सुविधा होने की कल्पना नहीं की जा सकती, इसके लिए सबसे ज्यादा जरूरी है ट्रैफिक व्यवस्था पर नियंत्रण। पुलिस-प्रशासन इस चीज को लेकर जरा भी गंभीर नहीं है। अधिकारियों की उदासीनता के कारण हालात यह है कि शहर में भीतर वाहनों का संचालन का कोई रूट नहीं है। कोई भी वाहन किसी भी रास्ते से प्रवेश कर जा रहा है, तंग एवं छोटी गलियों से चौपहिया वाहन धड़ल्ले से गुजर रहे हैं। प्रतिदिन मालवाहकों के अनाधिकृत प्रवेश से जाम की स्थिति बन जाती है। दुपहिया वाहन चालक एवं पैदल राहगीर जाम से बाहर निकलने के लिए मशक्कत करते रहते हैं। खासकर स्कूलों के लगने एवं छूटने के समय वाहनों की रेलमपेल से निर्मित जाम में छात्र-छात्राएं बुरी तरह जूझते रहते हैं। ये स्थिति यातायात की अराजक व्यवस्था को बयां करने के लिए काफी है। इस सिस्टम को सुधारने की दिशा में काम करना तो दूर बात करने की जहमत तक अधिकारियों नहीं उठा रहे हैं न ही जनप्रतिनिधियों का इस ओर कोई रूझान है।



### मुख्यालय के अन्दर से बेलगाम गुजरते मालवाहक

बालाघाट, सिवनी एवं तुमसर रूट से आना-जाना करने वाले मालवाहकों पर कोई रोक टोक नहीं हैं। शहर के अन्दर से डम्पर, ट्रक जैसे वाहन धड़ल्ले से गुजर रहे हैं। जबकि इन वाहनों को बायपास के रास्ते से आवाजाही करनी है परंतु प्रतिदिन ये बिना रोकटोक के लिए शहर के अन्दर से आवागमन करते हैं। पुलिस का इन वाहनों पर किस तरह का नियंत्रण है यह बात समझ से परे हैं।

### बस स्टैण्ड में ऑटो रिक्शा का जमावड़ा

एक लम्बे अर्से से ऑटो रिक्शा चालकों के लिए भीड़-भाड़ से दूर पार्किंग स्टैण्ड बनाने की मांग की जा रही है। नगर परिषद् की बैठकों में भी कई बार यह मुद्दा उठा है। अधिकारियों ने चावड़ी क्षेत्र में पार्किंग स्टैण्ड बनाने का आश्वासन भी दिया लेकिन अभी तक इस योजना पर कोई काम नहीं किया गया। परिणामस्वरूप आज भी बीच बस स्टैण्ड ऑटो रिक्शा का जमावड़ा लगा रहता है। बस संचालकों को ऑटो रिक्शा की पार्किंग के कारण भारी परेशानी उठानी पड़ती है, उतनी ही अव्यवस्था का सामना यात्रियों को करना पड़ता है।

### अवैध पार्किंग से सड़कें सिमट रही

शहर के अन्दर मुख्य सड़कों एवं चौक-चौराहों पर वाहन पार्किंग का कोई पुख्ता बंदोबस्त नहीं होने से सड़कों के दोनों छोर में संचालित दुकानों के सामने दुपहिया वाहनों की लम्बी कतार लग जाती है। इससे सड़कें सिमटती है और फिर आवागमन के लिए रास्ता नहीं बचता है। अनावश्यक जाम लग जाता है। इस तरह का जाम आम राहगीरों के साथ-साथ छोटे वाहनों के चालकों के लिए सिरदर्द बन जाता है। कई बार सड़क दुर्घटनाएं सामने आती है। इसमें सुधार के लिए पार्किंग व्यवस्था प्राथमिकता से बनाई जानी चाहिए।

## महावीर इंटरनेशनल लामता द्वारा वन ग्राम कोटा (पादरीगंज) में कंबलों का वितरण किया गया



पद्मेश न्यूज। लामता। महावीर इंटरनेशनल लामता केंद्र के द्वारा *सब की सेवा सबको प्यार सेवा कार्यों की श्रृंखला में किया 40 कंबलों का वितरण वन ग्राम कोटा में किया गया ,लामता केंद्र के अध्यक्ष सुशील कोचर एवं सभी सदस्यों ने आज वन ग्राम कोटा पहुंच कर घने जंगलों के बीच गांव में ठंड से ठिठुरते हुए लोगों को कंबल ओढ़ाकर उन्हें ठंड से संरक्षण प्रदान किया। केंद्र के द्वारा इस कार्यक्रम का संयोजन वीर सोहन वैध एवं वीर सुशील अग्रवाल परिवार के तरफ किया गया ,इस कंबल वितरण कर ठंड से बचाना ही नहीं अपितु इससे समाज में सेवा, सहयोग और संवेदना की भावना को बढ़ावा देना है ताकि कोई भी ठंड से ना जूझे।

इस अवसर पर सुशील कोचर,वीर डी एल हिरेंद्रवार, प्रहलाद पारधी, अभिषेक गुप्ता, शत्रुघन ठाकरे,नितेश श्रीवास्तव,एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## बीएमसी चुनाव को लेकर महायुति गठबंधन ने जारी किया मेनिफेस्टो

मुंबई। बीजेपी-शिवसेना-आरपीआई (ए) महायुति गठबंधन ने मुंबई नगर निगम (बीएमसी) चुनाव के लिए अपना मेनिफेस्टो जारी कर दिया। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने घोषणापत्र में टेक्नोलॉजी-आधारित शासन, पारदर्शिता और नागरिक सुविधाओं में सुधार का वादा किया।

मुख्य बिंदुओं में बेस्ट बसों में महिलाओं को 50 प्रतिशत किराया छूट और शहर को एआई के जरिए बांग्लादेशी और रोहिंग्या प्रवासियों से मुक्त करने का वादा शामिल है। फडणवीस ने कहा कि गठबंधन पुरानी नागरिक समस्याओं को हल करने और नागरिकों तक सेवाएं सीधे पहुंचाने के लिए जापानी तकनीक और एआई-संचालित प्लेटफॉर्म का उपयोग करेगा।

घोषणापत्र में भ्रष्टाचार कम करने, बिल्डिंग अप्रूवल और सर्विस डिलीवरी में तेजी लाने के लिए एआई का इस्तेमाल करने पर जोर दिया गया है। नगर निगम स्कूलों में छात्रों को भविष्य के लिए तैयार कौशल सिखाने के लिए एआई लैब स्थापित करने का भी वादा किया गया है।

परिवहन सुधार के तहत, फडणवीस ने कहा कि बेस्ट बेड़े को 5,000 से बढ़ाकर 10,000 बसों तक लाया जाएगा, इलेक्ट्रिक वाहनों पर स्विच किया जाएगा और मेट्रो-रेलवे स्टेशनों के आसपास नई मिडी और मिनी बस सेवाओं से लास्ट-माइल कनेक्टिविटी में सुधार किया जाएगा।

जलवायु कार्य योजना के तहत 17,000 करोड़ रुपये का निवेश करके सर्कुलर अर्थव्यवस्था स्थापित करने और बाढ़ मुक्त मुंबई सुनिश्चित करने के लिए जापानी तकनीक और आईआईटी/वीजेटीआई संस्थानों के सहयोग से उपाय किए जाएंगे। धारावी पुनर्विकास परियोजना में छोटे व्यवसायों के अपग्रेडेशन और अयोग्य निवासियों को शामिल करने का भी वादा किया गया है।

यहां फडणवीस ने कहा, शहर ने नागरिक शासन में 25 साल की अक्षमता देखी है। अब हमें मौका दें कि हम पारदर्शिता और तकनीक के जरिए मुंबई को आधुनिक, सुरक्षित और स्मार्ट शहर बनाएं।

## राजा भोज क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-2 में जोश और उत्साह चरम पर, मुकाबलों में दिख रहा कांटे का संघर्ष




पद्मेश न्यूज। बालाघाट। जिले में खेल भावना को सशक्त करने और समाज को एक सूत्र में बांधने के उद्देश्य से वर्ष 2026 की शुरुआत से ही विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में पवार समाज द्वारा आयोजित राजा भोज क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-2 का भव्य आयोजन स्थानीय जाकपुर घाट स्थित खेल मैदान में किया जा रहा है, जहां प्रतिदिन रोमांचक मुकाबले दर्शकों को खेल का भरपूर आनंद दे रहे हैं। आयोजन समिति के अध्यक्ष मनोज भैरम ने जानकारी देते हुए बताया कि बीते वर्ष की अपार सफलता के बाद इस वर्ष भी राजा भोज क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ किया गया है। प्रतियोगिता का शुभारंभ 7 जनवरी को हुआ था, जो 18 जनवरी तक चलेगी। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में इस बार कुल 16 टीमों ने भाग लिया है, जिनके बीच प्रतिदिन मैच खेले जा रहे हैं।

### 11 जनवरी को खेले गए तीन रोमांचक मुकाबले

टूर्नामेंट के तहत 11 जनवरी को भी तीन रोचक मैच खेले गए। दिन के पहले मुकाबले में डॉक्टर इलेवन और डॉक्टर राज इलेवन के बीच जोरदार भिड़ंत देखने को मिली, जिसमें डॉक्टर इलेवन ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए जीत अपने नाम की। दूसरे मैच में वैनगंगा भाऊ इलेवन और विनर्स विक्की की टीमें आमने-सामने रहीं, जहां वैनगंगा भाऊ इलेवन ने संतुलित खेल का प्रदर्शन कर मुकाबला जीत लिया। तीसरे मुकाबले में सांसद इलेवन और शिव शक्ति बोरवेल के बीच संघर्ष हुआ, जिसमें सांसद इलेवन ने शानदार खेल दिखाते हुए विजय हासिल की।

### समापन की ओर बढ़ते ही, बढ़ रहा मुकाबलों का रोमांच

आयोजन समिति अध्यक्ष मनोज भैरम ने बताया कि जैसे-जैसे प्रतियोगिता अपने अंतिम चरण की ओर बढ़ रही है, वैसे-वैसे मुकाबलों में प्रतिस्पर्धा और रोमांच भी बढ़ता जा रहा है। खिलाड़ी पूरे जोश के साथ मैदान में उतर रहे हैं और दर्शकों को हर दिन नए-नए रोमांचक पल देखने को मिल रहे हैं। उन्होंने जिले के समस्त खेल प्रेमियों और समाजजनों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में क्रिकेट मैदान पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करें और इस खेल आयोजन को सफल बनाएं। राजा भोज क्रिकेट टूर्नामेंट न केवल स्थानीय खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर प्रदान कर रहा है, बल्कि सामाजिक समरसता, भाईचारे और खेल संस्कृति को भी मजबूती प्रदान कर रहा है।

## पश्चिम बंगाल में शुभेंदु अधिकारी के काफिले पर हमला, पुलिस चौकी में धरने पर बैठे भाजपा नेता

कोलकाता। पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी के काफिले पर शनिवार रात पश्चिम मेदिनीपुर के चंद्रकोना इलाके में हिंसक हमला हुआ। यह घटना उस समय हुई जब अधिकारी पुरुलिया में एक जनसभा को संबोधित करने के बाद अपने निर्वाचन क्षेत्र नंदीग्राम लौट रहे थे। आरोप है कि गरबेटा थाना क्षेत्र के चंद्रकोना रोड बाजार के पास तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के एक समूह ने उनके काफिले को रोक लिया और उन पर हमला कर दिया। इस घटना के बाद इलाके में भारी तनाव फैल गया और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

प्रत्यक्षदर्शियों और भाजपा कार्यकर्ताओं के अनुसार, रात करीब 8ः20 से 8ः30 बजे के बीच जब काफिला चौराहे पर पहुँचा, तो वहां पहले से मौजूद भीड़ ने रास्ता रोक लिया। भाजपा का आरोप है कि हमलावरों ने बांस की लाठियों और डंडों से शुभेंदु अधिकारी की गाड़ी पर प्रहार किया। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच जमकर नारेबाजी हुई और स्थिति झड़प में बदल गई। बताया जा रहा है कि यह हंगामा सड़क पर करीब एक घंटे तक चलता रहा। शुभेंदु अधिकारी ने दावा किया कि इस पूरी घटना के दौरान पुलिस मूकदर्शक बनी रही और उपद्रवियों को रोकने के लिए कोई ठोस हस्तक्षेप नहीं किया।




घटना से आक्रोशित शुभेंदु अधिकारी ने तत्काल कार्रवाई की मांग करते हुए चंद्रकोना रोड पुलिस चौकी के अंदर ही जमीन पर बैठकर धरना शुरू कर दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक हमले के दोषियों को गिरफ्तार नहीं किया जाता, वे पुलिस परिसर से बाहर नहीं निकलेंगे। उन्होंने अपने समर्थकों और एक वकील की मदद से पुलिस चौकी में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। अधिकारी ने सोशल मीडिया के माध्यम से आरोप लगाया कि यह हमला पूरी तरह सुनियोजित था और पुलिस की मौजूदगी में अंजाम दिया गया। उन्होंने इसे राज्य में गिरती कानून-व्यवस्था का प्रमाण बताया।

इस घटना पर राजनीतिक प्रतिक्रियाएं भी तेज हो गई हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए इसे लोकतंत्र पर प्रहार बताया है। नेताओं का कहना है कि पश्चिम बंगाल में विपक्षी नेताओं की सुरक्षा खतरे में है और पुलिस प्रशासन सत्ताधारी दल के एजेंट के रूप में काम कर रहा है। आरोप लगाया गया है कि मुख्यमंत्री के शासन में पुलिस तंत्र पूरी तरह अक्षम और पक्षपाती हो चुका है। दूसरी ओर, पुलिस सूत्रों का कहना है कि स्थिति को नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त बल तैनात कर दिया गया है और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है ताकि घटना की असलियत का पता लगाया जा सके। फिलहाल इलाके में भारी पुलिस बल की तैनाती है और मामला गर्माया हुआ है।

## देश के 8 राज्य शीतलहर की चपेट में, अलर्ट जारी कहा- अभी और बढ़ेगी ठंड, 17 तक राहत नहीं

नई दिल्ली। उत्तर और उत्तर-पश्चिम भारत के बड़े हिस्से में कड़ाके की ठंड, कोहरे और शीतलहर का कहर लगातार जारी है। बर्फीली हवाओं के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है, जबकि पर्वतीय राज्यों में पारा शून्य से नीचे बना हुआ है। मौसम विज्ञान केंद्र के ताजा पूर्वानुमान के अनुसार, आगामी 17 जनवरी तक उत्तर और पश्चिम भारत के राज्यों में शीतलहर और घने कोहरे की स्थिति बनी रहने की संभावना है। देश की राजधानी दिल्ली में शनिवार की सुबह इस सीजन की सबसे सर्द सुबह दर्ज की गई। गिरते तापमान और ठिठुरन को देखते हुए मौसम विभाग ने दिल्ली में अगले दो दिनों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। शनिवार रविवार रात को न्यूनतम तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई, जिससे पूरी राजधानी ठिठुरती नजर आई। आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में शनिवार को न्यूनतम तापमान महज 4.2 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 2.7 डिग्री कम है। पिछले महज चार दिनों के भीतर ही न्यूनतम तापमान में लगभग चार डिग्री की गिरावट आई है।

दिल्ली के साथ-साथ राजस्थान और बिहार के कई जिलों में कोल्ड डे (शीत दिवस) जैसी स्थिति बनी रही। पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, झारखंड और ओडिशा में भी शीतलहर ने लोगों को घरों में कैद रहने पर मजबूर कर दिया है। वहीं उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में पाला पड़ने से मुश्किलें और बढ़ गई हैं। पालम जैसे इलाकों में सुबह के वक्त दृश्यता का स्तर गिरकर मात्र 50 मीटर रह गया था, हालांकि दिन में धूप निकलने के बाद अधिकतम तापमान 20.2 डिग्री तक पहुंचा, जिससे मामूली राहत महसूस की गई। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, रविवार को पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, चंडीगढ़, पश्चिम बंगाल और सिक्किम में शीत दिवस की स्थिति रहने के आसार हैं।

पद्मेश न्यूज़
शहरनामा
12
बालाघाट एक्सप्रेस
/padmeshmedia /padmeshmedia
epaper.balaghatexpress.in
E-mail: balaghatexpress@gmail.com

## न्यूज गैलरी

### वारासिवनी से दीक्षा जैन का गोटेगांव तबादला

#### लांजी, वारासिवनी, किरनापुर और बिरसा में जनपद सीईओ स्थानांतरित

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** मध्य प्रदेश शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने अधिकारियों के स्थानांतरण की सूची जारी की है। जिसमें करीब 22 मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत और विकासखंड अधिकारियों को इधर से उधर किया गया है। इसमें लांजी जनपद पंचायत के विकासखंड अधिकारी रामगोपाल यादव का स्थानांतरण प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत वारासिवनी किया गया है, तो वही जनपद पंचायत वारासिवनी में पदस्थ अधिकारी सुश्री दीक्षा जैन का स्थानांतरण, जिला नरसिंहपुर गोटेगांव जनपद पंचायत किया गया है।इसके अलावा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पोषण संयंत्र देवास नितिन भट्ट का स्थानांतरण, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बिरसा किया गया है। तो वही मुख्य कार्यपालन अधिकारी पोषण आहार संयंत्र धार केके खेड़े का स्थानांतरण मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत किरनापुर किया गया है।

### कटंगी में अन्य राज्य से आयी 1 ट्रक धान जब्त

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** कटंगी एसडीएम केसी ठाकुर ने बताया कि नेहलेसरा चेक पोस्ट पर 11 जनवरी को वाहनों की जांच के दौरान अन्य राज्य से धान लेकर आ रहे 01 ट्रक को जब्त किया गया है। इस ट्रक को कटंगी थाने में पुलिस अभिरक्षा में खड़ा करा दिया गया है। इस धान को आयात करने वाले साकेत फूड्स एवं आनंद परबाईलिंग उद्योग के संचालक से कहा गया है कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी होने तक यह धान पुलिस अभिरक्षा में रखी जाएगी, ताकि इसका समर्थन मूल्य पर विक्रय किये जाने की संभावना न रहे।

### आज मुलना स्टेडियम में होगा सामूहिक सूर्य नमस्कार

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर 12 जनवरी को जिले में सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम मुलना स्टेडियम, बालाघाट में प्रातः 9ः00 बजे से आयोजित होगा, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, युवाओं एवं नागरिकों की सहभागिता अपेक्षित है। कार्यक्रम के सुव्यवस्थित एवं सफल संचालन हेतु कलेक्टर मृणाल मीना द्वारा संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित की गई है। कलेक्टर श्री मीना ने निर्देश दिए हैं कि सभी अधिकारी अपने-अपने सौंपे गए दायित्वों का जिम्मेदारी एवं समन्वय के साथ निर्वहन सुनिश्चित करें। प्रशासन द्वारा कार्यक्रम स्थल पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं, ताकि प्रतिभागियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। सामूहिक सूर्य नमस्कार के माध्यम से युवाओं में स्वस्थ जीवनशैली, अनुशासन और योग के प्रति जागरूकता का संदेश दिया जाएगा।

# जी-राम-जी योजना पर कांग्रेस बैकफुट पर-प्रहलाद सिंह पटेल

## आज एक दिन के प्रवास पर थे पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री

*सिटी रिपोर्टर।*
*पद्मेश न्यूज। बालाघाट।*

***बालाघाट प्रवास पर पहुंचे मंत्री प्रहलाद पटेल ने स्थानीय भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने जी-राम-जी योजना सहित केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं पर विस्तार से जानकारी दी। मंत्री पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है। सरकार द्वारा किए गए नवाचारों और सुधारों से जहां आम नागरिकों को सीधा लाभ मिल रहा है, वहीं कांग्रेस की नीतिगत जमीन कमजोर होती जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इन योजनाओं के कारण आम आदमी को राहत मिली है और शासन-प्रशासन की कार्यप्रणाली अधिक सरल व पारदर्शी बनी है। उन्होंने बताया कि ब्रिटिश शासनकाल के कई पुराने कानून, जो विवाद और जटिलताओं का कारण बनते थे, उनमें भी आवश्यक बदलाव किए गए हैं। इसके साथ ही विभिन्न वर्गों से जुड़े कानूनों में सुधार कर आमजन की समस्याओं को कम करने का प्रयास किया गया है। इन परिवर्तनों से जनता को न्यायिक और प्रशासनिक प्रक्रियाओं में सहूलियत मिली है। मंत्री पटेल ने कहा कि भले ही इन नवाचारों को लागू करने के शुरुआती दौर में सरकार को विरोध और आलोचनाओं का सामना करना पड़ा, लेकिन आज स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है। आम नागरिक इन योजनाओं और सुधारों से संतुष्ट हैं और उन्हें अपने दैनिक जीवन में इसका सकारात्मक प्रभाव महसूस हो रहा है।***



*स्थानीय भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में मंत्री प्रहलाद पटेल ने जी-राम-जी योजना को लेकर कांग्रेस पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नवाचारों के साथ लागू की जा रही नई योजनाएं, नियम और कानूनों से कांग्रेस पूरी तरह बैकफुट पर आ गई है और देश में एक बड़ा सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिल रहा है। मंत्री पटेल ने कहा कि पहले नरेगा योजना लागू थी, बाद में उसका नाम मनरेगा किया गया और अब उसे जी-राम-जी योजना के रूप में आगे बढ़ाया गया है। यह परिवर्तन पूरी तरह नवाचार के तहत किया गया है, लेकिन कांग्रेस इसे गलत तरीके से महात्मा गांधी से जोड़कर भ्रम फैलाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि भाजपा ने ही गांधी जयंती पर महात्मा गांधी को सच्चा सम्मान दिया है, जो कांग्रेस अपने लंबे शासनकाल में भी नहीं दे सकी। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस आज महात्मा गांधी के नाम का इस्तेमाल केवल राजनीति के लिए कर रही है। मंत्री पटेल ने कहा कि कांग्रेस को वास्तव में राम के नाम से आपत्ति है और वह राम के नाम पर संचालित किसी भी योजना को स्वीकार नहीं कर पा रही है। इसी कारण जी-राम-जी योजना को लेकर अनावश्यक राजनीति की जा रही है, जबकि सच्चाई यह है कि सरकार अब 100 दिन के स्थान पर 125 दिन का रोजगार उपलब्ध करा रही है, जिससे श्रमिकों को सीधा लाभ मिल रहा है। मंत्री ने कहा कि पहले भी श्रमिकों को काम की गारंटी थी और आज भी वही गारंटी पूरी मजबूती के साथ दी जा रही है। योजनाओं के मूल उद्देश्य में कोई कटौती नहीं की गई है, बल्कि उन्हें और अधिक सशक्त बनाया गया है। जी-राम-जी योजना में पारदर्शिता को प्राथमिकता दी गई है, जिसके तहत अब श्रमिकों को काम के दौरान अपने अंगूठे का स्कैन कराना होगा। इससे कोई भी व्यक्ति दूसरे के नाम पर काम नहीं कर सकेगा और न ही किसी अन्य के नाम पर राशि निकाली जा सकेगी। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था से भ्रष्टाचार पर प्रभावी अंकुश लगेंगा और योजना पूरी तरह पारदर्शी बनी है। मंत्री पटेल ने आरोप लगाया कि कांग्रेस वर्षों तक भ्रष्टाचार खत्म करने की बात करती रही, लेकिन कभी इसके लिए साहस नहीं जुटा सकी। यह साहस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिखाया है, जिन्होंने ठोस निर्णय लेकर व्यवस्था में सुधार किया है। प्रेस वार्ता में मंत्री ने दोहराया कि जी-राम-जी योजना से किसी को कोई परेशानी नहीं है, बल्कि इससे श्रमिकों को अधिक अवसर, सुरक्षा और पारदर्शिता मिली है, और यही कारण है कि आमजन इन नवाचारों से संतुष्ट है।*

### किसी ने रोजगार नहीं मांगा, इसलिए नहीं मिला

*प्रेस वार्ता के दौरान जब मंत्री प्रहलाद पटेल से यह सवाल किया गया कि जब कई स्थानों पर श्रमिकों को 100 दिन का रोजगार भी नहीं मिल पा रहा है, तो भाजपा सरकार 125 दिन का रोजगार कैसे दे पाएगी, इस पर उन्होंने स्पष्ट किया कि यह योजना मांग आधारित है। मंत्री पटेल ने कहा कि जिन श्रमिकों ने 100 दिन का काम नहीं मांगा, उन्हें 100 दिन का रोजगार नहीं मिला, जबकि जिन्होंने विधिवत मांग की है, उन्हें पूरा 100 दिन का रोजगार दिया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से काम देने में कोई भेदभाव नहीं है, बल्कि यह पूरी तरह श्रमिकों की मांग पर निर्भर करता है।*

### इंदौर घटना पर नही बोले मंत्री प्रहलाद पटेल

*प्रेस वार्ता के दौरान जब मंत्री प्रहलाद पटेल से इंदौर में दूषित पानी पीने से हुई मौतों को लेकर सवाल किया गया, तो उन्होंने इस विषय पर सीधे तौर पर कुछ भी कहने से परहेज किया। मंत्री ने सवाल को टालते हुए चर्चा की दिशा बदल दी और अंततः धन्यवाद ज्ञापित कर इंदौर की घटना पर कोई प्रतिक्रिया दिए बिना ही आगे बढ़ गए।*

### अधिक मात्रा में किसानों का धान तौले जाने पर 3 केंद्रो के प्रभारियों पर रिपोर्ट दर्ज करने के निर्देश

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के दौरान किसानों से निर्धारित मात्रा से अधिक धान की तौल करने के कारण कलेक्टर मृणाल मीना ने उनके विरूद्ध थाने में एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए है। इनमें धान उपार्जन केंद्र सेवती, मजगांव एवं बोदा केंद्र के उपार्जन प्रभारी शामिल है। जिला आपूर्ति अधिकारी आरके ठाकुर ने बताया कि किरनापुर विकासखंड के अंतर्गत उपार्जन केंद्र सेवती, परसवाडा विकासखंड के उपार्जन केंद्र मजगांव एवं बोदा के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि किसानों से अधिकांश बोरियों में 800 ग्राम तक अधिक धान की तौल की गई है। इन केंद्रो की जांच के दौरान पोर्टल पर दर्ज खरीदी की मात्रा और केंद्र पर उपलब्ध बोरियों की संख्या के आधार पर धान की अतिरिक्त मात्रा पायी गई है। जिस पर सेवती केंद्र के प्रभारी दामोदर पांचे, मजगांव केंद्र के प्रभारी सुनिल चौधरी एवं बोदा केंद्र के प्रभारी ओमकार एड़े के विरूद्ध थाने में एफआईआर दर्ज करने के निर्देश संबंधित कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी को दिये गए है।

# एंबुलेंस की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार युवक व महिला घायल

## मिताली हॉस्पिटल के सामने हुआ सड़क हादसा, घायलों का इलाज जारी

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** बालाघाट-गोंदिया रोड स्थित नगर के मिताली हॉस्पिटल के सामने शुक्रवार दोपहर एक तेज रफ्तार एंबुलेंस की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार युवक एवं उसकी बुआ गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में घायल युवक अभिषेक पिता बालचंद चौधरी 17 वर्ष ग्राम कुंडा मोहगांव थाना हट्टा निवासी को जिला अस्पताल बालाघाट में भर्ती कराया गया है, जबकि घायल महिला प्रमिला पति पन्नालाल राहंगडाले 45 वर्ष ग्राम लिमदेवाड़ा निवासी का इलाज मिताली हॉस्पिटल में जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक अभिषेक वह कक्षा 12वीं का छात्र है और उसके माता-पिता खेती-किसानी का कार्य करते हैं। वहीं घायल महिला प्रमिला राहंगडाले अभिषेक की बुआ हैं।बताया गया कि 11 जनवरी को दोपहर करीब 12 बजे अभिषेक अपनी बुआ प्रमिला राहंगडाले को मोटरसाइकिल से लेकर कुंडा मोहगांव से बालाघाट स्थित मिताली हॉस्पिटल किसी रिश्तेदार से मिलने आ रहा था। उनके पीछे परिवार के अन्य सदस्य भी अलग मोटरसाइकिलों से आ रहे थे। जैसे ही अभिषेकचौधरी हनुमान चौक से अंबेडकर चौक की ओर बढ़ा और मिताली हॉस्पिटल के सामने पहुंचा, तभी अंबेडकर चौक की



ओर से तेज गति से आ रही एक एंबुलेंस ने उसकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि अभिषेक चौधरीऔर उसकी बुआ प्रमिला राहंगडाले मोटरसाइकिल सहित सड़क पर गिर पड़े और दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायल महिला प्रमिला राहंगडाले को तत्काल मिताली हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जबकि घायल अभिषेक चौधरी को जिला अस्पताल बालाघाट पहुंचाया गया।घटना की सूचना मिलने पर जिला अस्पताल पुलिस चौकी के प्रधान आरक्षक बारेलाल पांचे ने अस्पताल पहुंचकर घायल अभिषेक चौधरी का बयान दर्ज किया तथा प्रारंभिक कार्रवाई करते हुए अस्पताल तहरीर अग्रिम जांच हेतु कोतवाली थाना भेज दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**पैसा ठीक होने के बाद देना**
शादी से पहले एवं शादी के बाद
उम्र की अधिकता से कमजोर सेक्स, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, लिंग का छोटापन, टेडापन, निःसंतान, शुक्राणुओं की कमी, शुगर से आयी कमजोरी आदि सभी सेक्स समस्याओं का शर्तिया ईलाज किया जाता है।
**पता-जगजीवन आयुर्वेदिक दवाखाना**
गुरूनानक पेट्रोल पंप के सामने समाजवाड़ी रोड, बालाघाट, मो. 9243880464







स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.9, गुजरी चौक, बालाघाट (म.प्र.) से मुद्रित कराकर दैनिक बालाघाट एक्सप्रेस कार्यालय, काली पुतली चौक, बालाघाट(म.प्र.) से प्रकाशित, **प्रधान संपादक : उमेश बागरेचा**, मो.नं. :9425138710,
**स्थानीय संपादक : डॉ. विपिन बिहारी शांडिल्य**, ई-मेल- balaghatexpress@gmail.com पंजीयन क्रं. MPHIN/2009/32311, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट